**सुविचार**
सोच का ही फर्क होता है, वरना समस्याएं आपको कमजोर नही बल्कि मजबूत बनाने आती हैं

Daily
THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
Published from Ranchi

Ranchi ● Saturday, 19 August 2023 ● Year : 01 ● Issue : 213 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : 3 ● www.thephotonnews.com E-Paper : epaper.thephotonnews.com


08
वरुण धवन के साथ एटली की फिल्म...

**SHARE**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | : | 64,948.66 |
| निफ्टी | : | 19,310.15 |

**SARAFA**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,545 |
| चांदी | : | 76.70 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

**BRIEF NEWS**

### वन विभाग का क्लर्क और कंप्यूटर ऑपरेटर घूस लेते गिरफ्तार

**KODERMA :** वन प्रमंडल कार्यालय के दो कर्मियों को एंटी करप्शन ब्यूरो हजारीबाग की टीम ने शुक्रवार को रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। हालांकि, इन कर्मियों के पास से नकदी रुपये बरामद नहीं हुए लेकिन हाथ में रंग उभरा है। एसीबी की टीम गिरफ्तार दोनों कर्मियों को कोडरमा में गुप्त ठिकाने पर ले जाकर पूछताछ कर रही है। जानकारी के अनुसार जिन दो लोगों को एसीबी ने गिरफ्तार किया है, उनमें क्लर्क नीरव सिंह और कंप्यूटर ऑपरेटर ललन मिश्रा का नाम सामने आया है। आरोपितों ने खदान लीज का एनओसी देने के बदले पीड़ित से पैसे की मांग की थी। हालांकि, कितनी रकम मांगी गई थी, इस बात का खुलासा नहीं हुआ है।

### बिहार के छात्र ने कोटा में की आत्महत्या

**KOTA :** कोटा से खुदकुशी करने का एक मामला और सामने आया जिसने लोगों की चिंता बढ़ा दी है. बिहार के गया जिले के एक 18 वर्षीय छात्र ने किराए के कमरे में कथित तौर पर आत्महत्या कर ली. पीड़ित छात्र आईआईटी-जेईई परीक्षा की तैयारी कर रहा था. पुलिस ने इस बाबत जानकारी दी है. कोचिंग करने वाले छात्रों द्वारा कथित तौर पर आत्महत्या किए जाने का यह इस माह चौथा मामला है जिससे प्रदेश के सीएम अशोक गहलोत भी चिंतित हैं. राजस्थान के सीएम अशोक गहलोत ने कहा कि कोटा में लगभग 18 से 20 छात्रों की आत्महत्या से मौत हो चुकी है और इसलिए छात्रों की समस्याओं को समझना महत्वपूर्ण है. कोचिंग प्रबंधन प्रमुखों को एक बैठक के लिए बुलाया गया है और इस पर चर्चा की जाएगी कि क्या करने की जरूरत है जिससे इस तरह की घटना ना हो. बजाया जा रहा है कि बिहार के छात्र द्वारा कथित तौर पर आत्महत्या करने की जानकारी मंगलवार रात को मिली. पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे न्यू मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल के मुर्दाघर में रखा है. छात्र के अभिभावकों के आने के बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा जाएगा. मृतक छात्र की पहचान वाल्मीकि प्रसाद के तौर पर की गयी है. वह एक कोचिंग संस्थान में पिछले अकादमिक सत्र से आईआईटी-जेईई प्रवेश परीक्षा की तैयारी कर रहा था और महावीर नगर इलाके में एक कमरे में पेइंग गेस्ट के तौर पर रह रहा था।

### मलियाना नरसंहार : 68 लोगों की हत्या, 36 साल बाद आरोपी बरी

**LUCKNOW :** 23 मई, 1987 को, मेरठ के बाहरी इलाके में स्थित मलियाना गांव में 68 मुसलमानों की हत्या के बाद कई परिवार वहां से चले गए . इस घटना से प्रभावित कुछ लोगों ने धीमी चली अदालती लड़ाई लड़ते हुए वहीं रहने का विकल्प चुना . हालांकि यह लड़ाई पिछले हफ्ते 'एक सदमा' के साथ खत्म हो गई. मलियाना में 68 लोगों की हत्या के मामले में 36 साल बाद सभी आरोपी बरी होने पर यहां के निवासियों का एक ही सवाल है, बरी हुए आरोपी निर्दोष हैं तो फिर उनके परिवारों को किसने मारा? हालांकि जीवित बचे लोगों ने फैसले के खिलाफ उच्च न्यायालय में अपील दायर करने का संकल्प लिया है।

# लालू के सामने जेल जाने का खतरा, नजरें सुप्रीम कोर्ट पर

## जमानत रद्द कराने शीर्ष अदालत पहुंची सीबीआई, सुनवाई 25 को

**AGENCY NEW DELHI :** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता और पूर्व सांसद (सांसद) प्रभुनाथ सिंह को 1995 के दोहरे हत्याकांड मामले में दोषी ठहराया। देश की शीर्ष अदालत ने हाईकोर्ट के उनकी बरी के फैसले को पलट दिया। सिंह हत्या के एक अन्य मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहा है। 2017 में एक ट्रायल कोर्ट ने उन्हें विधायक अशोक सिंह की 1995 की हत्या के मामले में दोषी पाया गया था, जिन्होंने 1995 के बिहार विधानसभा चुनाव में प्रभुनाथ सिंह को हराया था।

प्रभुनाथ सिंह ने उन्हें चुनाव के 90 दिनों के अंदर खत्म करने की धमकी दी थी। न्यायमूर्ति संजय किशन कौल, न्यायमूर्ति एएस ओका और न्यायमूर्ति विक्रम नाथ की पीठ ने दोहरे हत्याकांड मामले में जनता दल (यूनाइटेड) या जद (यू) के तीन बार के सदस्य और महाराजगंज से एक बार के राजद सांसद प्रभुनाथ सिंह को दोषी ठहराया। यह दिखाने के लिए सबूत हैं कि उसने मार्च 1995 में छपरा में एक मतदान केंद्र के पास 18 वर्षीय राजेंद्र राय और 47 वर्षीय दरोगा राय की हत्या कर दी थी। दोनों की गोली मारकर हत्या कर दी गई क्योंकि उन्होंने सिंह के सुझाव के अनुसार मतदान नहीं किया था। मारे गए लोगों के परिजनों द्वारा गवाहों को धमकाने और प्रभावित करने का आरोप लगाने के बाद पटना उच्च न्यायालय ने मामले को छपरा से स्थानांतरित कर दिया। दिसंबर 2008 में पटना की एक अदालत ने सबूतों की कमी का हवाला देते हुए प्रभुनाथ सिंह को बरी कर दिया। पटना उच्च न्यायालय ने 2012 में बरी करने के फैसले को बरकरार रखा। राजेंद्र राय के भाई ने बरी किए जाने को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी। जस्टिस नाथ ने फैसले के ऑपरेटिव भाग को पढ़ते हुए कहा, हमने पटना उच्च न्यायालय के आदेश को रद्द कर दिया और प्रतिवादी नंबर 2...प्रभुनाथ सिंह को दरोगा राय और राजेंद्र राय की हत्या के लिए धारा 302 (हत्या) के तहत दोषी ठहराया। हम बिहार के गृह सचिव और राज्य के पुलिस महानिदेशक को प्रभुनाथ सिंह को गिरफ्तार करने और सजा के तर्क पर सुनवाई की अगली तारीख पर हिरासत में इस अदालत के समक्ष पेश करने का निर्देश देते हैं।

### पटना में लालू यादव से मिलने पहुंचे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार



**PATNA :** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शुक्रवार को अचानक राबड़ी आवास पहुंचे। यहां पर उन्होंने आरजेडी सुप्रीमो लालू यादव से मुलाकात की। दोनों नेताओं की मुलाकात के दौरान डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव भी मौजूद रहे। थोड़ी देर दोनों नेताओं के बीच बात हुई, उसके बाद नीतीश कुमार सीएम आवास के लिए रवाना हो गए। दूसरी ओर 31 अगस्त और एक सितंबर को कठ.ऊकअ की बैठक होनी है। बैठक से पहले लालू यादव की जमानत रद्द करने के मामले में सुप्रीम कोर्ट में अहम सुनवाई है। अगर लालू यादव की जमानत रद्द हो जाती है तो मुंबई में होने वाली बैठक पर इसका असर पड़ना तय है।

### चंद्रयान 3 की निगाहों से कैसे नजर आ रहे चंदा मामा, इसरो ने शेयर की वीडियो

**EW DELHI :** इसरो ने चंद्रमा का नया वीडियो शेयर किया है। यह वीडियो चंद्रयान-3 द्वारा जारी किया गया है। इसे चंद्रयान 3 के विक्रम लैंडर के एलपीडीसी द्वारा कैप्चर किया गया है। उस वक्त यह अपने प्रोपल्शन मॉड्यूल से जुड़ा हुआ था। एलपीडीसी चंद्रयान 3 लैंडर के साथ जुड़े आठ सेंसरों में से एक है। इसरो के ट्वीट के मुताबिक लैंडर पोजिशन डिटेक्शन कैमरा ने यह वीडियो 15 अगस्त 2023 को लिया है। इस वीडियो में चंद्रमा के क्रेटर का दृश्य दिखाई दे रहा है। इसके अलावा लैंडर इमेजर (एलआई) कैमरा -1 ने एक अन्य वीडियो कैप्चर किया है। इस वीडियो में छोटे रूप में धरती की एक झलक दिखाई दे रही है। गौरतलब है कि इसरो ने जानकारी दी है कि चंद्रयान-3 के लैंडर मॉड्यूल (एलएम) की स्थिति सामान्य है। इसके मुताबिक चंद्रयान-3 के लैंडर मॉड्यूल की 'डिबूस्टिंग' प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी हो चुकी है। इसके साथ ही यान चंद्रमा के और करीब पहुंच चुका है।

# मुख्यमंत्री ने 10020 को दिया ऑफर लेटर

## सहायक पुलिस कर्मियों को दो साल का एक्सटेंशन, हेमंत सोरेन ने की घोषणा



**PHOTON NEWS CHAIBASA :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य के सहायक पुलिस कर्मियों को दो साल की अवधि विस्तार देने की घोषणा की। सीएम ने चाईबासा में आयोजित प्रमंडलीय रोजगार मेले में ऑफर लेटर वितरण समारोह को संबोधित करने के दौरान इस बात की घोषणा की। कहा कि सहायक पुलिस कर्मियों के भविष्य को लेकर सरकार चिंतित है और इस दिशा में जल्द ठोस निर्णय लिए जाएंगे। राज्य की सवा तीन करोड़ की आबादी की सेवा करने का सरकार ने संकल्प ले रखा है। इस दिशा में काफी कम समय में हमने कई ऐसे निर्णय लिए हैं, जो राज्य को आगे बढ़ा रहे हैं। जन कल्याण से जुड़ी योजनाएं अब धरातल पर उतर रही है और उसका असर भी दिख रहा है।

**चारों ओर से रोजगार के दरवाजे खुल चुके हैं :** मुख्यमंत्री ने कहा कि आज राज्य में चारों ओर से रोजगार के दरवाजे खुल चुके हैं। इस कड़ी में पढ़े-लिखे एवं कम पढ़े- लिखे तथा निरक्षर लोगों के लिए रोजगार की कई योजनाएं चल रही हैं। वहीं, जो स्वरोजगार के इच्छुक हैं, उन्हें मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत आर्थिक मदद कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि हम सिर्फ युवाओं को रोजगार नहीं दे रहे हैं, बल्कि उन्हें प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी के साथ-साथ मेडिकल, इंजीनियरिंग और लॉ जैसे कोर्सेज करने के लिए सरकारी मदद भी कर रहे हैं।

# बरकट्ठा में पुलिस व ग्रामीणों में भिड़ंत, दर्जनों घायल, तोड़फोड़

## आरोपी को पकड़ने गयी पुलिस को देख भड़के लोग

**PHOTON NEWS HAZARIBAGH :** हजारीबाग जिला अंतर्गत बरकट्ठा के कोनहराकला गांव में बरकट्ठा थाना पुलिस और ग्रामीणों के बीच हुई झड़प में दर्जनों पुलिस कर्मी घायल हो गये हैं। बताया गया कि गुरुवार की रात बरकट्ठा थाना प्रभारी दिनेश कुमार दल-बल के साथ एक आरोपी को पकड़ने कोनहराकला गांव गये थे। इसी बीच पुलिस और ग्रामीणों के बीच झड़प हो गई। जिसमें थाना प्रभारी समेत 14 पुलिस कर्मी घायल हो गये।


पुलिस के साथ झड़प करते ग्रामीण।

**क्या है मामला :** बरकट्ठा थाना कांड संख्या 124/23 और 136/23 के प्राथमिक अभियुक्त ग्राम कोनहराकला निवासी ताज अंसारी पिता इसराइल अंसारी को बरकट्ठा थाना पुलिस गुरुवार की देर रात गिरफ्तार करने पहुंची थी। उस वक्त घर पर ताज अंसारी की पत्नी सहजादी प्रवीण और उसका एक बच्चा ही था। पुलिस ने घर का दरवाजा खुलवाने कि कोशिश के बाद नहीं खुलने पर छत के रास्ते आंगन में प्रवेश किया। जिसके बाद कमरे को धक्का मारकर जबरन खोलकर देखा, तो आरोपी घर पर नहीं था।

**घटना का कारण :** सहजादी प्रवीण का आरोप है की पुलिस ने ताज अंसारी को घर में नही पाकर एक कमरे में लगे ताले को तोड़कर अंदर घुस गई। सहजादी ने बताया की रोकटोक करने पर पुलिस ने मेरे साथ बदसलूकी करते हुए मेरे कपड़े को फाड़कर मुझे अर्ध्यनग्न कर दिया। जिसकी जानकारी लगते ही ग्रामीण पुलिस के खिलाफ आक्रोशित हो गये।

### उत्तराखंड में अतिवृष्टि से अब तक 77 की मौत, 46 घायल

**DEHRADUN :** उत्तराखंड में अतिवृष्टि से अब तक 77 लोगों को जान गंवानी पड़ी है और 46 लोग घायल हुए हैं, जबकि 19 लोग लापता हैं। पर्वतीय जनपदों में भूस्खलन और पहाड़ चटकने से आवागमन में लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा। राज्य में एक बॉर्डर मार्ग सहित 202 सड़कें अवरुद्ध हैं जिन्हें खोलने का कार्य जारी है। मौसम विभाग ने राज्य में 22 अगस्त तक के लिए बारिश को लेकर येलो और ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। राज्य आपदा परिचालन केन्द्र के अनुसार राज्य में वर्षा काल में 15 जून से अब तक 12 जिलों में कुल 77 लोगों की मौत हुई है। इनमें सबसे अधिक रुद्रप्रयाग जिले में 19, उधमसिंह नगर, पौड़ी, चमोली, उत्तरकाशी में 08-08, देहरादून, हरिद्वार में 06-06, टिहरी 05, नैनीताल, पिथौरागढ़ में 03-03, बागेश्वर में 02 और चंपावत में एक की मौत शामिल है।

# अररिया में पत्रकार की गोली मारकर हत्या, बिहार में उबाल

## भाजपा नेताओं ने राज्य में जंगल राज्य रिटर्न बताया

**AGENCY ARARIA :** बिहार के अररिया जिले में अपराधियों ने घर से बुलाकर पत्रकार की सीने में गोली मारकर हत्या कर दी। इसके बाद चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दुख जताया है। सीएम ने कहा है कि यह एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। साथ ही मुख्यमंत्री ने इस घटना को लेकर अधिकारियों से इस पर गौर करने को कहा है। सीएम ने कार्रवाई का आदेश दिया है। पत्रकार की हत्या के बाद उनके परिजनों के बीच कोहराम मचा है।

**हत्या के बाद अपराधी फरार :** जिले के रानीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत


रोते परिजन व पत्रकार की फाइल फोटो।

प्रेम नगर साधु आश्रम वार्ड संख्या पांच में शुक्रवार के अहले सुबह अज्ञात अपराधियों ने घर से बुलाकर पत्रकार विमल यादव उर्फ पप्पू को सीने में गोली मार दी। गोली की आवाज सुनते ही आस-पास के ग्रामीण पहुंच गए, जिसको देखते ही अपराधी भाग खड़े हुए। वहीं, विमल यादव उर्फ पप्पू गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे परिजनों के सहयोग से आनन-फानन में रानीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**अपराधियों ने सीने में गोली मारकर की पत्रकार की हत्या :** घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे अररिया एसडीओ शैलेश चंद्र दिवाकर व एसडीपीओ राम पुकार सिंह सहित रानीगंज थाना पुलिस मृत पत्रकार विमल यादव उर्फ पप्पू के शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल अररिया भेज दिया और घटना की जांच में जुट गई। वहीं स्थानीय लोगों ने बताया कि विमल यादव के भाई को भी गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

# जमीन विवाद में हिंसक झड़प, 16 लोग घायल

## गिरिडीह की घटना, 4 की हालत गंभीर

**PHOTON NEWS GIRIDIH :** जिले के भेलवाघाटी थाना इलाके के नोनियातुरी गांव में शुक्रवार दोपहर जमीन विवाद में दो पक्षों में हुई हिंसक झड़प में 16 लोग जख्मी हो गए। इसमें चार घायलों की हालत नाजुक है। चारों को रेफर किया गया है।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, विवादित जमीन पर एक पक्ष से राहुल साहू ने कोर्ट में केस चलने के बाद भी घर बनाना शुरू कर दिया। इसी बात का विरोध जब श्याम सुंदर साहू ने किया, तो दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। एक-दूसरे पर तलवार और रॉड से हमला कर दिया। इसमें श्याम सुंदर साहू और उसके परिवार के रामजी साहू, पोखन साहू, नकुल साहू, जमुनी देवी, ममता देवी, संजू देवी, ललिता देवी, सोनी देवी घायल हो गई। दूसरे पक्ष से विजय साहू, राहुल साहू, किशोर साहू, मुकेश साहू, शीला देवी, पूनम देवी, सीता देवी घायल हो गई।

घटना की जानकारी मिलते ही भेलवाघाटी थाना प्रभारी अवधेश सिंह पुलिस जवानों के साथ घटनास्थल पहुंचे और मामला शांत कराया। साथ ही घायलों को देवरी के स्वास्थ्य केंद्र भेजा। चार लोग गंभीर रूप से जख्मी हैं, जिन्हें रेफर किया गया है।

### लश्कर आतंकी के सहयोगी पर पीएसए के तहत मामला दर्ज

**BANDIPORA :** प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के एक आतंकवादी सहयोगी पर देश विरोधी गतिविधियों में लगातार शामिल रहने के लिए बांदीपोरा जिले में सार्वजनिक सुरक्षा अधिनियम (पीएसए) के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि मकसूद अहमद मलिक को सेंट्रल जेल कोटभलवाल, जम्मू में रखा गया है। सार्वजनिक सुरक्षा अधिनियम (पीएसए), 1978 एक प्रशासनिक हिरासत कानून है, जो किसी भी व्यक्ति को बिना किसी मुकदमे या आरोप के दो साल तक हिरासत में रखने की अनुमति देता है।

# डॉक्टर बता 22 महिलाओं के लूट लिए दिल

## शादी के नाम पर दिया धोखा, 4.5 करोड़ की दौलत पर साफ किया हाथ

**AGENCY AHMADABAD :** एक 'दिल के डॉक्टर' ने शादी के नाम पर 22 महिलाओं को धोखा दिया। महिलाओं का भरोसा जीत कर आरोपी ने साढ़े चार करोड़ रुपए से अधिक की ठगी की। जी हां... दरअसल, खुद को डॉक्टर बताने वाला आरोपी एक ठग निकला। ठग शादी की आड़ में कई महिलाओं को अपने प्रेम जाल में फंसाया। वो अपना पता ब्रिटेन बताया करता था। अहमदाबाद की एक महिला डॉक्टर को जब लगा कि उनके साथ ठगी हो गई है तब उन्होंने पुलिस को अपनी पूरी कहानी सुनाई। जांच में जो सामने आया वो हैरान कर देने वाला है।

**खुद को बताता था दिल का डॉक्टर :** अहमदाबाद की महिला डॉक्टर ने बताया कि एक मैट्रिमोनियल साइट पर उनका परिचय डॉक्टर दिलीप कुमार से हुआ। दिलीप ने खुद को हृदय रोग विशेषज्ञ बताया। दोनों की बातचीत होने लगी। महिला डॉक्टर को दिलीप पर भरोसा हो गया। दोनों ने शादी का प्लान बनाया। एक दिन मेडिकल इमरजेंसी के नाम पर दिलीप ने महिला डॉक्टर से 18 लाख रुपए मांगे। जैसे ही महिला ने पैसे भेजे वैसे ही दिलीप गायब हो गया। इसके बाद महिला पुलिस के पास पहुंची।

**कई महिलाओं को बनाया शिकार :** पुलिस जांच में यह खुलासा हुआ कि 22 से अधिक महिलाओं को आरोपी ने अपना शिकार बनाया। नकली दिल के डॉक्टर ने अपना फेक अकाउंट बना रखा था। महिलाओं को टारगेट करने के लिए वो मैट्रिमोनियल साइट का इस्तेमाल करता था। टीओआई की एक रिपोर्ट के मुताबिक, आरोपी 30 से 40 साल के बीच की महिलाओं को अपना शिकार बनाता था। वो पहले उनसे दोस्ती करता, फिर शादी करने की बात करता। मीठी-मीठी बातें कर के, खुद को ब्रिटेन में रहने वाला डॉक्टर बता के, वो महिलाओं का भरोसा जीत जाता था। महिलाएं उससे शादी करने का ख्वाब देखने लगतीं। और फिर शुरू होता ठगी और धोखे का खेल। इमरजेंसी के नाम पर वो उनसे लाखों रुपए मांगता, महंगे गिफ्ट की डिमांड करता। और महिलाओं को ठगने के बाद वो छू-मंतर हो जाता। ऐसे करके आरोपी ने साढ़े चार करोड़ रुपए से अधिक की ठगी की।

**उत्तर प्रदेश कांग्रेस के नये अध्यक्ष का ऐलान-वाराणसी से प्रियंका लड़ेंगी तो जान लगा देंगे**

# अमेठी से ही लड़ेंगे राहुल, यूपी में फोड़ा सियासी बम

**AGENCY NEW DELHI :** यूपी कांग्रेस के नए अध्यक्ष अजय राय ने शुक्रवार को दावा किया कि राहुल गांधी अमेठी से ही लोकसभा का चुनाव लड़ेंगे। यही नहीं, उन्होंने प्रियंका गांधी के वाराणसी से चुनाव लड़ने की चर्चा पर कह दिया कि कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता उनके लिए जान लड़ा देगा।

प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार अपने गृह जिले वाराणसी पहुंचे अजय राय का एयरपोर्ट पर भव्य स्वागत किया गया। पूरे पूर्वांचल से कांग्रेस कार्यकर्ता और नेता एयरपोर्ट पहुंचे थे। अगले लोकसभा चुनाव में अमेठी में स्मृति ईरानी के खिलाफ कांग्रेस कैंडिडेट के सवाल


राहुल गांधी की फाइल फोटो।


प्रियंका गांधी की फाइल फोटो।

पर अजय राय ने कहा कि राहुल गांधी ही वहां से लड़ेंगे। स्मृति ईरानी पर हमला करते हुए कहा कि वह 13 रुपए में चीनी दिला रही थीं। कहां है 13 रुपए वाली चीनी। अजय राय ने प्रियंका गांधी के वाराणसी से चुनाव लड़ने की चर्चा पर कहा कि अगर वह आती हैं तो एक-एक कांग्रेस कार्यकर्ता अपनी जान लड़ा देगा।

अजय राय ने कहा कि मैं राहुल गांधी का सिपाही हूं। अगला लोकसभा चुनाव कांग्रेस डंके की चोट पर जीतेगी। राहुल गांधी का संदेश घर-घर पहुंचाया जाएगा। उन्होंने केरल से कश्मीर तक पदयात्रा करके सकारात्मक माहौल बनाया है। अमेठी से बिल्कुल राहुल गांधी ही चुनाव लड़ेंगे। अमेठी के लोग भी आज यहां आए हैं। अजय राय ने कहा कि स्मृति ईरानी कहती थीं कि कमल का बटन दबाइए आपको 13 रुपए में चीनी मिलेगी। आखिर कहां है 13 रुपए की चीनी।

गौरतलब है कि राहुल गांधी ने पिछली बार भी अमेठी से ही चुनाव लड़ा था। उन्हें स्मृति ईरानी के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। हालांकि राहुल गांधी को इस हार की पहले से शायद आशंका थी। इसलिए ही उन्होंने केरल की वायनाड सीट से भी नामांकन दाखिल किया था।

### ब्रिक्स सम्मेलन में भाग लेने दक्षिण अफ्रीका जायेंगे प्रधानमंत्री

**NEW DELHI :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 15वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए दो दिवसीय (22-24 अगस्त) यात्रा पर जोहान्सबर्ग (दक्षिण अफ्रीका) जायेंगे। 2019 के बाद पहला मौका होगा जब ब्रिक्स नेता व्यक्तिगत तौर पर सम्मेलन में भाग लेंगे। इसके बाद 25 अगस्त को प्रधानमंत्री ग्रीस का आधिकारिक दौरा करेंगे। विदेश मंत्रालय के अनुसार शिखर सम्मेलन समूह की ओर से शुरू की गई पहलों की प्रगति की समीक्षा और भविष्य की गतिविधियों के लिए नए क्षेत्रों की पहचान करने का अवसर प्रदान करेगा। ब्रिक्स में भारत के अलावा चीन, दक्षिण अफ्रीका, रूस और ब्राजील हैं।

# कर्नाटक में भाजपा को झटका देने में जुटी कांग्रेस

## विधायकों को तोड़ने की रणनीति

**AGENCY KARNATAKA :** कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के मुकाबले हार झेलनी वाली भाजपा को राज्य में कुछ और झटके लग सकते हैं। सूबे के राजनीतिक हलकों में चर्चा है कि अगले कुछ दिनों में भाजपा के कई विधायक कांग्रेस खेमे में जा सकते हैं। इसे लेकर कांग्रेस में काफी उत्साह है क्योंकि अगले साल लोकसभा चुनाव होने वाले हैं और उससे पहले बेंगलुरु नगर निगम के भी चुनाव हैं। पाला बदलने को तैयार विधायकों में से ज्यादातर ऐसे हैं, जो 2019 में कांग्रेस से ही टूटकर भाजपा में गए थे। इसके चलते कांग्रेस और जेडीएस के गठबंधन वाली सरकार ही गिर गई थी।

कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि इन विधायकों को पार्टी चरणबद्ध तरीके से लेगी ताकि धीरे-धीरे एक माहौल तैयार किया जा सके। यशवंतपुर विधानसभा से भाजपा विधायक एस.टी सोमशेखर के एक बयान से भी ऐसी चचाएं जोर पकड़ रही हैं। पूर्व सहकारिता मंत्री डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार के साथ कुछ दिन पहले देखे गए थे। यह मौका केम्पेगौड़ा एयरपोर्ट के लेआउट के निरीक्षण का था।

BRIEF NEWS

## कांग्रेस ने बनायी सिल्ली हादसे की जांच कमिटी

**RANCHI :** सिल्ली प्रखंड के मुरी क्षेत्र स्थित पिस्का गांव में कुआं धंसने से हुए हादसे में सात लोगों की आकस्मिक मृत्यु पर संवेदना प्रकट करते प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष ने कहा कि इस हादसे से मन व्यथित हो गया। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्माओं को शांति और शोकाकुल परिजनों को यह दुख सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है। इस हादसे की जांच के लिए कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय कमिटी का गठन किया गया है, जिसमें पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष केशव महतो कमलेश व कृषि विपणन पार्षद के चेयरमैन रवींद्र सिंह शामिल हैं। नवगठित जांच कमिटी ने रिम्स पहुंचकर मृतक के परिवारों से मुलाकात की और कहा कि इस दुख की घड़ी में पूरी कांग्रेस पार्टी आपके साथ खड़ी है। उन्होंने जल्द से जल्द पोस्टमार्टम और अन्य सुविधाएं मुहैया कराने की रिम्स निदेशक को दिशा निर्देश दिया।

## खूंटी में प्रेस क्लब भवन निर्माण सहित 24 योजनाओं को केंद्रीय मंत्री ने दी मंजूरी

**KHUNTI:** जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री और खूंटी के सांसद अर्जुन मुंडा ने खूंटी जिले के विकास के लिए वित्तीय वर्ष 2023 24 में अनाबद्ध निधि से खूंटी में तहत खूंटी में प्रेस क्लब भवन के निर्माण सहित कुल 24 योजनाओं की स्वीकृति दी है। इस संबंध में केंद्रीय मंत्री ने खूंटी के उपायुक्त लोकेश मिश्र को भेजे पत्र में कहा कि अनाबद्ध निधि के अंतर्गत प्राथमिकता के आधार पर नद योजनाओं पर कार्रवाई की जाए। अर्जुन मुंडा ने जिन योजनाओं की स्वीकृति दी है, उनमें कर्रा प्रखंड की घुनसूली पंचायत के चांपी गांव मुख्य पथ से हनुमान मंदिर तक पीसीसी पथ का निर्माण, कर्रा प्रखंड के लोधमा गांव के तालाब में सीढ़नुमा घाट निर्माण, खूंटी प्रखंड के गुटजोरा करी नदी के पास श्मशान शेड का निर्माण, खूंटी प्रखंड के ही रंगरोड़ी धाम में छतरीनुमा शेड और तार से घेराबंदी निर्माण, मुरहू प्रखंड के केवड़ा से जानुमपीड़ी तक पथ और गार्डवाल निर्माण, रनिया प्रखंड के सौदे के दशहरा टांड़ में सामुदायिक भवन निर्माण, अड़की प्रखंड की बालालोंग के जोजोहातू स्कूल में चार कमरों का निर्माण, अड़की के पुरना नगर में सामुदायिक भवन निर्माण, खूंटी प्रखंड का तिलमा पंचायत अंतर्गत तारूप गांव में गार्डवाल और आरसीसी पुल निर्माण, तोरपा प्रखंड की तपकरा पंचायत में बरदा नदी छठ घाट के समीप चेक डैम का निर्माण, रनिया तपकरा के बीच करो नदी पर बीपीडीपी से निर्मित पुल के फ्लोर का निर्माण, खूंटी प्रखंड के मुरही पिपरा टोली से हाड़म बनाम तक पीसीसी निर्माण, खूंटी नगर पंचायत के कचहरी परिसर में शेड निर्माण और कर्रा प्रखंड अंतर्गत सोनमेर मंदिर परिसर में विवाह मंडप का निर्माण शामिल है। यह जानकारी जिला सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार ने दी।

## औद्योगिक एवं तकनीकी बदलाव के साथ खुद भी बदलें : हिरण्यमय पंड्या

**MIRZAPUR:** भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) के राष्ट्रीय अध्यक्ष हिरण्यमय पंड्या ने शुक्रवार को कहा कि समय के साथ औद्योगिक एवं तकनीकी के क्षेत्र में हो रहे बदलाव के साथ हमें भी बदलना होगा। समस्या में छिपे उसके समाधान को खोजना होगा। वे चुनार के रामबाग स्थित सुरभि शोध संस्थान में शुक्रवार को तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। बैठक में देशभर के प्रमुख पदाधिकारियों के साथ ही नेपाल के पदाधिकारी भी हिस्सा ले रहे हैं। इससे पहले राष्ट्रीय अध्यक्ष पंड्या, राष्ट्रीय महामंत्री रवींद्र हिमते और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक वी. भागैया ने भारत माता, भगवान विश्वकर्मा एवं दत्तोपंत ठेंगड़ी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर बैठक का शुभारंभ किया। तीन दिवसीय बैठक में सभी क्षेत्रों में काम करने वाले श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा और श्रम क्षेत्र में महिला भागीदारी बढ़ाने आदि बिंदुओं पर चर्चा होगी।

# भारत 2030 के वैश्विक लक्ष्य से पहले ही तपेदिक को खत्म करने की राह पर : प्रधानमंत्री

## गुजरात के गांधीनगर में आयोजित जी-20 स्वास्थ्य मंत्रियों की बैठक को किया संबोधित

**AGENCY NEW DELHI:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि भारत 2030 के वैश्विक लक्ष्य से काफी पहले ही तपेदिक (टीबी) को खत्म करने की राह पर है। प्रधानमंत्री गुजरात के गांधीनगर में आयोजित जी-20 स्वास्थ्य मंत्रियों की बैठक को वीडियो संदेश के माध्यम से संबोधित करते हुए उक्त बातें कहीं। स्वास्थ्य पहल की सफलता में एक प्रमुख कारक के रूप में सार्वजनिक भागीदारी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि यह हमारे कुष्ठ उन्मूलन अभियान की सफलता के मुख्य कारणों में से एक है। उन्होंने कहा कि टीबी उन्मूलन पर हमारा महत्वाकांक्षी कार्यक्रम जनभागीदारी को भी प्रोत्साहित करता है। उन्होंने कहा कि हमने देश के लोगों से 'नि-क्षय मित्र' या 'टीबी उन्मूलन के लिए मित्र' बनने का आह्वान किया है, जिसके तहत लगभग 1 मिलियन रोगियों को नागरिकों द्वारा अपनाया गया है। प्रधानमंत्री ने कहा, "अब, हम 2030 के वैश्विक लक्ष्य से काफी पहले टीबी उन्मूलन हासिल करने की राह पर हैं।" महात्मा गांधी का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि गांधीजी स्वास्थ्य को इतना महत्वपूर्ण मुद्दा मानते थे कि उन्होंने इस विषय पर "स्वास्थ्य की कुंजी" नामक पुस्तक लिखी थी। उन्होंने कहा कि स्वस्थ रहने का मतलब व्यक्ति के मन और शरीर का सामंजस्य और संतुलन की स्थिति में होना है, जिसका अर्थ है कि स्वास्थ्य ही जीवन का आधार है। प्रधानमंत्री ने संस्कृत के श्लोक "आरोग्यम परम भाग्यम, स्वास्थ्यम सर्वार्थ साधनम" का उल्लेख किया जिसका अर्थ है, 'स्वास्थ्य ही परम धन है और अच्छे स्वास्थ्य से हर कार्य पूरा किया जा सकता है।' प्रधानमंत्री ने रेखांकित



किया कि कोविड-19 महामारी ने हमें याद दिलाया है कि स्वास्थ्य हमारे निर्णयों के केंद्र में होना चाहिए। उन्होंने कहा कि समय ने हमें अंतरराष्ट्रीय सहयोग का मूल्य भी दिखाया है, चाहे वह दवा और वैक्सीन वितरण में हो या अपने लोगों को घर वापस लाने में हो। दुनिया को कोविड-19 वैक्सीन उपलब्ध कराने की भारत सरकार की पहल पर प्रकाश डालते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि वैक्सीन मैत्री पहल के तहत, भारत ने 100 से अधिक देशों को 300 मिलियन वैक्सीन खुराक वितरित की, जिनमें वैश्विक दक्षिण के कई देश भी शामिल हैं। महामारी के दौरान लचीलेपन को सबसे बड़े सबक में से एक बताते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि वैश्विक स्वास्थ्य प्रणालियों को लचीला होना चाहिए। हमें अगली स्वास्थ्य आपात स्थिति को रोकने, तैयारी करने और प्रतिक्रिया देने के लिए तैयार रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज की परस्पर जुड़ी दुनिया में सहयोग विशेष रूप से महत्वपूर्ण है क्योंकि हमने महामारी के दौरान देखा कि दुनिया के एक हिस्से में स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं बहुत कम समय में दुनिया के अन्य सभी हिस्सों को प्रभावित कर सकती हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में, हम समग्र और समावेशी दृष्टिकोण का पालन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे का विस्तार कर रहे हैं, चिकित्सा की पारंपरिक प्रणालियों को बढ़ावा दे रहे हैं और सभी को सस्ती स्वास्थ्य सेवा प्रदान कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारा मानना है कि समग्र स्वास्थ्य और कल्याण हर किसी के लचीलेपन को बढ़ाने में मदद कर सकता है। गुजरात के जामनगर में डब्ल्यूएचओ ग्लोबल सेंटर फॉर ट्रेडिशनल मेडिसिन की स्थापना इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जी-20 स्वास्थ्य मंत्रियों की बैठक के साथ पारंपरिक चिकित्सा पर डब्ल्यूएचओ वैश्विक शिखर सम्मेलन के आयोजन से इसकी क्षमता का दोहन करने के प्रयास तेज हो जाएंगे।

यह रेखांकित करते हुए कि स्वास्थ्य और पर्यावरण एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं, प्रधानमंत्री ने कहा कि स्वच्छ हवा, सुरक्षित पेयजल, पर्याप्त पोषण और सुरक्षित आश्रय स्वास्थ्य के प्रमुख कारक हैं। उन्होंने कहा कि एंटी-माइक्रोबियल रेजिस्टेंस (एएमआर) के खतरे से निपटने के लिए उठाए गए कदम भी सराहनीय हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि एएमआर वैश्विक सार्वजनिक स्वास्थ्य और अब तक की सभी फार्मास्युटिकल प्रगति के लिए एक गंभीर खतरा है।

स्वास्थ्य सेवा को सभी के लिए सुलभ बनाने में डिजिटल समाधानों और नवाचारों की भूमिका पर जोर देते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि ये हमारे प्रयासों को न्यायसंगत और समावेशी बनाने का एक उपयोगी साधन हैं क्योंकि दूर-दराज के मरीज टेली-मेडिसिन के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण देखभाल प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने भारत के राष्ट्रीय मंच ई-संजीवनी की सराहना करते हुए कहा कि इसने अब तक 140 मिलियन टेली-स्वास्थ्य परामर्श की सुविधा प्रदान की है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के कोविन प्लेटफॉर्म ने मानव इतिहास में सबसे बड़े टीकाकरण अभियान को सफलतापूर्वक संचालित किया। उन्होंने कहा कि इसने दो दशमलव दो अरब से अधिक वैक्सीन खुराकों की डिलीवरी और विश्व स्तर पर सत्यापन योग्य टीकाकरण प्रमाणपत्रों की वास्तविक समय पर उपलब्धता का प्रबंधन किया। डिजिटल स्वास्थ्य पर वैश्विक पहल विभिन्न डिजिटल स्वास्थ्य पहलों को एक साझा मंच पर लाएगी।

# थोड़ी भी नैतिकता बची हो तो इस्तीफा दें मुख्यमंत्री : बाबूलाल

## मरांडी ने साहिबगंज में गंगा स्नान व भोलेनाथ की पूजा से शुरू की दूसरे दिन की संकल्प यात्रा



**PHOTON NEWS SAHIBGANJ:** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने शुक्रवार को दूसरे दिन संकल्प यात्रा की शुरूआत साहिबगंज में गंगा स्नान एवं भगवान भोलेनाथ की पूजा से की। उन्होंने राज्यवासियों के सुख समृद्धि की मंगल कामना की। साहेबगंज की जनसभा के पूर्व पत्रकार वार्ता में मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लाल किले के प्राचीर से भ्रष्टाचार और परिवारवाद को समाप्त करने का आह्वान किया है। झारखंड में तो राज्य संपोषित भ्रष्टाचार है। मुख्यमंत्री स्वयं राज्य की खनिज संपदा, जमीन को लूटने में शामिल हैं। सोरेन परिवार ने आदिवासियों की जमीन नाम बदलकर लूटी है। इतनी ही नहीं पदाधिकारियों को भी लूटने में लगा दिया है। उन्होंने कहा कि अधिकारी थाना, ब्लॉक, अंचल में गरीबों से काम के लिए पैसे मांगते हैं। पैसों को ऊपर तक पहुंचाने की बात करते हैं। हेमंत सरकार अवैध खनन को बढ़ावा दे रही है। साथ ही कहा कि परिवारवाद सामाजिक न्याय के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार विधानसभा में नमाज कक्ष खोलती है। सामान्य विद्यालयों को उर्दू विद्यालय में बदल देने, प्रार्थना की पद्धति बदल देने पर कार्रवाई नहीं करती है।

## राज्य में आतंक और भय का माहौल : बाबूलाल मरांडी

**RANCHI:** संकल्प यात्रा के दूसरे दिन भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने महागामा विधानसभा को संबोधित करते हुए कहा कि हेमंत सोरेन सरकार रोजगार नहीं तो भत्ता समेत अनेकों वादा करके सत्ता में आयी। किए गये वादों को तो छोड़ दीजिये जो हक अधिकार था, उसे भी छीन लिया है। राज्य में आतंक और भय का माहौल है। बहू बेटियों की इज्जत सुरक्षित नहीं है। प्रदेश में कानून व्यवस्था चौपट है। उन्होंने कहा कि सरकार के नीतियों का विरोध करने पर सांसद निशिकांत दुबे पर सरकार के निर्देश पर दर्जन भर केस दर्ज हैं, आम आदमी का क्या हाल होगा, समझा जा सकता है। कानून राज



स्थापित करने, भयमुक्त राज्य बनाने के लिए और इस भ्रष्ट हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए संकल्प दिलाने आया हूँ। श्री मरांडी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि हेमंत सोरेन और परिवार ने सर्वाधिक आदिवासियों को लूटा है। इतना ही नहीं, नाम बदल बदल कर आदिवासियों को लूटा है। पत्थर, कोयला, बालू की लूट मची है। प्रदेश में घुसपैठियों, दलालों और भ्रष्टाचारियों के निर्देश पर सरकार कार्य कर रही है। भाजपा की जहां जहां सरकार रही है, वहाँ विकास की चर्चा होती है जबकि कांग्रेस, जेएमएम और राजद जैसी परिवारवाद कि पार्टियों के सरकार में लूट मची है। श्री मरांडी ने कहा कि यह संकल्प यात्रा ऐसी भ्रष्ट निकम्मी राज्य सरकार को बदलने का आह्वान है।



## सुपरस्टार रजनीकांत से मानवअधिकार ऑर्गेनाइजेशन संगठन के मीडिया प्रभारी आसिफ जरीन ने की मुलाकात

भारतीय सिनेमा के दिग्गज कलाकार रजनीकांत रांची आए हुए है , शुक्रवार सुबह मानवअधिकार ऑर्गेनाइजेशन एंड एंटी करप्शन ऑफ इंडिया के मीडिया प्रभारी आसिफ जरीन ने अपनी टीम के साथ मुलाकात की , अपने संगठन के बारे में बताया और उनसे मार्गदर्शन प्राप्त किए।

## मुख्यमंत्री धामी दिल्ली रवाना, इन्वेस्टर्स समिट को लेकर कई उद्योगपतियों से करेंगे मुलाकात



**AGENCY DEHRADUN:** उत्तराखंड की धामी सरकार ने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 के सफल आयोजन को लेकर सक्रियता तेज कर दी है। इसी के तहत मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शुक्रवार को दिल्ली के लिए रवाना हो गए। शुक्रवार शाम चार बजे के करीब मुख्यमंत्री धामी दिल्ली के लिए रवाना हुए। मुख्यमंत्री का यह दौरा इन्वेस्टर्स समिट के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इस दौरान वह कई बड़े उद्योगपतियों और अन्य प्रमुख लोगों से मुलाकात करेंगे। दिल्ली रवाना होने से पहले मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि आगामी दिसंबर माह में इन्वेस्टर्स समिट की तैयारी को लेकर रूप रेखा तैयार की जा रही है। उन्होंने बताया कि अब तक इन्वेस्टर्स समिट में 2.5 लाख करोड़ के निवेश का लक्ष्य लिया गया है। इस संबंध में उद्योगपतियों से बातचीत शुरू हो गई है। इसी क्रम में दिल्ली दौरे में उद्योग जगत से जुड़े कुछ लोगों के साथ सामूहिक भेंट का कार्यक्रम है।

## दिसंबर तक हमारे जवान पांच करोड़वां पौधा लगाने का लक्ष्य भी करेंगे हासिल : अमित शाह



**AGENCY NEW DELHI:** उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा स्थित सीआरपीएफ के ग्रुप सेंटर में शुक्रवार को चार करोड़वां पौधा लगाने के बाद केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि इस साल के अंत तक हमारे जवान पांच करोड़वां पौधा लगाने का लक्ष्य भी पूरा करेंगे। गृहमंत्री शाह ने पौधा लगाने के बाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हम पर्यावरण के प्रति संवेदनशील हैं। हमारे जवान देश को हरा-भरा बनाने का अभियान चला रहे हैं। यह अपने आप में विशेष कार्य है। उन्होंने कहा कि जब तीन वर्ष पूर्व उन्होंने इस अभियान की शुरूआत की थी तो लोगों को भरोसा नहीं हो पा रहा था कि हम कर पाएंगे, लेकिन हमारे जवानों ने चार करोड़ पौधा लगाकर नया इतिहास रचा है। हम इसी वर्ष के अंत तक पांच करोड़वां पौधा लगाएंगे। शाह ने कहा कि हमारे सीआरपीएफ के जवान देश को हर मोर्चे पर सुरक्षा दे रहे हैं साथ ही पौधरोपण कर पर्यावरण की रक्षा भी कर रहे हैं। इसके लिए वह बधाई के पात्र हैं।

# मणिपुर हिंसा सरकार प्रायोजित, डुमरी में इंडिया गठबंधन की जीत तय : दीपांकर भट्टाचार्य

**PHOTON NEWS RANCHI:** भाकपा माले के राष्ट्रीय महासचिव कामरेड दीपंकर भट्टाचार्य ने आज पार्टी राज्य कार्यालय में एक प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि मणिपुर में 4 महीने के बाद भी शांति सद्भाव नहीं है, राहत शिविरों में न्यूनतम बुनियादी सुविधाएं नहीं है। मणिपुर को घाटी और पहाड़, मैतेई और कुकी, हिंदू और इसाई में बांट दिया गया है। वहां सरकार के संरक्षण में हिंसा जारी है। मोदी जी ने संसद का अपमान किया है वे संसद परिसर में ही होते हैं मगर संसद में आकर मणिपुर पर एक बयान शांति अपील नहीं करते। मोदी जी को संसद में मणिपुर पर बयान के लिए बाध्य करने के उद्देश्य से अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था, मोदी जी को सत्ता से मतलब है,सत्ता में बने रहने से मतलब है देश से कोई मतलब नहीं है।

### मणिपुर से हरियाणा तक हिंसा का तांडव

मणिपुर से हरियाणा तक हिंसा का तांडव किया जा रहा है। हरियाणा में खट्टर, मोनू मानेसर और बिट्टू बजरंगी ही कानून हैं। जब बिट्टू बजरंगी गिरफ्तार हुए तो बजरंग



दल,विहिप और भाजपा कह रहें हैं कि वे बिट्टू बजरंगी को नहीं जानते पर दुनिया जानती है कि वे भाजपा में क्या हैसियत रखते थे। मोदी जी के आर्थिक सलाहकार परिषद के चेयरमैन विवेक देबरॉय ने संविधान बदलने की बात की है। वे इस संविधान को औपनिवेशिक उत्पाद बताते हैं और नये संविधान लाने की बात कर रहे हैं। संविधान सभा और बाबा भीमराव अंबेडकर ने कितनी मेहनत कर के संविधान बनाया,हर छोटी-बड़ी सवालों को हल किया गया उसे एक झटके में खत्म करने की साज़िश चल रही है। भाकपा-माले इन्हीं सवालों को लेकर गांव गांव अभियान चला रहा है। इतनी महंगाई, इतनी बेरोजगारी है और सरकार सार्वजनिक उद्यमों को बेच रही है।

### डुमरी में इंडिया गठबंधन की जीत तय

कॉ. दीपंकर ने कहा कि डुमरी उपचुनाव में इंडिया गठबंधन मजबूती के साथ झामुमो प्रत्याशी के पक्ष में उतरेगा और भाजपा आजसू गठबंधन को हरायेगा। माले विधायक कामरेड विनोद सिंह झामुमो प्रत्याशी के नामांकन में शामिल थे। कॉ दीपंकर ने बताया कि आगामी 31अगस्त-1 सितंबर को महाराष्ट्र में इंडिया गठबंधन की अगली बैठक में गठबंधन के दल भावी रणनीति पर विचार करेंगे। प्रेस कॉन्फ्रेंस में माले राज्य सचिव मनोज भक्त और विंदू विनोद सिंह भी उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री योगी और अनुराग ठाकुर ने वाई-20 शिखर सम्मेलन का किया औपचारिक उद्घाटन

# डेमोग्रॉफी, डेमोक्रेसी एवं डायवर्सिटी की त्रिवेणी भारत को बनाती है विशिष्ट : आदित्यनाथ

**AGENCY VARANASI :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय खेल एवं युवा मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने जी-20 के तहत आयोजित चार दिवसीय वाई-20 युवा शिखर सम्मेलन का शुक्रवार को औपचारिक उद्घाटन किया। गुरुवार से शुरू हुआ यह चार दिवसीय सम्मेलन वाराणसी के रुद्राक्ष इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में आयोजित किया गया है। मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने कहा कि सांस्कृतिक विविधता एवं एकता के कारण भारत दुनिया के लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र है। लोकतांत्रिक परंपराओं पर विश्वास करते हुए 140 करोड़ की आबादी जिस भाव-भंगिमा के साथ एकता एवं अखंडता के लिए यशस्वी नेतृत्व में कार्य कर रही है, वह भारत को दुनिया की सबसे बड़ी युवा आबादी के रूप में भी प्रस्तुत करती है। डेमोग्रॉफी (जनसांख्यिकी), डेमोक्रेसी (लोकतंत्र) और डायवर्सिटी (विविधता) की यह त्रिवेणी हमें विशिष्ट बनाती है। उन्होंने कहा कि नित्य नूतन व चिर पुरातन



दिप प्रज्ज्वलीत करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ● फोटोन न्यूज

संस्कृति की सुदृढ़ नींव पर हमारा देश अपने स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरा करते हुए अमृतकाल के प्रथम वर्ष में जी-20 के इस आयोजन की अध्यक्षता कर रहा है। हर भारतवासी न केवल इन आयोजनों के प्रति लालायित है बल्कि वैश्विक मंच पर उभरते भारत के रूप में प्रस्तुत करते हुए गौरवान्वित महसूस करता है। योगी ने कहा कि प्राचीन काल से भारत की व्यवस्था को देखें तो युवाओं ने अपने समय में अनेक कार्य किए। युवा शक्ति के रूप में मयार्दा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम भी याद आते हैं, उन्होंने संकल्प लिया था 'निसचर हीन करऊं महि, भुज उठाई पन कीन्ह'... जब भारत की धरती से उन्होंने राक्षसी प्रवृत्ति को पूरी तरह समाप्त करने का आह्वान किया था, तब राम युवा ही थे। मथुरा को कंस और राक्षसों के अत्याचार से मुक्त करने वाले 'परित्राणाय साधुनाम्, विनाशाय च दुष्कृताम्' का आह्वान करने वाले श्रीकृष्ण भी युवा ही थे। दुनिया को निर्माण का संदेश देने वाले महात्मा बुद्ध, ज्ञान प्राप्त करने के बाद पहला उपदेश इसी सारनाथ में देते हैं, तब वे भी युवा ही थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत के अंदर चार कोनों में चार पीठों की स्थापना करने वाले एवं भारत की सांस्कृतिक एकता को मजबूती प्रदान करने वाले आदि शंकराचार्य मात्र 32 वर्ष तक ही जीवित रहे।

## लोकसभा से निलंबित अधीर रंजन को बुला सकती है विशेषाधिकार समिति

**NEW DELHI:** लोकसभा की विशेषाधिकार समिति ने कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी को अपनी बात रखने का अवसर देने फैसला किया है। उन्हें 30 अगस्त को समिति के समक्ष पेश होने के लिए कहा जा सकता है। लोकसभा की विशेषाधिकार समिति की आज बैठक हुई। सूत्रों के मुताबिक समिति ने कांग्रेस नेता को एक मौका देने का फैसला किया है। उन्हें समिति की 30 अगस्त को होने वाली बैठक में पेश होने के लिए कहा जा सकता है। सांसद सुनील सिंह विशेषाधिकार समिति के अध्यक्ष हैं। उल्लेखनीय है कि लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी को 10 अगस्त को सदन की कार्यवाही से निलंबित कर दिया गया।

BRIEF NEWS

## फर्जी वंशावली बनवाकर सरकारी लाभ लेने की कोशिश, शिकायत

**RANCHI :** रांची के एडिशनल कलेक्टर ( एसी ) ऑफिस के कर्मचारी अमित कुमार पर जमीन की फर्जी वंशावली बनवाकर सरकारी नौकरी लेने की कोशिश करने का आरोप लगा है. खलारी अंचल के महुलिया के रहने वाले रैयत रमेश कुमार ने आरोप लगाया है कि अमित कुमार ने उनकी 6 एकड़ 82 डिसमिल जमीन की फर्जी वंशावली बनवायी है. जबकि खाता नंबर-9 और प्लॉट नंबर-55 की जमीन के खतियानी रैयत जेठा साहू हैं. सीसीएल ने रेलवे साइडिंग के लिए वर्ष 2016 में इस जमीन का अधिग्रहण किया है. इसके एवज में उनके परिवार को मुआवजा और नौकरी मिलना है. लेकिन अमित कुमार इस जमीन का फर्जी कागज तैयार कर नौकरी लेने की कोशिश कर रहा है. रमेश ने इस संबंध में रांची डीसी को लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है. उसने जमीन की लगान रसीद और सीसीएल का पत्र भी सबूत के तौर पर जमा किया है.

## स्वास्थ्य विभाग के सर्वे में अबतक 2818 घरों में मिले डेंगू के लार्वा

**RANCHI :** इस मौसम में डेंगू से सुरक्षा के लिए सावधानी एवं उपाय किये जाने के संबंध में सभी जिलों को मार्गदर्शिका भेजा गया है। मार्गदर्शिका के अनुसार सभी जिलों में स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर-घर जाकर उन बर्तनों की जांच कर रहे है, जिनमें काफी दिनों से पानी रहने के कारण मच्छर पनपते हैं। साथ ही उस घर में रहने वाले लोगों को इसके लिए जागरूक किया जा रहा है। वेक्टर जनित रोग के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी उपेंद्र कुमार सिंह ने शुक्रवार को बताया कि मच्छरों के लार्वा के आकलन के लिए इंटामालाजिकल सर्वे का कार्य एक जुलाई से प्रारंभ किया गया है, जो 30 नवम्बर तक चलेगा। अभी तक 64550 घरों का सर्वे किया जा चुका है, जिसमें 2818 घरों में डेंगू के लार्वा मिले। कुल 158404 जल पात्रों को जांचा गया, जिसमें 3629 जल पात्रों में डेंगू के लार्वा पाए गये। साथ ही मच्छरों के प्रजनन स्त्रोतों को नष्ट किये जाने के लिए कीटनाशी का छिड़काव किया जा रहा है। फॉगिंग भी की जा रही है।

## सीसीएल के 'एवरेस्ट समिट' में शामिल होंगे जाने-माने पर्वतारोही

**RANCHI :** सीसीएल मुख्यालय के कन्वेंशन सेन्टर में रविवार को 'एवरेस्ट समिट' का आयोजन होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कोल इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष पीएम प्रसाद होंगे। सीसीएल के सीएमडी डॉ. बी. वीरा रेड्डी विशिष्ट अतिथि होंगे। इसमें एवरेस्ट चोटी पर फतह हासिल करने वाले 15 पर्वतारोही पहली बार एक साथ एक मंच पर उपस्थित होंगे। इनमें जामलिंग तेनजिंग, कर्नल रणवीर जामवाल, प्रेमलता अग्रवाल, प्रियंका मोहिते इत्यादि पर्वतारोही प्रमुख हैं। इस विशेष आयोजन में सभी पर्वतारोही हिमालय के दुर्गम चढ़ाई की प्रेरक स्मृतियों एवं अनुभवों को साझा करेंगे। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम को आकर्षक बनाने के लिए शास्त्रीय नृत्य ओडिशी एवं म्यूजिक बैंड की प्रस्तुति की जाएगी। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कर्मियों तथा हितधारकों को जीवन की चुनौतियों पर विजय प्राप्त करने के लिए प्रेरित करना है। सीसीएल समय-समय पर ख्यातिप्राप्त व्यक्तियों को आमंत्रित कर इस तरह के विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करता है, जिससे सीसीएल के कर्मियों एवं हितधारकों का बहुआयामी विकास हो ताकि कर्मी अपना शत-प्रतिशत देकर कंपनी को नयी ऊंचाई पर पहुंचाएं।

atom美 ATOMY INDIA
RANCHI TEAM
WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24
Roshpa Roshpa Tower,
Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776

# राज्य में बर्ड फ्लू की दस्तक, नौ माह का बच्चा मिला संक्रमित

## रिम्स में राज्य का पहला मामला आया सामने, सकते में स्वास्थ्य महकमा

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड में बर्ड फ्लू के दस्तक से स्वास्थ्य महकमे में हलचल पैदा कर डी है। रिम्स में बर्ड फ्लू का पहला मामला सामने आया, जो एक नौ माह के बच्चे में मिला। बच्चे की रिपोर्ट एवियन फ्लू (एच3एन2) की रिपोर्ट पाजिटिव पायी गई है। रिम्स के जेनेटिक्स एंड जिनोमिक्स विभाग में जांच के दौरान बच्चे में बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई है। रिम्स में शुक्रवार शाम को मीडिया से बात करते हुए माइक्रोबायोलाजी विभाग के एचओडी डॉ मनोज कुमार ने कहा कि पीडियाट्रिक विभाग में डॉ राजीव मिश्रा की यूनिट में एक बच्चे का सैंपल लिया गया था, जिसमें बर्ड फ्लू की रिपोर्ट पाजिटिव आयी है। बच्चा रामगढ़ के संदवाडीह का रहने वाला है। हालांकि डाक्टरों का कहना है कि अधिक घबराने की जरूरत नहीं है, बच्चे को आइसोलेशन में रखा उन्होंने बताया कि पक्षियों में बर्ड फ्लू कहा जाता है लेकिन जब यह मनुष्यों में होता है तो इसे एवियन फ्लू कहा जाता है। मनुष्यों में एवियन फ्लू के दुर्लभ मामले ही देखने को मिलते हैं।

यह राज्य का यह पहला मामला है जिसमें मनुष्यों में एवियन फ्लू एच3एन2 संक्रमित पाए गए हैं। अभी तक पक्षियों में बर्ड फ्लू (एच5एन2) के कई मामले सामने आए हैं जिसमें कई बार मुर्गियों, बत्तख समेत अन्य पक्षियों में संक्रमण हुआ है। इस नए मामले के बाद डाक्टरों का कहना है कि कोरोना काल में जो सावधानी बरती जाती थी उसी का अनुपालन करना उचित होगा।

**ऐसे फैलता है एवियन फ्लू :** डॉक्टरों के अनुसार यह संक्रमण संक्रमित पक्षियों की लार, श्लेष्मा (बलगम) और मल में एवियन फ्लू के वायरस होते हैं। मनुष्यों का एवियन फ्लू वायरस से संपर्क तब हो सकता है जब कोई व्यक्ति वायरस वाली सतह को छूता है, फिर अपनी आंखों, नाक या मुंह को छूता है। ऐसी स्थिति में मनुष्यों में एवियन फ्लू संक्रमण के कारण रेस्पिरेटरी सिस्टम में संक्रमण हो जाता है। इससे बुखार और खांसी से लेकर निमोनिया, एक्यूट रेस्पिरेटरी सिंड्रोम की वजह से मृत्यु भी हो सकती है। इसके कारण उल्टी और दस्त जैसे गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल लक्षण हो सकते हैं।

**ऐसे करें बचाव :**

- हाथों की नियमित सफाई करें
- मास्क लगाए
- गंदी जगहों को छूकर मुंह, आंख, नाक ना छुए
- सर्दी होने पर डाक्टर से संपर्क कर समूचित इलाज करवाएं
- पक्षियों से दूरी बनाए व घर पर पक्षी पाल रहे हो तो उसे मनुष्यों से दूर रखें

# विधायक के निर्वाचन को चुनौती देने वाली याचिका झारखंड HIGH COURT में खारिज

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड हाई कोर्ट ने डाल्टेनगंज विधायक आलोक चौरसिया के निर्वाचन को चुनौती देने वाली याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी है। हाई कोर्ट के जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की कोर्ट ने पूर्व में सुनवाई पूरी करने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था।

दरअसल, कांग्रेसी नेता केएन त्रिपाठी ने चुनाव याचिका दाखिल कर कहा था कि वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव के नामांकन के दौरान आलोक चौरसिया की उम्र 25 वर्ष पूरी नहीं हुई थी। इस कारण वे चुनाव लड़ने के अयोग्य थे. इसलिए उनका निर्वाचन रद्द किया जाए।

हाई कोर्ट ने मामले की पूरी सुनवाई के दौरान बहस एवं सबूतों की जांच के बाद पाया कि विधायक आलोक चौरसिया की जन्म तिथि 15 फरवरी 1988 है। हाई कोर्ट के जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की कोर्ट ने पूर्व में सभी पक्षों को सुनवाई पूरी करने के बाद मामले में फैसला सुरक्षित रखा था।




सुनवाई के दौरान विधायक आलोक चौरसिया की ओर से वरीय अधिवक्ता वीपी सिंह ने कोर्ट को बताया था कि आलोक चौरसिया ने नामांकन फॉर्म भरते समय गलती से जन्मतिथि वर्ष 1995 लिख दिया था। बाद में वे इसे ठीक नहीं करा सके थे, लेकिन उन्होंने वर्ष 2012 में अपने जन्म तिथि में सुधार की कार्रवाई शुरू की थी। इसके बाद वर्ष 2014 में उनकी जन्मतिथि में झारखंड एकेडमिक काउंसिल ने सुधार किया था।

याचिकाकर्ता केएन त्रिपाठी की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वरीय अधिवक्ता सलमान खुर्शीद, हाई कोर्ट के अधिवक्ता महेश तिवारी एवं अभिषेक कुमार दुबे ने बहस की थी। अधिवक्ताओं ने कोर्ट को बताया था कि आलोक चौरसिया की जन्म तिथि 15 फरवरी, 1995 है। झारखंड विधानसभा चुनाव के नामांकन के समय में आलोक चौरसिया की उम्र 25 वर्ष से कम थी, इसलिए वे चुनाव लड़ने के योग्य नहीं थे।

## शिक्षक नियुक्ति में CTET अभ्यर्थियों को शामिल किए जाने की याचिका पर हाई कोर्ट में सुनवाई पूरी

**RANCHI :** राज्य सरकार की शिक्षक नियुक्ति प्रक्रिया अधर में पड़ सकती है। हेमंत सरकार ने राज्य में शिक्षक नियुक्ति के लिए 26001 पद पर नियुक्ति निकली थी। भर्ती प्रक्रिया में सीटेट पास अभ्यर्थियों को मौका नहीं दिए जाने पर हाईकोर्ट में आईए दायर किया गया है। जिसमें सीटेट को भर्ती प्रक्रिया में वैध करने या जेटेट की परीक्षा आयोजित करने के लिए बाद शिक्षक भर्ती परीक्षा आयोजित करने का आग्रह किया गया है।

इसपर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई, आईए पर पिछली सुनवाई के दौरान कोर्ट ने राज्य सरकार को जवाब दायर करने के लिए कहा था कि राज्य सरकार क्या सीटेट को वैध मानते हुए आगे बढ़ने की तैयारी कर रही है? जिसपर राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि आने वाले समय में जेटेट की परीक्षा कराई जाएगी। जिसपर याचिकाकर्ता के अधिवक्ता की ओर से विरोध जताया गया और कहा गया कि जेटेट की परीक्षा एक क्वालीफाई परीक्षा होती है। राज्य सरकार के पास जेटेट की परीक्षा नहीं कराने का कोई स्पष्ट कारण नहीं है, क्योंकि राज्य में 8 सालों से जेटेट की परीक्षा नहीं हुई है। जिसपर कोर्ट ने सभी पक्षों को सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है।

## हाईकोर्ट ने साहिबगंज में हुए अवैध खनन की जांच सीबीआई को दी

**RANCHI :** अवैध खनन केस मे ईडी के गवाह और साहिबगंज के रहने वाले विजय हांसदा की जनहित याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद अदालत ने साहिबगंज के जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र स्थित निम्बू पहाड़ समेत अन्य इलाकों में हुए अवैध खनन की जांच सीबीआई से कराने का आदेश दिया है। हाईकोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि इस मामले की जांच सीबीआई करे।

याचिका में कहा गया है कि विजय हांसदा ने जब नींबु पहाड़ पर हो रहे अवैध खनन को रोकने की कोशिश की तो मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विधायक प्रतिनिधि ने उन्हें धमकी दी। अवैध खनन और धमकी दिए जाने के दोनों मामलों की जांच के लिए हाइकोर्ट में याचिका दायर की गई थी। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की अदालत में हुई। याचिकाकर्ता विजय हांसदा की ओर से अधिवक्ता सुधांशु शेखर ने कोर्ट के समक्ष बहस की। हाईकोर्ट के आदेश के बाद अब सीबीआई साहिबगंज जिले में हुए अवैध खनन के केस की जांच शुरू कर सकती है।

# गागी पंचायत सचिवालय में फूलो झानो आशीर्वाद अभियान-सीधा संवाद कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**PHOTON NEWS RANCHI :** कांके प्रखण्ड के गागी पंचायत सचिवालय में फूलो झानो आशीर्वाद अभियान सीधा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यमंत्री की प्रधान सचिव वंदना डाडेल ने लाभुकों से उनके अनुभवों के बारें जानकारी ली। पंचायत सचिवालय में फूलो झानो योजना से लाभान्वित कुल 13 लाभुकों से प्रधान सचिव वंदना डाडेल ने बात की।

पूर्व में सभी महिला स्थानीय हाट बाजारों में हड़िया दारू बेचती थी, जेएसएलपीए के माध्यम से सभी महिला ग्रुप में जुड़ी और फूलो झानो जन आशीर्वाद योजना से लाभान्वित हुई।


कार्यक्रम में उपस्थित वंदना डाडेल, उपायुक्त व ग्रामीण। ● फोटोन न्यूज

अब सभी हड़िया दारू बेचना छोड़कर छोटा मोटा व्यापार कर रही है, जिसमे कुछ महिला सब्जी, मुर्गा दुकान, राशन दुकान, सूअर पालन आदि का व्यापार कर रही है। जिसे जानकर प्रधान सचिव प्रसन्नता जाहिर की साथ ही उन्होंने कहा अब भी बहुत सारी महिला जो इस कारोबार में है उन्हे योजना की जानकारी तथा प्रोसाहित कर योजना से जोड़े, समानजंक कार्य हेतु जागरूक करे।

मौके पर उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा, ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त सचिव तथा प्रखंड विकास पदाधिकारी शिलवंत कुमार भट्टा मौजूद थे। उपायुक्त रांची ने कहा की फूलो झनो योजना से लाभान्वित लाभुको को और अधिक सुदृढ़ करने हेतु उन्हें सरकार की और कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने होगा। जैसे बकरी पालन, गाय पालन तथा मुर्गी पालन इवन शेड निर्माण। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी शिलवंत कुमार भट्ट ने कहा की सभी को प्रण लेना होगा की गलत चीजों खासकर हड़िया दारू ईओएम अन्य नशीले वास्तुवो का व्यापार नही करेंगे और न ही अपने आस पास होने देंगे।

# पूर्व विधायक व खतियानी पार्टी के नेता अमित महतो की बेल पर सुनवाई पूरी

**PHOTON NEWS RANCHI :** जेल में बंद पूर्व विधायक और खतियानी पार्टी के नेता अमित महतो की जमानत याचिका पर शुक्रवार को रांची सिविल कोर्ट में सुनवाई हुई। पुलिस द्वारा सौंपी गयी केस डायरी के आधार पर राज्य सरकार की ओर से उपस्थित अपर लोक अभियोजक ने अमित महतो को जमानत नहीं देने का आग्रह कोर्ट से किया। वहीं अमित महतो के वकील ने कोर्ट को बताया कि उन्होंने खुद सरेंडर किया है। इसलिए उन्हें बेल दी जानी चाहिए। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। मामले की सुनवाई अपर न्यायायुक्त मो शहजाद की अदालत में हुई। अमित महतो की ओर से अधिवक्ता सुनील महतो ने बहस की। अब कोर्ट अमित महतो को बेल देता है या उनकी याचिका खारिज होती है, यह देखना महत्वपूर्ण होगा।


अमित महतो की फाईल फोटो।

**अमित महतो ने 27 जून को सरेंडर किया था :** बता दें कि पूर्व विधायक अमित महतो ने 27 जून को सरेंडर किया था। जिसके बाद कोर्ट के आदेश से वह न्यायिक हिरासत में हैं। अमित के खिलाफ वर्ष 2022 में

# कुंए में दबे लोगों को निकालने के लिए 21 घंटे चला रेस्क्यू ऑपरेशन, छह शवों का हुआ अंतिम संस्कार

**PHOTON NEWS SILLI :** सिल्ली प्रखंड के पिस्का गांव में कुंए में डूबे मवेशी को निकालने के दौरान ग्रामीणों की दबकर मौत के बाद प्रशासन ने 21 घंटे तक रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। रेस्क्यू के दौरान 40 फीट गड्ढा खोदा गया। पुलिस ने गड्ढा से छह शवों को निकालने के बाद रेस्क्यू आपरेशन को रोका। पुलिस के अनुसार मृतकों में विष्णु चरण मांझी, मनोहर मांझी, रमेश मांझी, मंटू मांझी, गुरूपद बेदिया और बहादूर मांझी शामिल हैं। प्रशासन ने भागीरथ मांझी को गड्ढा से सुरक्षित निकाला। पुलिस का कहना है कि रेस्क्यू आपरेशन गुरुवार की शाम चार बजे शुरू किया गया था। शुक्रवार दोपहर एक बजे तक रेस्क्यू आपरेशन चलाया गया। पुलिस को सूचना थी कि गड्ढा में नौ लोग गिरकर दब गए हैं, जिनमें छह लोग दबे हैं। छह शव निकालने के बाद सभी को सिल्ली स्थित सामुदायिक अस्पताल भेजा गया। वहां डाक्टरों ने सभी को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद सभी मृतकों को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया गया।

**...और भरभराकर धंसी मिट्टी, दब गए लोग:** कुंआ में मवेशी गिरा तो एक ग्रमीण रस्सी के सहारे लोग कुएं से उतरे। कुंआ के बीचो-बीच वर्षों से लोहे का पोल रखा हुआ है। रस्सी को उसी पोल में बांध दिया गया। कुंआ में नीचे उतरे ग्रामीण ने मवेशी को रस्सी से बांधने के बाद उपर में मौजूद ग्रामीणों को खींचने के लिए कहा। ग्रामीण रस्सी खींचने लगे तभी पोल मिट्टी के अंदर धंसने लगा और देखते ही देखते पोल और मिट्टी भरभराकर धसने लगा और कुएं के अंदर चला गया। भागीरथ मांझी पोल से दूर खड़ा था। इस वजह से वह सबसे अंतिम में कुंआ में गिरा। इस वजह से उसके उपर ज्यादा मिट्टी नहीं गिरा और वह सही सलामत बाहर निकल गया।

**पूरे गांव में छाया मातम:** मृतकों के शवों का पोस्टमार्टम होने के बाद सभी को गांव में लाया गया। गांव में शव पहुंचते ही मातम छा गया। पूरे गांव के लोग रो रहे थे। ग्रामीणों का कहना था कि गांव के लोगों में कभी विवाद नहीं होता है। इस वजह से सभी लोग एक दूसरे के घर आते जाते थे। मृतकों में तीन लोगों को नदी के पास मिट्टी दी गई और तीन लोगों का दाह संस्कार किया गया। एक साथ छह लोगों का अंतिम संस्कार होने से पूरे गांव की स्थिती खराब थी।

**40 फीट कुआं में सिर्फ चार फीट था पानी :** ग्रामीणों ने बताया कि गांव में तीन कुआं है, जो सिर्फ मिट्टी का है। तीनों कुआं के पास कोई घेराबंदी नहीं है, जिस कुआं में मिट्टी धंसने की घटना हुई उस कुआं में सिर्फ चार फीट पानी था। लेकिन मिट्टी धंसने की वजह से कुआं में 40 फीट मिट्टी भर गया। रेस्क्यू आपरेशन के दौरान मवेशी को भी बाहर निकाला गया। मवेशी की भी मौत हो गई है। ग्रामीणों का कहना वह कुआं का ही पानी इस्तेमाल करते आ रहे हैं। गांव में चापानल है लेकिन खराब है। लेकिन किसी को इसकी भनक नहीं थी कि अचानक से मिट्टी धंस जाएगी और इतनी बड़ी घटना हो जाएगी।

### चेन बिक्री के लिए महिला को भी गिरोह में किया था शामिल, 22 मामलों का हुआ खुलासा

# शहर में स्नैचिंग गिरोह के चार अपराधी गिरफ्तार पलक झपकते उड़ा लेते थे महिलाओं के गले की चेन

**PHOTON NEWS RANCHI :** रांची पुलिस ने शहर में स्नैचिंग करने वाले गिरोह के चार अपराधियों को दबोच लिया है। इनमें एक महिला भी शामिल है। पकड़े गए स्नैचरों में फहीम अंसारी, नौशाद उर्फ बंदर उर्फ मिस्टर, अजय शर्मा और सबनम परवीन शामिल हैं। इन्हें जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 14 ग्राम गला हुआ सोना बरामद किया है। इसके अलावा पुलिस ने एक बाइक बरामद किया है जिससे छिनतई की घटना को अंजाम दिया जाता था। सिटी एसपी सुभांशु जैन ने प्रेस कांफ्रेंस कर बताया कि शहर में लगातार छिनतई की घटना होने के बाद एक टीम का गठन किया गया था। जिला के सभी थानों में छिनतई करने वाले दोनों युवकों का फोटो भेजा गया था। पुलिस को सूचना मिली कि अरगोड़ा इलाके में उसी बाइक पर फहीम और नौशाद को देखा गया है। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों आरोपियों को पकड़ कर थाना ले आई।


मीडिया को जानकारी देते सिटी एसपी सुभांशु जैन। ● फोटोन न्यूज

**कुख्यात झपटमार की पत्नी बेचती थी छिनतई के चेन:** सिटी एसपी ने बताया कि इस गिरोह में एक अन्य आरोपी कुख्यात झपटमार देवा है जो कि फरार है। पुलिस उसकी तलाश में छापेमारी कर रही है। आरोपी महिला देवा की पत्नी है। इस गिरोह के लोगों ने महिला को इस वजह से शामिल किया था ताकि छिनतई किया हुआ चेन को बेचने में आसानी हो। पुलिस को कोई शक नहीं हो। फहीम और नौशाद चेन छिनतई करने के बाद महिला को दे देते थे। महिला चेन बेचकर आती थी इसके बाद पैसे का बंटवारा होता था।

**छिनतई किया हुआ चेन खरीदने के आरोप में दुकानदार गया जेल:** पुलिस का कहना है कि इस गिरोह के लिए विजय ज्वेलर्स दुकान का मालिक अजय शर्मा काम करता था। शहर में जितनी छिनतई की घटना होती थी उसके बाद चेन को दुकानदार खरीद लेता था और महिला को पैसा दे देता था। पुलिस ने दुकानदार के पास से ही 14 ग्राम सोना बरामद किया है। दुकानदार पर आरोप है कि छिनतई किया हुआ कई चेन उसने गला कर बेच दिया। अभी तक के पूछताछ में गिरोह के लोगों ने बताया है कि शहर में 22 महिलाओं के गले से चेन छिनतई की घटना को अंजाम दिया है जिसमें सबसे अधिक अरगोड़ा इलाके में घटना को अंजाम दिया गया है।

# दो अक्टूबर से प्री-पेड हो जाएंगे 1.16 लाख स्मार्ट मीटर

## फ्लुएंट ग्रिड के सॉफ्टवेयर से होगी बिलिंग

**PHOTON NEWS RANCHI :** रांची अबतक लगे 1.16 लाख स्मार्ट मीटर 2 अक्टूबर से प्री-पेड हो जाएंगे। जेबीवीएनएल ने इसकी तैयारी कर ली है। वर्तमान में केवल नया कनेक्शन के तहत लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर ही प्री-पेड हुए हैं, जिनकी संख्या 2500 है। जबकि अभी तक शहर में कुल 1.16 लाख के करीब स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। जिनमें से 10 हजार को छोड़कर सभी से रीडिंग शुरू हो चुकी है। विभाग के अनुसार शाफ्टवेयर की समस्या के कारण बिलिंग में विलंब हो रहा था। वर्तमान में एचसीएल कंपनी के शाफ्टवेयर से बिलिंग का काम हो रहा था। मगर जेबीवीएनएल ने इसका जिम्मा फ्लुएंट ग्रिड को दे दिया है। कंपनी ने सॉफ्टवेयर तैयार कर लिया है। जल्द ही इसका नेटवर्क एवं सर्वर काम करना शुरू कर देगा। इसके बाद स्मार्ट मीटर को प्री-पेड करने तथा राज्य के अन्य हिस्सों में बिलिंग की सुविधा मिलने लगेगी। वर्तमान में सॉफ्टवेयर में समस्या के कारण बिलिंग में परेशानी हो रही है। किसी का नियमित बिलिंग और रीडिंग नहीं होने जैसी समस्याओं की भरमार है। इससे निजात पाने के लिए जेबीवीएनएल ने नया शाफ्टेयर तैयार करने के लिए फ्लूएंट ग्रिड को जिम्मा दिया है। अब इसी कंपनी के शाफ्टवेयर के तहत बिलिंग का काम पूरे राज्य में होगा।

BRIEF NEWS

## दुकान में सेंधमारी कर चोरों ने हजारों रुपये के सामान चुराए

**DHANBAD:** केंदुआडीह थानाक्षेत्र के गोधर मोड़ स्थित स्वस्तिक जेनरल स्टोर नामक दुकान के पिछले हिस्से के दीवार में सेंधमारी कर चोरों ने गल्ला में रखे एक से डेढ़ हजार नगदी, हार्लिक्स, शैम्पू सहित अन्य समान(कुल मिलाकर नगदी समेत दस से बारह हजार रुपये) की चोरी कर ली। घटना के बारे में पीड़ित दुकानदार दीपू विश्वकर्मा ने बताया कि गुरुवार की रात नौ बजे दुकान बंद कर अपने घर गये। शुक्रवार की सुबह लोगों ने दुकान में सेंधमारी होने की जानकारी दिया। इसके बाद दुकान पहुंच ताला खोल देखा तो पीछे के दीवार में लगभग एक से सवा फिट का हिस्सा सेंधमारी किया हुआ है और दुकान में समान अस्त व्यस्त है। गल्ला खुला हुआ है, जिसमें रखा लगभग एक से डेढ़ हजार रुपये गायब थे। छह माह पूर्व में भी दुकान में चोरी की घटना को चोरों ने अंजाम दिया था।

## एग्जिमा, दमा, नजला रोग सहित अन्य बीमारियों में गाजर घास घातक

**SINDRI :** हर्ल के स्थायी व अस्थायी कर्मचारियों ने 16 अगस्त से 22 अगस्त तक आयोजित गाजर घास जागरूकता सप्ताह के तहत शुक्रवार 18 अगस्त को जागरुकता अभियान चलाया। एफसीआइएल गेट सहित रोहड़ाबांध अंबेडकर चौक, एसबीआई सिंदरी और रोहड़ाबांध दुर्गा मंडप के पास लोगों को जागरूक किया। अभियान का नेतृत्व कर रहे हर्ल सिंदरी के डिस्पैच सहायक प्रबंधक मनीष कुमार ने लोगों को जागरूक करते हुए बताया कि गाजर घास उर्फ पार्थेनियम हिस्टेरोफोरस मनुष्य के साथ-साथ पशुओं के लिए भी काफी घातक साबित होता है। इसके सम्पर्क में आने से एग्जिमा, एलर्जी, बुखार, दमा व नजला जैसी घातक बीमारियां होती हैं। उन्होंने बताया कि इसे हाथों से निकाल कर या 2, 4-डी, मेट्रीब्युजिन, एट्राजीन जैसे हबीसाईड केमिकल का इस्तेमाल कर इसे नष्ट किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सिंदरीवासियों को इस पौधे को शिशु अवस्था में ही जड़ से समाप्त कर देना चाहिए। इस मौके पर हर्ल कर्मियों ने गाजर घास को हाथों से निकालकर नष्ट भी किया।

## शिव मंदिर के दानपात्र का ताला तोड़कर नकदी की चोरी

**BOKARO :** चास थाना इलाके के प्रभात कॉलोनी के शिव मंदिर के दान पेटी को तोड़कर नकदी की चोरी हो गई है। घटना 17 अगस्त के रात की है। शुक्रवार की सुबह जब मंदिर के पुजारी पहुंचे, तो दानपेटी को टूटा हुआ देखा। इसके बाद उन्होंने आस-पास के लोगों को इसकी जानकारी दी। लोगों की सूचना पर पहुंची चास पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस की टीम मंदिर के आस-पास लोगों के घरों में लगे सीसीटीवी कैमरे की जांच कर चोरों को पहचानने में जुटी है। पुलिस ने बताया है कि चोरों ने मंदिर के दानपेटी को ही निशाना बनाया। दानपेटी में उनके हाथ जो लगा, उसे लेकर भाग निकले है, अन्य किसी समान को नुकसान नहीं पहुचाया है। मालूम हो कि चास के प्रभात कॉलोनी में शाम होते ही सन्नाटा पसर जाता है और गलियों में नशेड़ी लोगों का जमावड़ा लग जाता है।

## सुरक्षा बोर्ड की बैठक में दुर्घटना मुक्त कोयला उत्पादन पर विमर्श

**BERMO :** सीसीएल के कथारा ऑफिसर्स क्लब में 18 अगस्त को सुरक्षा बोर्ड समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता कथारा क्षेत्र के महाप्रबंधक डीके गुप्ता ने की। इसमें सीसीएल मुख्यालय रांची के जीएम (एसएंडआर) एसके सिंह, गिरिडीह क्षेत्र के जीएम विशप चौधरी, बीएंडके जीएम के प्रतिनिधि केडी प्रसाद सहित सुरक्षा बोर्ड समिति के सदस्य राजेश कुमार सिंह, रविंद्र नाथ सिंह, अरुण कुमार सिंह, विकास सिंह, खुशीलाल महतो व निर्गुण महतो शामिल थे। यहां सेफ्टी बोर्ड के सदस्यों ने कहा कि कोयला उत्पादन का कार्य सुरक्षा नियमों व मापदंडों को पालन करते हुए किया जाए। वहीं प्रबंधन श्रमिकों व अधिकारियों को सुरक्षा के पर्याप्त संसाधन उपलब्ध करावे ताकि शून्य दुर्घटना के साथ कोयला उत्पादन किया जा सके। जीएम (एसएंडआर) एसके सिंह ने कहा कि सुरक्षा के साथ उत्पादन कार्य करना प्रतिष्ठान की प्राथमिकता है।

# हजारीबाग में हाइवा और टेलर की टक्कर में एक की मौत, 10 घायल, सड़क जाम

### बुढ़ना घाटी मोड़ के पास वाहनों को मोड़ने के दौरान हादसा, दोनो चालको की स्थिति गंभीर

**PHOTON NEWS HAZARIBAG:** जिले के बड़कागांव-हजारीबाग रोड स्थित बुढ़ाना मोड़ के पास शुक्रवार को भीषण सड़क हादसा हो गया। मोड़ के पास त्रिवेणी सैनिक लिमिटेड की कोयला ढोने वाली हाइवा (जेएच 02 बीके 6864) और राजस्थान से टाइल्स लेकर आने वाली टेलर (आरजे 19 जीएफ 5413) के बीच जोरदार टक्कर हो गई, जिससे हाइवा 100 मीटर पीछे एक पहाड़ी से भी टकरा गयी। हाइवा का अगला हिस्सा चकनाचूर हो गया, जबकि टेलर पलट गया। टेलर भी काफी क्षतिग्रस्त हो गया। इस कारण



टेलर में बैठे मजदूर तिलेश्वर रजक ( 40 ) की मौके पर मौत हो गई। जबकि दोनों वाहन के चालक और टेलर में बैठी आठ महिलाएं भी घायल हो गई है। घायलों का इलाज बड़कागांव अस्पताल और हजारीबाग सदर अस्पताल में किया जा रहा है। समाचार लिखे जाने तक घायलों की पहचान नहीं हो पाई है। इधर दोनों वाहन के चालकों की स्थिति गंभीर बताई जा रही है।घटनास्थल बड़कागांव थाना से चार किलोमीटर दूर है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हाइवा तेज गति से हजारीबाग की ओर जा रही थी। टेलर हजारीबाग की ओर से बड़कागांव की ओर जा रही थी। इसी दौरान बुढ़ना घाटी मोड़ के पास वाहनों को मोड़ने के दौरान दोनों वाहन के बीच जोरदार टक्कर हो गई।

ग्रामीणों के अनुसार मृतक की पहचान हजारीबाग जिले के करेडारी प्रखंड के ग्राम पगार निवासी तिलेश्वर रजक के रूप में की गई। वह हजारीबाग में एक टाइल्स की दुकान में मजदूर का काम करता था और वहीं अपने परिजनों के साथ किराए के मकान में रहता था। वह अपने पीछे पत्नी और दो बच्चों को छोड़ गया। पुत्र 14 साल का है, जबकि पुत्री 12 साल की है। वह घर का अकेला कमाउ इंसान था।

घटना की सूचना पाकर बड़कागांव पुलिस मौके पर पहुंची। वहीं मृतक तिलेश्वर रजक के परिजन और उस गांव के लोगों में घटना को लेकर काफी आक्रोश है। सभी घटनास्थल पहुंचे और सड़क जाम कर दिया। सड़क जाम होने से आवागमन प्रभावित रहा।

## देवघर में संदिग्ध हालात में घायल मजदूर की इलाज के दौरान मौत

**PHOTON NEWSN DEOGHAR:** देवरी प्रखंड अंतर्गत भेलवाघाटी थाना क्षेत्र में शुक्रवार को संदिग्ध हालात में घायल मजदूर की इलाज के दौरान देवघर के एक निजी अस्पताल में मौत हो गई। वह कोलडीह गांव का रहने वाला था। मृतक मजदूर कान्हू मरांडी (45) के पुत्र साइमन मरांडी ने कहा कि उसके पिता फुटबॉल मैच देखने खोटो गांव गए थे। वह भी उनके साथ था। बारिश के दौरान खेल मैदान से बिना बताए कहीं चले गए। खोजबीन के दौरान उसके मामा सुभाष ने फोन कर बताया कि चतरो-देवघर मुख्य मार्ग पर



चकाई थाना क्षेत्र के चिलखारी गांव के पास कान्हू घायल अवस्था में सड़क पर पड़ा हुआ है। सूचना पर वह वहां पहुंचा और मामा के साथ उसे चकाई अस्पताल भेज दिया। प्रारम्भिक उपचार के बाद उसे देवघर रेफर कर दिया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी।

## गिरिडीह में एक लाख 40 हजार की छिनतई

**GIRIDIH:** नगर थाना क्षेत्र के एसबीआई बैंक ब्रांच से शुक्रवार को एक लाख 40 हजार रुपये निकाल कर घर जा रहे दंपति से बाइक सवार बदमाशों ने रुपये से भरा थैला छीन लिया। घटना शहर के व्यस्त रोड नटराज चौक की है। बताया गया कि सुरेश यादव और बसंती देवी स्कूटी से घर मरकच्चो लौट रहे थे। इसी दौरान दो बाइक सवार अपराधियों ने पैसे से भरा थैला छीन लिया। सूचना पर पहुंची नगर थाना पुलिस ने बैंक के सीसीटीवी फुटेज की जांच की। इसमें बैंक के भीतर चहलकदमी करता एक युवक दिख रहा था।

# ब्राउन शुगर के साथ दो तस्कर गिरफ्तार



प्रेस कांफ्रस में जानकारी देते एसडीपीओ अविनाश कुमार • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS CHATRA:** सदर थाना पुलिस ने 458 ग्राम अवैध ब्राउन शुगर के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्करों में सुरेंद्र दांगी और रंजीत दांगी शामिल हैं। दोनों चतरा जिले के सदर थाना क्षेत्र के दारियातु गांव के रहने वाले है।

एसडीपीओ अविनाश कुमार ने शुक्रवार को बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि दारियातु गांव निवासी सुरेंद्र दांगी अपने घर में अवैध ब्राउन शुगर का खरीद बिक्री के लिए भंडारण किए हुए हैं। सूचना के बाद छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान अवैध ब्राउन शुगर के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया गया।

# कमिश्नर के आदेश से कुंदरू खुर्द में लगी ग्राम सभा, सीओ ने ग्रामीणों को सुनाया संदेश

**PHOTON NEWS RAMGARH:** उत्तरी छोटा नागपुर प्रमंडल के आयुक्त के आदेश पर शुक्रवार को रामगढ़ अंचल के कुंदरु खुर्द गांव में ग्राम सभा लगाई गई। इस ग्राम सभा में अंचल अधिकारी सुधीर कुमार ने लोगों को कमिश्नर का संदेश सुनाया है। इस दौरान उन्होंने बताया है कि 17.18 एकड़ भूमि के म्यूटेशन को लेकर चल रही जांच अब काफी पारदर्शी हो गई है। हजारीबाग कमिश्नर इस पूरे मामले को गंभीरता से लेकर हर बिंदु पर जांच कर रहे हैं। उन्होंने कहा है कि किसी भी ग्रामीण या शिकायतकर्ता की बात को अनसुनी नहीं किया जा सकता है। यही वजह है कि आम नागरिकों को भी यह मौका दिया गया है कि 24 अगस्त तक वे कमिश्नर के ऑफिस में प्रमाण के साथ अपना शिकायत दर्ज कारण। अंचल अधिकारी ने बताया कि कुंदरु खुर्द गांव में 17.18 एकड़ भूमि के गलत तरीके से म्यूटेशन का मुद्दा है। हाई कोर्ट की टिप्पणी के बाद राज्य सरकार के निर्देश पर हजारीबाग कमिश्नर ने अब इस मामले की जांच प्रारंभ कर दी है। उल्लेखनीय है कि ग्राम सभा के आयोजन का विषय ₹उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी का न्यायालय, रामगढ़ द्वारा रामगढ़ जिला अंतर्गत अंचल रामगढ़, मौजा कुंदरूखुर्द, थाना संख्या 120, खाता संख्या 77, कुल रकबा 17.18 एकड़ भूमि के दाखिल खारिज रिवीजन वाद संख्या 66/ 2022 अंकित पोद्दार वगैरह बनाम राज्य सरकार तथा दाखिल खारिज रिवीजन वाद संख्या 67/ 2022 शरद पोद्दार वगैरह बनाम राज्य सरकार वाद के पारित आदेश को लेकर है। कमिश्नर के आदेश से अंचल अधिकारी ने ग्रामीणों को बताया कि इस संबंध में उपरोक्त वाद में पारित आदेश के संबंध में कोई आपत्ति हो या कोई साक्ष्य प्रस्तुत करना हो तो दिनांक 24 अगस्त 2023 तक आयुक्त कार्यालय उत्तरी छोटा नागपुर प्रमंडल, हजारीबाग में उपस्थित होकर साक्ष्य सहित आपत्ति दे सकते हैं।

### ग्राम सभा में नहीं शामिल हुए पंकज महतो, ग्रामीणों ने नहीं दिखाया कोई साक्ष्य

**RAMGARH:** रामगढ़ अंचल का कुंदरू खुर्द गांव काफी सुर्खियों में है। वजह यह है कि यहां पर 17.18 एकड़ भूमि की जमाबंदी कायम करने का आदेश रामगढ़ की पूर्व डीसी माधवी मिश्रा ने दिया था। लेकिन जब साक्ष्य के साथ अपनी बात रखने के लिए ग्राम सभा की गई तो ना तो पंकज महतो नजर आए और ना ही ग्रामीणों ने कोई दस्तावेज प्रस्तुत किया। डीसी कोर्ट के इस आदेश के खिलाफ रामगढ़ के समाजसेवी पंकज महतो ने डीसी पर कई गंभीर आरोप लगाते हुए उनके आदेश को चुनौती दी थी। इसके बाद कुंदरू खुर्द गांव काफी चर्चा में आ गया था। पंकज महतो का कहना यह था कि जिस 17.18 एकड़ भूमि की जमाबंदी कायम की गई है और जिसकी बिक्री की गई है वह गलत तरीके से हुई है । वह जमीन राधा कृष्ण मठ के नाम पर थी। लेकिन अधिकारियों ने मठ का नाम हटाकर उसे एक आम नागरिक की भूमि बता दिया और उसकी बिक्री भी हो गई। इस मामले में पंकज महतो की शिकायत के आधार पर जांच प्रक्रिया शुरू हुई । अब इस पूरे मामले को हजारीबाग कमिश्नर खुद देख रहे हैं। उन्होंने शुक्रवार को कुंदरु खुर्द गांव में आम सभा कराई। लेकिन उस सभा में पंकज महतो खुद शामिल नहीं हुए। वह उस गांव में तब पहुंचे जब ग्राम सभा समाप्त हो चुकी थी। फिलहाल यह मामला रामगढ़ जिले में काफी चर्चा का विषय बना हुआ है। अब देखना यह है कि अधिकारी और समाजसेवी की लड़ाई में जीत किसकी होती है। सबसे बड़ी बात यह है कि यह मुद्दा मौखिक नहीं, बल्कि दस्तावेजों से जुड़ा हुआ है। ग्रामीणों के द्वारा सही दस्तावेज और साक्ष्य कमिश्नर के कार्यालय में प्रस्तुत नहीं किए गए तो यह पूरा मामला उल्टा पड़ जाएगा। इस मामले में हाई कोर्ट ने भी सरकार से जवाब तलब किया है।

# जनता दरबार में ग्रामीणों ने मुखिया पर राशि गबन का लगाया आरोप

### मनरेगा के तहत न समतलीकरण और न ही धरातल पर कोई काम, सिर्फ बंदरबांट

**PHOTON NEWS DHANBAD:** समाहरणालय में शुक्रवार 18 अगस्त को डीसी वरुण रंजन के जनता दरबार में मनरेगा में गड़बड़ी का मामला सामने आया। गोविंदपुर प्रखंड के गौरांगडीह से आए लोगों ने बताया कि इस योजना के तहत जमीन का समतलीकरण एवं अन्य काम किए बिना राशि निकासी का खेल चल रहा है। चापाकल मरम्मत की बात हो या 15वें वित्त की राशि से जुड़ी योजना हो या मुखिया फंड, कोई भी योजना धरातल पर नहीं दिख रही है। लेकिन मुखिया, पंचायत सेवक, रोजगार सेवक एवं ग्रामीण ठेकेदार मिलकर राशि की बंदरबांट कर रहे हैं। उपायुक्त से लोगों ने इस पूरे



जनता की समस्या सुनते उपायुक्त वरुण रंजन • फोटोन न्यूज

मामले की निष्पक्षजांच की मांग की। पूर्वी टुंडी की विक्टोरिया मुर्मू ने बताया कि उसका अनुसूचित जनजाति का जाति प्रमाण पत्र नहीं बनाया जा रहा है। वह संथाली आदिवासी महिला है। उसके 1932 के खतियान में जाति की जगह किस्तान (ईसाई) लिखा हुआ है। जिसकी सजा उसे दी जा रही है। इसके पूर्व अनुसूचित जनजाति का जाति प्रमाण पत्र बन चुका है, लेकिन अब मुझे परेशान किया जा रहा है। झरिया थाना क्षेत्र से आए भरत कुमार ने शिकायत की कि वह विगत 5 वर्षों से भूमि बंदोबस्ती को लेकर दफ्तर के चक्कर काट रहा है। लेकिन अब तक उन्हें जमीन मुहैया नहीं कराई गई है। इसके अलावा स्वास्थ्य, राशन कार्ड, मुआवजा से संबंधित शिकायतें भी आई। उपायुक्त ने लोगों को पूर्ण भरोसा दिलाया कि उनकी समस्याओं को दूर करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। जिला प्रशासन समस्याओं को दूर करने का प्रयास करेगा।

## गिरिडीह में रेलवे ट्रैक पर मिला शव

**GIRIDIH:** जमुआ रेलवे स्टेशन के रेलवे ट्रैक पर शुक्रवार की सुबह एक व्यक्ति का शव मिला। मृतक की पहचान जिले के भेलवाघाटी थाना इलाके के बरमसिया निवासी 50 वर्षीय प्रमोद मोदी के रूप में हुई। मृतक के दामाद तिसरी निवासी मनोज बरनवाल के मुताबिक, प्रमोद का मानसिक संतुलन सही नहीं था। वह गुरुवार को देवरी के चतरो बाजार जाने की बात कहकर घर से निकले और भटकते हुए जमुआ रेलवे स्टेशन पहुंच गए। शुक्रवार की सुबह नौ बजे उनका शव रेलवे ट्रैक में पड़ा मिला। आशंका है कि ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची जमुआ थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है और जांच-पड़ताल कर रही है।

# बलियापुर थानेदार व दारोगा समेत तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

### जानलेवा हमला व छेड़छाड़ का लगा आरोप

**PHOTON NEWS DHANBAD:** बलियापुर थानेदार सूबेदार यादव, दारोगा निलेश कुमार व मुंशी मो सिराज के विरुद्ध बलियापुर निवासी करिश्मा कुमारी ने जानलेवा हमला व छेड़खानी का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। धनबाद के प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी संतोषनी मुर्मू की अदालत में दायर शिकायतवाद में करिश्मा ने आरोप लगाया है कि 9 अगस्त 23 को सुबह 11:00 बजे बलियापुर के दरोगा निलेश कुमार सिंह ने उसके पति राहुल कुमार सिंह को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया बलियापुर शाखा से जबरन उठा लिया। उसे हथकड़ी लगाकर थाना लॉकअप में बंद कर दिया। शाम 6:00 बजे जब करिश्मा व उसके परिजनों को जानकारी मिली तो वे लोग थाना गए। वहां पति को लाकअप मे बंद पाया। करिश्मा ने आरोप लगाया है की रात ग्यारह बजे सभी आरोपी एकमत होकर उसके पति राहुल को थाना लाकअप में लाठी, डंडा, रड, और जूता से जान मारने की नीयत से उसके सामने मार पीट करने लगे। थानेदार सुबेदार यादव ने उसके पति के गुप्तांग मे डंडा डाल दिया। उसके पति को 10 अगस्त तक हाजत में बंद रखा गया और उसे खाना पीना भी नहीं दिया गया।

### खुंटी के उपायुक्त ने किया दौरा, कारीगरों को दिया आश्वासन, स्वास्थ्य के लिए लाभप्रद हैं कांसा के बर्तन

# कंसारियों की सदियों पुरानी विरासत का प्रतीक है जरियागढ़ का कांसा उद्योग

**PHOTON NEWS KHUNTI:** जिला मुख्यालय से 40 किलोमीटर दूर कर्रा प्रखंड के जरियागढ़ का कांसा बर्तन उद्योग वहां रहने वाले कंसारियो (कसगढ़िया समाज) की सदियों पुरानी विरासत का प्रतीक है। इस गांव में तीन सौ वर्षों से भी अधिक समय कांसा उद्योग निबार्द्ध रूप से जारी है, भले ही इस पुस्तैनी धंधे के संरक्षण और संबर्द्धन को लेकर सरकार द्वारा कोई पहल नहीं की गई है। आज भी जरियागढ़ के लगभग 150 परिवार इसे पेशे से जुडे हैं।

कांसा के बर्तन, कांसा थाली, कांसा कटोरा, कांसा की घंटी, घंट, घंटा झांझर और कांसा चिप्पा (छोटा प्लेट) आदि का निर्माण कर उन्हें गांव-गांव में घूमकर बेचना कंसारी समाज का खानदानी पेशा है। कंसारी समाज के लोग बताते हैं कि मूल रूप से उनके पूर्वज लगभग तीन सौ वर्ष पहले ओडिशा के संबलपुर से जरियागढ़ आये थे। जरियागढ़ रियासत के तत्कालीन राजा ने उन्हें बसाया था और तभी से उनका यह पेशा अनवरत जारी है।

**बर्तन बनाने में नहीं होता किसी मशीन का उपयोग**

कंसारी समाज के इस पुश्तैनी पेशे की खास बात यह है कि कांसा बर्तन, थाली, कटोरा सहित अन्य उत्पादों के निर्माण में किसी भी छोटी या बड़ी मशीन का उपयोग नहीं किया जाता। सभी काम लोग अपने हाथों से करते हैं। कांसा उद्योग से जुड़े कारीगर बताते हैं कि समुदाय उत्पादों के लिए कच्चे माल के रूप में स्थानीय घरों और दुकानों से टूटे हुए कांसे के बर्तनों को इकट्ठा करता है।

प्रमाणिकता सुनिश्चित करने के लिए सावधानीपूर्वक निरीक्षण के बाद बर्तन बनाने की प्रक्रिया हर रात लगभग एक बजे शुरू होती है। एक विशिष्ट सांचे का उपयोग कर 45 कारीगर कच्चे माल को पिघलाकर गोल आकार देते हैं। आग और औजारों के साथ लगातार काम कर खुरदरी आकृति हासिल की जाती है। इस पूरी



कांसा के उत्पादों का अवलोकन करते उपायुक्त लोकेश मिश्र • फोटोन न्यूज

प्रक्रिया में करीब पांच से छह घंटे का समय लगता है। एक अलग टीम व्यवस्थित रूप से बर्तन को छीलती है, जबकि महिलाएं इसे अंतिम रूप देती हैं। उन्होंने बताया कि कांसा बनाने के लिए 78 फीसदी तांबा और 22 प्रतिशत रंगा(टिन) को मिलाकर 400 से 700 डिग्री सेल्सियस के तापमान पर गलाया जाता है। इसमें भी कोयले की आग का उपयोग किया जाता है। उसके बाद पांच-छह लोगों द्वारा उसे बड़े हथौड़े से पीटा जाता और कारीगरों का दूसरा समूह इस कांसे को अलग-अलग रूप देता है।

तोरपा क्षेत्र के जानेमाने वैद्य बुधु गोप बताते हैं कि कांसा के बर्तन में खाना या पानी पीना स्वस्थ्य के लिए काफी लाभदायक है। उन्होंने कहा कि हमारे प्राचीन आयुर्वेद ग्रंथों में कांसा बर्तन के उपयोग का विस्तृत उल्लेख है। कांसा के बर्तन में खाने से प्राकृतिक गुण (क्षारीकरण प्रकृति), त्वचा की स्थिति में सुधार, तंत्रिका तंत्र को मजबूत करना, मोटापा कम करना, दृष्टि में सुधार, रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाना, हीमोग्लोबिन का स्तर बढ़ाना सहित कई गुण कांसा में है। यही कारण है कि हमारे पूर्वज खाने-पीने में कांसा के बर्तनों का उपयोग करते थे।

**किसी को नहीं मिली सरकारी नौकरी**

जरियागढ़ के कंसारियों का दुखद पहलु यह है कि लगभग 1500 आबादी वाले इस समुदाय के किसी भी व्यक्ति का जाति प्रमाण पत्र नहीं बना। इसके कारण इस समाज के किसी भी व्यक्ति को सरकारी नौकरी नहीं मिली। इस सबंध में कंसारी समाज के लोगों का कहना है कि कंसारी अपना उपनाम कंसारी, साहू, राणा, महापात्र, कसगढ़िया सहित कई उपनाम है, जबकि सभी एक जाति के हैं। इसके बावजूद किसी का जाति प्रमाध पत्र आज तक नहीं बन सका।

खूंटी के नये उपायुक्त लोकेश मिश्र ने जरियागढ़ ग्राम का भ्रमण कर ग्रामीणों द्वारा बनाए जा रहे कांसा के उत्पादों का अवलोकन किया। भ्रमण के दौरान उन्होंने ग्रामीणों के साथ बैठक की और उनसे सीधी वार्ता कर उनका उत्साहवर्धन किया। डीसी ने निर्मित उत्पाद का अवलोकन कर उत्पादान की पूरी प्रक्रिया की जानकारी ली।

मौके पर इस पारम्परिक उत्पाद को कैसे व्यवसाय के रूप में स्थापित करें और इससे जुड़े सभी परिवारों की आजीविका को कैसे बेहतर करें, इस पर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि इस खानदानी पेशे से जुड़े कारीगरों को प्रशासन द्वारा प्रशिक्षण दिया जायेगा और उनके उत्पादों के लिए बाजार की व्यवस्था की जाएगी। कांसा कार्य से जुड़े परिवारों की एक सहकारिता समिति का गठन करने पर भी चर्चा की गई।

उपायुक्त ने बताया कि प्रशासन जारियागढ़ के शिल्प को सक्रिय रूप से बढ़ावा देने के लिए प्रयास कर रहा है। इसमें ग्रामीणों को जागरूक दृष्टिकोण के साथ आगे आने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि कांसा से सम्मानित प्रतीकों के साथ-साथ राष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण प्रतीकों की मूर्तियां बनाई जा सकती हैं। इससे विभिन्न सरकारी विभागों से कंसेरा समुदाय के उत्पादों की बड़ेगी और एक स्थिर बाजार मिलेगा।

# 182 मीटर तक पहुंचा डैम का जलस्तर एक-एक मीटर तक खुले तीन रेडियल गेट

## चांडिल इलाके में बारिश का असर, ईचागढ़ गांव में घुसा पानी, सड़क जलमग्न

**PHOTON NEWS CHANDIL :** चांडिल और आसपास के क्षेत्र में गुरुवार को दिनभर हुई बारिश के कारण डैम का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। शुक्रवार की सुबह डैम का जलस्तर 181।70 मीटर पर पहुंच गया था। जिसके बाद डैम के खुले दोनों रेडियल गेटों को एक-एक मीटर तक बढ़ा दिया गया। जलस्तर के घटने के बजाय बढ़ते रहने के कारण करीब साढ़े दस बजे डैम का तीसरा रिडियल गेट भी एक मीटर तक खोल दिया गया। इसके पूर्व 13 अगस्त को एक गेट को 30 सेंटीमीटर और 17 अगस्त को दूसरा गेट 20 सेंटीमीटर तक खोला गया था। बारिश के कारण गुरुवार शाम से ही डैम का जलस्तर बढ़ना शुरू हो गया था। शुक्रवार सुबह तक तेजी से जलस्तर बढ़ता देखकर परियोजना प्रशासन ने तीसरा गेट खोलने का निर्णय लिया। तीन गेटों को एक-एक मीटर तक खोलने के



बाद सुबह साढ़े दस बजे से डैम का जलस्तर स्थिर बताया जा रहा है। चांडिल डैम का जलस्तर बढ़ने के बाद ईचागढ़ गांव में पानी घुस गया है। फिलहाल गांव की सड़कें जलमग्न है और डैम का पानी बढ़ा तो लोगों के घरों में भी पानी घुस जाएगा। तीन रेडियल गेट खोले जाने के बाद डैम का जलस्तर स्थिर है। जिसके बाद विस्थापित राहत की सांस ले रहे हैं। वहीं झमाझम बारिश ने चांडिल डैम के विस्थापितों को उदास कर दिया है। हर साल की तरह इस साल भी बारिश ने फिर एकबार विस्थापितों की चिंता बढ़ा दी है। दरअसल, जब भी भारी बारिश होती हैं तो चांडिल डैम का जलस्तर बढ़ने लगता है। विस्थापितों के घरों में पानी घुसने पर लोगों को मजबूरन दूसरे स्थानों में आश्रय लेना पड़ता है। झमाझम बारिश के बाद चांडिल डैम के जलस्तर में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। विस्थापितों को यह डर सता रही है कि डैम का जलस्तर अचानक न बढ़ जाए और उनका गांव एकबार फिर से जलमग्न ना हो जाए।

**16 जून से चल रहा विस्थापितों का आंदोलन**

अखिल झारखंड विस्थापित अधिकार मंच के बैनर तले 116 गांव के विस्थापित चांडिल पुनर्वास कार्यालय के समक्ष 16 जून से अनिश्चितकालीन धरना पर बैठे हैं। इसके अलावा समय-समय पर कार्यालयों के घेराव कार्यक्रम भी चल रहा है। विस्थापितों की मांग है कि जबतक बकायेदारों का मुआवजा राशि भुगतान पूरा नहीं हो जाता है और सभी विस्थापितों को संपूर्ण पुनर्वास की सुविधा नहीं मिलता है, तबतक डैम का जलस्तर 177 मीटर ही रखा जाए। डैम का जलस्तर बढ़ने के कारण हर साल विस्थापितों के घर, खेत, खलिहान डूब जाते है। जान माल की क्षति होती है। विस्थापितों ने कहा कि यदि डैम का जलस्तर बढ़ाया जाएगा तो सुवर्णरिखा बहुउद्देश्यीय परियोजना के मुख्य अभियंता कार्यालय का घेराव किया जाएगा।

## खरकई नदी पहुची खतरे के निशान से ऊपर स्वर्णरिखा में भी लगातार बढ़ रहा जलस्तर

- ओडिशा के बंकाबल व खरकई डैम के एक-एक गेट खोले गए, चांडिल डैम से भी 500 cumecs पानी छोड़ा गया



**JAMSHEDPUR:** जिले में लगातार हो रही बारिश के कारण खरकई एवं स्वर्णरिखा नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है । फिलहाल खरकई नदी पहुंची खतरे के निशान से .46 ऊपर बह रही है वहीं स्वर्णरिखा के जलस्तर में भी लगातार वृद्धि दर्ज की जा रही। जिला प्रशासन दोनों नदियों के तटीय क्षेत्र व डूब क्षेत्र में रहने वाले लोगों से सतर्क एवं सुरक्षित रहने की अपील करता है। अपील है कि नदी किनारे नहीं जाएं जिससे किसी तरह से जानमाल का नुकसान हो। साथ ही जिला प्रशासन द्वारा दिये जा रहे दिशा-निदेर्शों का अनिवार्य रूप से अनुपालन करें। प्रशासन की ओर से बताया गया कि ओड़िशा के बंकाबल व खरकई डैम के एक-एक गेट खोले गए, चांडिल डैम से भी 500 cumecs पानी छोड़ा गया। ऐसे में अगले कुछ घंटे में दोनों नदियों के जलस्तर में बढ़ोत्तरी हो सकती है। जिसकी वजह से शहर के कहीं निचले इलाकों में पानी घुस सकता है। ऐसे में प्रशासन ने लोगों से सतर्कता बरतने की अपील की है।

## BRIEF NEWS

### आरएसपी में हॉट स्ट्रिप मिल-1 और 2 को सर्वश्रेष्ठ विभाग के तौर पर सृजनी रोलिंग ट्रॉफी हासिल



**ROURKELA:** राउरकेला इस्पात संयंत्र (आरएसपी) के हॉट स्ट्रिप मिल-1 और 2 विभाग ने वर्ष 2022-23 सर्वश्रेष्ठ विभाग के तौर पर सृजनी रोलिंग ट्रॉफी जीता है। स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या समारोह पर सिविक सेंटर में आयोजित सम्मान समारोह में राउरकेला इस्पात संयंत्र और बोकारो स्टील प्लांट के निदेशक प्रभारी अतनु भौमिक ने मुख्य महा प्रबंधक (एचएसएम-2) राज किशोर मुदुली और टीम को ट्रॉफी प्रदान किया। दूसरे सर्वश्रेष्ठ विभाग के लिए सृजनी रोलिंग ट्रॉफी न्यू प्लेट मिल को मिली। मुख?य महा प्रबंधक (एनपीएम और एसपीपी) कार्तिकेया बेहेरा के नेतृत्व वाली टीम ने पुरस्कार प्राप्त किया। शॉप्स विभाग तीसरे सर्वश्रेष्ठ विभाग के लिए सृजनी रोलिंग ट्रॉफी का प्राप्तकर्ता था। मुख्य महा प्रबंधक (डिजाइन एवं शॉप्स) रवि रंजन और टीम ने विभाग की ओर से पुरस्कार स्वीकार किया। योग्यता के क्रम में तीन सर्वश्रेष्ठ सृजनी कॉर्डिनेटर पुरस्कार प्रबंधक (एनपीएम) अभिजीत पटनायक, सहायक महा प्रबंधक (एचएसएम-1) अजय कुमार पुजारी और उप महा प्रबंधक (एसपी-2) सब्यसाची जेना ने जीता। प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार विजेताओं को योग्यता प्रमाण पत्र के साथ क्रमशः 5 हजार, 4 हजार और 3 हजार का पुरस्कारि मला।

### अंतर विश्वविद्यालय क्वीज प्रतियोगिता संपन्न



**JAMSHEDPUR:** को ऑपरेटिव कालेज जमशेदपुर के विवेकानंद सभागार में अंतर विश्वविद्यालय क्वीज प्रतियोगिता शुरूआत किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम का उद्धघाटन महाविद्यालय के प्राचार्य डा अमर सिंह ने द्वीप प्रज्जवलित करके उद्धघाटन किया गया। कार्यक्रम में अपने संबोधन में प्राचार्य डा अमर सिंह ने कहा कि कार्यक्रम के माध्यम से एमओयू मजबूत करना एवं दूसरे विश्वविद्यालय से ज्ञान का आदान प्रदान करना एक मात्र उदेश्य है। इसको लेकर महाविद्यालय के द्वारा लंबे समय से प्रयास किया जा रहा हे। जिसमें कई विश्वविद्यालय का काफी सहयोग रहा है।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्रीनाथ विश्वविद्यालय, उषा मार्टिन विश्वविद्यालय के अलावा महाविद्यालय के आठ टीमों के द्वारा भाग लिया गया। इस प्रतियोगता में प्रथम बीएड के तापस पाकिरा,कुमार शविम, तृतीय स्थान पर सीता सोरेन जमशेदपुर को ऑपरेटिव कॉलेज रही इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कला एवं संस्कृतिक सेल की कोर्डिनेटर डा अंतरा कुमारी ने किया ।

### ब्रह्माकुमारीज ने छात्रों व शिक्षकों को योग से तनाव दूर करने के बताए उपाय

**JAMSHEDPUR:** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से बिष्टुपुर स्थित कृष्णा पब्लिक स्कूल एवं वीमेंस कॉलेज में स्टूडेंट्स और टीचर्स के लिए तनाव प्रबंधन पर एक सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र में ब्रह्माकुमारीज की वक्ता बी के रुचि ने सभी को राजयोग मेडिटेशन द्वारा स्वयं की भावनाओं को नियंत्रित रखने के बारे में बताया। उन्होंने तनाव प्रबंधन की विधि बताते हुए रोज रात सोने से पहले मन को आत्म चिंतन द्वारा साफ करने के लिए कहा, जिससे अगले दिन सुबह जब आप उठे तो पिछले दिन की नकारात्मक बातों से मुक्त हो नई शुरूआत कर सकें। बीके रुचि बहन ने बहुत मनोरंजक उदाहरणों द्वारा इस महत्वपूर्ण विषय पर प्रकाश डाला। फिजियोलॉजीस्ट बी के डॉ पीयूष रंजन एवं ब्रह्माकुमारी बी के अंजना बहन भी इस कार्यक्रम में शामिल थे ।

## मानगो में घर के सामने से चुरा ले गए गाड़ी



**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** जमशेदपुरः उलीडीह थाने से मात्र 300 मीटर की दूरी पर स्थित नेशनल इलेक्ट्रॉनिक के बगल में रहने वाले अजय कुमार यादव की निजी टाटा एस गाड़ी कल रात चोरी हो गई। अजय कुमार यादव अपने कार्य से आकर टाटा एस गाड़ी न. **JH05CF**-5209 घर के बाहर डिमना मुख्य सड़क के किनारे लगाकर अपने घर के अंदर चले गए थे। सुबह जब वह सो कर उठे तो देखें कि उनके दरवाजे के सामने खड़ी टाटा एस गाड़ी गायब है। अजय कुमार यादव ने इसकी सूचना भाजपा नेता विकास सिंह एवं उलीडीह थाना को दिया। मौके पर पहुंचे भाजपा नेता विकास सिंह ने उलीडीह थाना में जाकर सीसीटीवी कैमरे खंगालने की बात कही। सीसीटीवी फुटेज में देखा जा सकता है कि रात्री 12:40 बजे चार चोर मोटरसाइकिल से राजस्थान धर्मशाला के समीप आकर रुके। उसमें एक चोर रोड इस पर आकर मास्टर चाबी से आसानी से टाटा एस गाड़ी लेकर राजस्थान धर्मशाला के समीप अपने साथियों के पास रुकते हुए मानगो चौक की और भाग खड़ा हुआ। अजय कुमार यादव ने इसकी लिखित शिकायत उलीडीह थाने में दिया है। मौके में पहुंचे भाजपा नेता विकास सिंह ने कहा मानगो में अपराध का ग्राफ बहुत ऊंचा बढ़ गया है। अपराधी बेकाबू हो गए हैं। रात्रि 12:40 में सबसे व्यस्ततम रोड से गाड़ी का चोरी होना कहीं ना कहीं अपराधियों के मनोबल का बढ़ना साबित कर रहा है। पूरा मानगो में नशा का सामान एवं डेली लॉटरी की बिक्री चरम सीमा पर जिसके कारण अपराध खुलेआम लोग कर रहे हैं। उलीडीह थाना पहुंचे भाजपा नेता विकास सिंह एवं अजय कुमार यादव को थानेदार ने भरोसा दिलाते हुए कहा कि पुलिस अपनी कार्रवाई शुरू कर दी है। जल्द गाड़ी बरामद कर लिया जाएगा।

### छह कर्मचारियों को मिला 'आरएसपी गौरव' पुरस्कार



**ROURKELA:** इस्पात स्टेडियम में आयोजित भव्य स्वतंत्रता दिवस समारोह में छह कर्मचारियों को नई पुरस्कार योजना आरएसपी गौरव से नवाजा गया। राउरकेला इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी अतनु भौमिक ने पुरस्कार प्रदान किया।

गैर-कार्यपालक श्रेणी में डीओपी (सीएण?डआईटी) अमित कुमार स?वाई ने पहला पुरस्कार जीता, जबकि दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त करने वाले क्रमशः अमितोष सामल और दीपक कुमार दे है।

कार्यपालक श्रेणी में, पहला स्थान वरिष?ठ प्रबंधक (सीसीडी) सुजीत कुमार पांडे ने जीता। वरिष?ठ प्रबंधक (सीपीपी-1) शाश्वत सेठ दुसरे स्थान पर रहे जबकि सहायक प्रबंधक (कैल्सिनिंग प?लांट-2) सत्यब्रत नायक ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

## सुंदरगढ़ में ड़कैती की कोशिश नाकाम, बाइक छोड़कर भागे लुटेरे




**PHOTON NEWS SUNDARGARH:** सुंदरगढ़ जिले के कुतरा ब्लॉक में शुक्रवार को बंदूक की नोक पर डकैती की कोशिश को लोगो ने नाकाम कर दिया। लोगों ने लूट का विरोध किया तो लुटेरे बाइक छोड़कर भाग निकले। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को एसबीआई सेवाकेंद्र के मालिक बीरेंद्र साहू अपनी बाइक से बामड़ा से आ रहे थे। कुतरा ब्लॉक अंतर्गत अंबागोवा ग्राम पंचायत के एल्गा के पास जंगल की सड़क पर लुटेरों ने बंदूक की नोक पर उनका बैग लूटने की कोशिश की। मास्क पहने हुए तीनों युवक पल्सर बाइक पर आए थे। सर्विस सेंटर का मालिक वीरेंद्र वहां से भाग गया और बाल-बाल बच गया। चीख-पुकार सुनकर कुछ लोग आए तो लुटेरे बाइक छोड़कर भाग गए। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

## राउरकेला में विश्वकर्मा मंदिर निर्माण के लिए हुआ भूमि पूजन

**PHOTON NEWS ROURKELA:** राउरकेला स्टील टाउनशिप क्षेत्र में अहिराबंध जगन्नाथ मंदिर की एक अनूठी पहचान है। इस अहिराबंध में केवल भगवान जगन्नाथ मंदिर ही नही और कई अन्य देवी-देवताओं के भी मंदिर हैं। सामान्य तौर पर कहें तो यह मंदिर राउरकेला के प्राचीन देवपीठ के रूप में जाना जाता है। इसका प्रबंधन श्री श्री जगन्नाथ और वैद्यनाथ महाप्रभु मंदिर ट्रस्ट बोर्ड द्वारा किया जाता है। पिछले सोमवार 14 अगस्त को इस मंदिर परिसर में विश्वकर्मा मंदिर के निर्माण के लिए भूमि पूजन समारोह



पूरा हो गया है। चूंकि पुराना विश्वकर्मा मंदिर काफी जर्जर हालत में है, ऐसे में नए मंदिर की जरूरत को देखते हुए ऐसा कदम उठाया गया है।

भूमि पूजन समारोह रघुनाथपल्ली के विधायक सुब्रत तराई के उपस्थिति में आयोजित किया गया और इस अवसर पर मंदिर परिसर के वरिष्ठ पुजारी त्रिनाथ नना, मंदिर के ट्रस्टी सुधीर सुंदर राय, जगन्नाथ मंदिर के मित्रभानु पांडा सहित सैकड़ों महाराणा समाज के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सुंदरगढ़ में टोपाडीही के पास बारूदी सुरंग मिली, की गयी निष्क्रिय

**PHOTON NEWS SUNDARGARH:** सुंदरगढ़। ओडिशा के सुंदरगढ़ जिले में टोपाडीही स्टेशन के पास रेलवे ट्रैक से बारूदी सुरंग जब्त की गई। जिला स्वयंसेवी बल (डीवीएफ) के जवानों ने शुक्रवार को ओडिशा के सुंदरगढ़ जिले में कोइड़ा पुलिस सीमा के तहत टोपाडीही के पास रेलवे ट्रैक से 10 किलोग्राम से अधिक वजन की एक बारूदी सुरंग जब्त की।

स्थानीय ग्रामीणों ने रेलवे ट्रैक पर






बारूदी सुरंग देखी और पुलिस को सूचित किया। इसके तुरंत बाद, डीवीएफ और पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे और बारूदी सुरंग को जब्त कर लिया। बम निरोधक दल ने पास के जंगल में बारूदी सुरंग को निष्क्रिय कर दिया। घटना के बाद पूरे इलाके में और खासकर ओडिशा-झारखंड सीमा पर नक्सली हिंसा के मद्देनजर तलाशी अभियान तेज कर दिया गया है। इस बीच रेलवे ने टोपाडीही और पड़ोसी रेलवे स्टेशनों के स्टेशन मास्टरों को क्षेत्र में संभावित माओवादी तोड़फोड़ के बारे में सतर्क कर दिया है। प्रारंभिक जांच के बाद स्थानीय एसडीपीओ ने कहा कि बारूदी सुरंग काफी पुरानी थी और इससे ज्यादा खतरा नहीं था।

### आकर्षक लाइटों से सूर्यधाम परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में रहेगी चकाचौंध, तैयारी को दिया गया अंतिम रुप

## तीसरी सोमवारी पर निकलेगी जलाभिषेक यात्रा, 25 हजार भक्त होंगे शामिल

**PHOTON NEWS JAMSHED PUR:** सूर्य मंदिर समिती द्वारा पवित्र श्रावण माह के तृतीय सोमवारी को होने वाले सामुहिक जलाभिषेक यात्रा की सफलता को लेकर मंदिर समिति ने तैयारियों की समीक्षा बैठक की। एक ओर जहां मंदिर सवमिति के सदस्यगण जलाभिषेक यात्रा के आयोजन को आकर्षक और ऐतिहासिक बनाने में जुटी है। इस दौरान जलाभिषेक यात्रा, झांकी, ट्रैफिक, पेयजल, मेडिकल टीम, बेरिकेडिंग, भगवान भोलेनाथ को जलार्पण, महाप्रसाद, विद्युत एवं पुष्प सज्जा इत्यादि से संबंधित कार्य सहित जलाभिषेक यात्रा के दृष्टिकोण से किए जाने वाले व्यवस्थाओं को लेकर उपस्थित सदस्यों के साथ विचार-विमर्श किया गया एवं सुझाव भी लिये गये। प्राप्त सुझावों को संबंधित प्रभार वाले लोगों से चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गए। जलाभिषेक यात्रा के गंतव्य स्थान बारीडीह हरि मंदिर मैदान से निकलने को लेकर आवश्यक तैयारी, संध्याकाल में महाशिवालाय की महाआरती एवं यात्रा की रूपरेखा की तैयारी को अंतिम रुप दिया गया। श्रावण माह के तीसरी सोमवारी को आकर्षक लाइटों से सूर्यधाम परिसर एवं आसपास के क्षेत्र पूरी तरह चकाचौंध रहेगी। इसके साथ ही, मंदिर मार्ग के अलग-अलग रूटों पर भी साज-सज्जा की जा रही है।

25 हजार श्रद्धालु होंगे शामिलः
सूर्य मंदिर समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने बताया कि आगामी 21 अगस्त को जलाभिषेक यात्रा में



कमेटी ने 25 हजार महिला एवं पुरूष श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना जताई है। तृतीय सोमवारी के अवसर पर जलाभिषेक यात्रा में हजारों शिवभक्त हाथों में जल लेकर सूर्य मंदिर शिवालय में जलार्पण करते हैं। जिसमें सूर्य मंदिर के मुख्य संरक्षक सह पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह के संग हजारों श्रद्धालु शामिल होते हैं। पिछले कई वर्षों से यह आयोजन प्रत्येक वर्ष भव्य एवं व्यवस्थित रूप में सम्पन्न होता आया है। प्रातः 6 बजे से श्रद्धालु बारीडीह हरि मंदिर मैदान में एकत्रित होंगे जहां स्वर्णरिखा नदी में 11 सदस्यीय पंडितों के समूह द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच जलाभिषेक का संकल्प कराया जाएगा। इसके पश्चात, हजारों की संख्या में शामिल श्रद्धालु कतारबद्ध होकर सूर्य मंदिर शिवालय के लिए प्रस्थान करेंगे।

**प्रसाद वितरण केलिए बनाए गए 20 काउंटरः**

जलाभिषेक यात्रा के संयोजक मिथिलेश सिंह यादव ने बताया कि यात्रा के दौरान भक्तिमय संगीत, विशालकाय शिवलिंग, मनोरम झांकी के साथ बुलडोजर से पुष्पवर्षा की जाएगी। श्रद्धालुओं की भीड़ और व्रतधारी श्रद्धालुओं के सहूलियत हेतु बाबा बैधनाथ धाम की तर्ज अरघा के माध्यम से जलार्पण की तैयारी की गई है। पूरे रास्ते में यातायात नियंत्रण करने और सूर्य मंदिर में सहयोग हेतु 200 से अधिक सूर्यधाम सेवक सक्रिय रहेंगे। जलाभिषेक यात्रा के दौरान पूरे रास्ते में स्वच्छ एवं निर्मल जल का छिड़काव किया जाएगा। वहीं, जलार्पण के पश्चात सोन मंडप परिसर में महाप्रसाद वितरण की व्यवस्था है। जहां प्रसाद वितरण के 20 काउंटर एवं पानी के 15 काउंटर लगाए जाएंगे। जिसको लेकर मंदिर समिति के सदस्यगण सफल बनाने में जुटे हैं। उन्होंने बताया कि जमशेदपुरवासियों के सहयोग और आस्था से जलाभिषेक यात्रा ऐतिहासिक एवं भव्य रूप में सफल होगी।

बैठक में सूर्य मंदिर समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, मिथिलेश सिंह यादव, संजीव सिंह, महासचिव अखिलेश चौधरी, लक्ष्मीकांत सिंह, अमरजीत सिंह राजा, शैलेश गुप्ता, शशिकांत सिंह, बंटी अग्रवाल, कंचन दत्ता

### राजगांगपुर में बाइक सवार पर गिरा बिजली का खंभा, बाल-बाल बचा



**RAJGANGPUR:** राजगांगपुर इलाके में शुक्रवार को एक बाइक सवार बड़ी दुर्घटना से बाल-बाल बच गया। बड़गुलीयाली क्षेत्र के हरेकृष्ण लकड़ा आज अपनी बाइक चला रहे थे, तभी चलती बाइक पर बिजली का खंभा गिर गया। लामलोय अंचल के बागडेगा गांव के पास 11 केवी बिजली का खंभा अचानक बाइक पर गिर गया। स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और बाइक सवार को बचाया। स्थानीय लोगो का कहना है कि बिजली विभाग जगह-जगह लगे हुए क्षतिग्रस्त बिजली के खंभों पर ध्यान नहीं दे रहा है।

## न्याय की दिशा में प्रभावी पहल

भारत को ब्रिटिश राज के कानूनों से मुक्ति दिलाने की दिशा में सरकार ने ऐतिहासिक कदम उठाया है। इसके तहत गृहमंत्री अमित शाह ने संबंधित कानूनों से जुड़े विधेयक लोकसभा में प्रस्तुत किए। इस पहल में भारतीय दंड संहिता को बदलकर भारतीय न्याय संहिता किए जाने का प्रस्ताव है। इसी के साथ दंड प्रक्रिया संहिता, जिसका अधिकांश भाग अंग्रेजों के जमाने का ही था, के स्थान पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता लाई जा रही है। अत्यंत महत्वपूर्ण और आम जनमानस को प्रभावित करने वाले इन विधेयकों को फिलहाल संसद की स्थायी समिति के पास भेज दिया गया है। दशकों तक आतंकवाद के भुक्तभोगी रहे भारत के मुख्य दंडात्मक कानून में अभी तक कतिपय राजनीतिक कारणों के चलते आतंकवाद की कोई परिभाषा ही नहीं थी। प्रस्तावित भारतीय न्याय संहिता आतंकवाद और आतंकवादी कृत्यों की एक व्यापक परिभाषा देती है और ऐसे किसी कृत्य के द्वारा किसी की मृत्यु हो जाने पर न्यूनतम दंड आजीवन कारावास निर्धारित करती है जिसके दौरान अपराधी को पैरोल भी नहीं मिल सकेगी। यह अत्यंत स्वागतयोग्य प्रविधान है। इसके साथ ही संवेदनशील आधारभूत ढांचे पर हमले को भी आतंकवादी कृत्य की श्रेणी में रखा गया है। ऐसे किसी आतंकी कृत्य में किसी की मृत्यु न होने की स्थिति में न्यूनतम पांच वर्ष के कारावास का प्रविधान रखा है। इसे बढ़ाकर सात वर्ष से अधिक कर दिया जाना चाहिए। साथ ही, ऐसे मामलों में भी पैरोल का प्रविधान न हो, ताकि आतंकी किसी भी प्रकार से प्रक्रियात्मक लाभ न उठा सकें, क्योंकि सात वर्ष तक की सजा के मामलों में भारतीय न्यायपालिका से आने वाले कई फैसलों का रुझान प्रक्रियात्मक बिंदुओं पर लचीला रहा है। प्रस्तावित कानून संगठित अपराध पर चोट करते हुए पहली बार मुख्य दंडात्मक विधि में संगठित अपराध की भी एक व्यापक परिभाषा देता है जिसके अंतर्गत तीन या उससे अधिक व्यक्तियों द्वारा संचालित सतत आपराधिक गतिविधियों को इसमें अपराध की श्रेणी में रखा गया है। साइबर एवं आर्थिक अपराधों को भी इसमें शामिल किया गया है। इस परिभाषा को और धार देने के लिए सतत आपराधिक गतिविधि माने जाने के लिए ऐसे आपराधिक सिंडिकेट के विरुद्ध दस साल की अवधि में दो आरोपपत्रों पर न्यायालय द्वारा संज्ञान लिया जाना काफी होगा। इसका प्रभाव यह होगा कि दर्जनों आपराधिक मुकदमे दर्ज होने पर भी माफिया सरगनाओं के बाहर घूमने का चलन समाप्त हो जाएगा। साथ ही अब किसी प्रदेश में संगठित अपराध के विरुद्ध विशेष कानून न होने पर भी भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत माफिया तत्वों पर कार्रवाई की जा सकेगी। भारत में भीड़ द्वारा घृणा के कारण हत्या या माब लिंचिंग के विरुद्ध पहली बार सजा के विशेष प्रविधान किए गए हैं जिसके अंतर्गत न्यूनतम सात वर्ष कारावास से लेकर मृत्युदंड तक की सजा हो सकती है। माब लिंचिंग की घटनाओं को लेकर मोदी सरकार पर राजनीतिक हमले होते रहे हैं, लेकिन यही सरकार ही इस अपराध के विरुद्ध कड़ा कानून लेकर आ रही है। मोदी सरकार ने शाहीन बाग, सीएए विरोधी दिल्ली दंगों और 26 जनवरी को किसान आंदोलन के नाम पर गणतंत्र दिवस की परेड के समय लाल किले पर खालिस्तान समर्थकों के उपद्रव को झेला है। ये तथाकथित आंदोलन ऐसे समय पर हो रहे थे जब देश कोविड महामारी से जूझ रहा था या चीन के साथ युद्ध के कगार पर खड़ा था। ऐसे गंभीर समय में भी देश की राजधानी को घेर कर रखा गया था और उसके कई हिस्सों का संपर्क बाकी देश से कटा था। शाहीन बाग धरने के समय तो पूर्वोत्तर भारत को देश से काट डालने का आह्वान भी किया गया था। नए कानून में ऐसी देशविरोधी गतिविधियों से निपटने के लिए समुचित प्रविधान किए गए हैं जिनके अंतर्गत भड़काऊ भाषणों द्वारा देश की एकता-अखंडता को खतरे में डालने के लिए लोगों को भड़काना या विध्वंसक गतिविधियों के लिए उकसाना अब दंडनीय अपराध होगा जिसके लिए सात वर्ष से लेकर आजीवन कारावास तक की सजा होगी। राष्ट्रीय सुरक्षा की चुनौतियों को देखते हुए ये सभी सराहनीय कदम हैं, परंतु कुछ अन्य मामलों से जुड़े कुछ प्रविधानों पर और गहन चिंतन की आवश्यकता है। जैसे कि भारतीय न्याय संहिता की धारा 195 का चौथा उपबंध ऐसी किसी झूठी या भ्रामक सूचना के प्रचार-प्रसार को दंडनीय बनाता है जिससे देश की एकता-अखंडता या सुरक्षा के लिए खतरा उत्पन्न होता हो। इस प्रविधान की वर्तमान भाषा के अनुसार आपराधिक मंशा होना आवश्यक नहीं है। सतही तौर पर फेक न्यूज से निपटने के लिए यह अच्छा प्रविधान लगता है, मगर इंटरनेट मीडिया के इस दौर में इस पहलू के राजनीतिक दलों द्वारा दुरुपयोग किए जाने की आशंका है। अक्सर सरकारें कई घटनाओं को दबा देना चाहती हैं और उनसे जुड़े समाचारों को फर्जी बताकर अपने हित साधती हैं। ऐसे में प्रश्न यह है कि फेक न्यूज क्या है और क्या नहीं, यह कौन तय करेगा? पूर्व में सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 66-ए का ऐसा दुरुपयोग देखा जा चुका है। इसी प्रकार धारा 194(2) में ऐसे किसी भी कृत्य को दंडनीय माना गया है जिसके द्वारा समूहों, जातियों अथवा संप्रदायों के बीच तनाव उत्पन्न होता हो। भारत में कई ऐसे मत-मजहब हैं जो तमाम कुरीतियों और अंधविश्वासों से भरे हैं, परंतु उनकी आलोचना की स्थिति में वे मार-काट पर उतर आते हैं। ऐसे में उनके सुधार हेतु कही गई कोई बात या आलोचना भी अपराध की श्रेणी में आ जाएगी जो भारत की सामाजिक उन्नति के लिए सही नहीं है।

# सावन का त्योहार, खुशियां अपार

ANALYSIS



रमेश सर्राफ धमोरा

**तीज का त्योहार भारत के कोने-कोने में मनाया जाने वाला एक महत्वपूर्ण त्योहार है। यह त्योहार भारत के उत्तरी क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार माता पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में पाने के लिए इस व्रत का पालन किया था। परिणामस्वरूप भगवान शिव ने उनके तप से प्रसन्न होकर उन्हें पत्नी रूप में स्वीकार किया था। माना जाता है कि श्रावण शुक्ल तृतीया के दिन माता पार्वती ने सौ वर्षों के तप उपरान्त भगवान शिव को पति रूप में पाया था। इसी मान्यता के अनुसार स्त्रियां माता पार्वती का पूजन करती हैं। वर्षा ऋतु में श्रावण के महीने में हमारे देश में चारों तरफ पानी बरसता रहता है। इस दौरान चारों तरफ हरियाली ही हरियाली नजर आती है। हरियाली के आगोश में प्रकृति इस तरह झूम उठती है मानो पृथ्वी अपनी हरी-भरी बाहें फैलाकर सबका अभिनंदन कर रही हो। श्रावण के महीने को हिंदू धर्मावलंबी भगवान शिव का महीना मान मानकर भगवान शिव की पूजा अर्चना करते हैं। कांवड़िए देशभर में विभिन्न नदी, तालाबों से जल लाकर भगवान शिव का अभिषेक करते हैं।**

श्रावण के महीने में चारों ओर हरियाली की चादर सी बिखर जाती है। जिसे देख कर सबका मन झूम उठता है। सावन का महीना एक अलग ही मस्ती और उमंग लेकर आता है। श्रावण के सुहावने मौसम के मध्य में आता है तीज का त्योहार। श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया को श्रावणी तीज कहते हैं। उत्तर भारत में यह हरियाली तीज के नाम से भी जानी जाती है। सावन के महीने में सिंजारा, तीज, नागपंचमी एवं सावन के सोमवार जैसे लोकपर्व उत्साह पूर्वक मनाए जाते हैं। श्रावण के महीने में मनाई जानेवाली हरियाली तीज आस्था, प्रेम, सौंदर्य व उमंग का त्योहार है। तीज को मुख्यतः महिलाओं का त्योहार माना जाता है। यह पर्व महिलाओं की सांस्कृतिक मान्यताओं का प्रतीक है। सावन माह में मनाया जाने वाला हरियाली पर्व दंपतियों के वैवाहिक जीवन में समृद्धि, खुशी और तरक्की का प्रतीक है। तीज का त्योहार भारत के कोने-कोने में मनाया जाने वाला एक महत्वपूर्ण त्योहार है। यह त्योहार भारत के उत्तरी क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार माता पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में पाने के लिए इस व्रत का पालन किया था। परिणामस्वरूप भगवान शिव ने उनके तप से प्रसन्न होकर उन्हें पत्नी रूप में स्वीकार किया था। माना जाता है कि श्रावण शुक्ल तृतीया के दिन माता पार्वती ने सौ वर्षों के तप उपरान्त भगवान शिव को पति रूप में पाया था। इसी मान्यता के अनुसार स्त्रियां माता पार्वती का पूजन करती हैं। वर्षा ऋतु में श्रावण के महीने में हमारे देश में चारों तरफ पानी बरसता रहता है। इस दौरान चारों तरफ हरियाली ही हरियाली नजर आती है। हरियाली के आगोश में प्रकृति इस तरह झूम उठती है मानो पृथ्वी



अपनी हरी-भरी बाहें फैलाकर सबका अभिनंदन कर रही हो। श्रावण के महीने को हिंदू धर्मावलंबी भगवान शिव का महीना मान मानकर भगवान शिव की पूजा अर्चना करते हैं। कांवड़िए देशभर में विभिन्न नदी, तालाबों से जल लाकर भगवान शिव का अभिषेक करते हैं। गणगौर के बाद त्योहारों का सिलसिला रुक जाता है वह एक बार फिर श्रावण मास की तीज से प्रारंभ हो जाता है। श्रावण का महीना महिलाओं के लिए विशेष उल्लास का महीना होता है। इस महीने में आने वाले अधिकांश लोक पर्व महिलाओं द्वारा ही मनाए जाते हैं। श्रावण का आगमन ही इस त्योहार के आने की आहट सुनाने लगता है। समस्त सृष्टि सावन के अद्भुत सौंदर्य में भीगी हुई सी नजर आती है। यह पर्व भारतीय जनमानस के अटूट विश्वास को और अधिक प्रगाढ़ता प्रदान करने का पर्व है। इस पर्व में हरियाली शब्द से ही साफ है कि इसका ताल्लुक पेड़-पौधों और पर्यावरण से है। यह त्योहार जीवन में जश्न का प्रतीक है और हरियाली तीज का पर्व प्रकृति का त्योहार हैं। इस मौके पर महिलाएं अच्छी फसल के लिए भी प्रार्थना करती हैं। तीज पर मेहंदी लगाने, चूडियां पहनने, झूला झूलने तथा लोक गीतों को गाने का विशेष महत्व है। तीज के त्योहार वाले दिन खुले स्थानों पर बड़े-बड़े वृक्षों की शाखाओं पर, घर की छत पर या बरामदे में झूले लगाए जाते हैं जिन पर स्त्रियां झूला झूलती हैं। हरियाली तीज के दिन अनेक स्थानों पर मेलों का भी आयोजन होता है। हाथों में रची मेहंदी की तरह ही प्रकृति पर भी हरियाली की चादर सी बिछ जाती है। इस नयनाभिराम सौंदर्य को देखकर मन में स्वतः ही मधुर झनकार सी बजने लगती है और हृदय पुलकित होकर नाच उठता है। इस समय वर्षा ऋतु की बौछारें प्रकृति को पूर्ण रूप से भिगो देती हैं। सावन की तीज में महिलाएं व्रत रखती हैं। इस व्रत को अविवाहित कन्याएं योग्य वर को पाने के लिए करती हैं तथा विवाहित महिलाएं अपने सुखी दांपत्य की चाहत के लिए करती हैं। राजस्थान में जिन कन्याओं की सगाई हो गई होती है। उन्हें अपने होने वाले सास ससुर से एक दिन पहले ही भेंट मिलती है। इस भेंट को स्थानीय भाषा में सिंझारा कहते हैं। सिंझारा में मेहंदी, लाख की चूडियां, लहरिया नामक विशेष वेश-भूषा, घेवर नामक मिठाई जैसी कई वस्तुएं होती हैं। पीहर पक्ष द्वारा अपनी विवाहित पुत्री को भी सिंजारा भेजा जाता है। जिसे पूजा के बाद सास को सुपुर्द कर दिया जाता है। राजस्थान में नवविवाहिता युवतियों को सावन में ससुराल से मायके बुलाने की भी परम्परा है। अपने सुखी दांपत्य जीवन की कामना के लिये स्त्रियां यह व्रत किया करती हैं। इस दिन उपवास कर भगवान शंकर-पार्वती की बालू से मूर्ति बनाकर शोडशोपचार पूजन किया जाता है जो रात्रि भर चलता है। स्त्रियों द्वारा सुंदर वस्त्र धारण किये जाते है तथा घर को सजाया जाता है। इसके बाद मंगल गीतों से रात्रि जागरण किया जाता है। इस व्रत को करने वालि स्त्रियों को पार्वती के समान सुख प्राप्त होता है। तीज का आगमन वर्षा ऋतु के आगमन के साथ ही आरंभ हो जाता है। आसमान काले मेघों से आच्छादित हो जाता है और वर्षा की फोहार पड़ते ही हर वस्तु नवरूप को प्राप्त करती है। ऐसे में भारतीय लोक जीवन में हरियाली तीज या कजली तीज महोत्सव का बहुत गहरा प्रभाव देखा जा सकता है। तीज के अवसर पर नवयुवतियां हाथों में मेहंदी रचाते हुए गीत गाती हैं। समूचा वातावरण श्रृंगार से अभिभूत हो उठता है। इस त्योहार की सबसे बड़ी विशेषता है कि महिलाओं का हाथों पर विभिन्न प्रकार से बेलबूटे बनाकर मेहंदी रचाना। राजस्थान में हाथों व पांवों में भी विवाहिताएं मेहंदी रचाती हैं। जिसे मेहंदी मांडना कहते हैं। इस दिन राजस्थानी बालाएं दूर देश गए अपने पति के तीज पर आने की कामना करती हैं। जो कि उनके लोकगीतों में भी मुखरित होता है। राजस्थान के गांवों में पहले लड़कियां गुड्डे-गुड्डी का खेल खेलती थी। तीज के दिन से गुड्डे-गुड्डी का खेल खेलना बन्द कर देती थी। इसलिए गांव की लड़कियां एक साथ एकत्रित होकर अपनी पुरानी गुड्डे-गुड्डी को गांव के पास के नदी,तालाब, जोहड़ में बहा देती थीं। जिसे गुड्डी बहावना कहा जाता था। आज के दौर में ये सब बीती बातें बन कर रह गई हैं। राजस्थान में मान्यता है कि गणगौर के साथ ही पर्व-त्योहार मनाना बन्द हो जाते हैं। वो तीज के दिन से पुनः मनाए जाने लगते हैं। तीज से शुरू होने के बाद त्योहारों का सिलसिला गणगौर तक चलता है। इसीलिए राजस्थान में एक कहावत प्रचलित है- तीज-त्योंहारा बावड़ी ले डूबी गणगौर।

**(लेखक, हिन्दुस्थान समाचार जुड़े हैं।)**

# देशहित और दलहित के बीच का अंतर

लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बहुत कुछ कहा, लेकिन कुछ अनकहा रह गया। उनके विरोधियों को इसी अनकहे से उम्मीद थी। मोदी ने उन्हें हमला करने का औजार नहीं दिया। उन्होंने लाल किले से न तो विपक्षी दलों पर हमला किया और न ही लोकसभा चुनाव की बात की। बहुत से लोगों को लग सकता है कि यह संबोधन राजनीतिक था, मगर वास्तविकता यही है कि यह संबोधन भारत के भविष्य की झलक दिखाने वाला था। प्रधानमंत्री ने बताया कि वह 2047 में भारत की आजादी के शताब्दी वर्ष में देश को कहां देखना चाहते हैं और उसका रास्ता क्या होगा। मोदी के विरोधी उन्हें 2024 में उलझा हुआ देखना चाहते हैं। मोदी ने 77वें स्वतंत्रता दिवस पर देश और अपने विरोधियों को बताया कि वह 2024 की चिंताओं को कब का पीछे छोड़कर आगे निकल गए हैं। हां, उन्होंने देशवासियों को चेताया जरूर कि एक हजार साल पहले एक राजा हारा था और देश गुलामी की जंजीरों में जकड़ गया। चेतावनी थी कि इतिहास से सबक सीखो और उस गलती को दोहराना मत, क्योंकि अगले पांच साल में मोदी जो कुछ करने की योजना बनाए हुए हैं वह आने वाले हजार सालों तक प्रभाव डालने वाले कामों की नींव रखेगा। देश अमृत महोत्सव से अमृतकाल में पहुंच गया है। प्रधानमंत्री ने जब तीन चुनौतियों- भ्रष्टाचार, वंशवाद और तुष्टीकरण का उल्लेख किया तो लगा कि विपक्ष पर हमला कर रहे हैं। हालांकि, ऐसा सोचना उनके संबोधन की गुरुता को कम करने जैसा होगा। मोदी देश के समक्ष सबसे बड़ी चुनौतियों की बात कर रहे थे। ये चुनौतियां देश के विकास, सामाजिक न्याय और सबको समान अवसर देने के रास्ते की सबसे बड़ी बाधा हैं। यह अलग बात है कि देश के अधिकांश विपक्षी दल इन बुरी प्रवृत्तियों के शिकार हैं। प्रधानमंत्री देश के बारे में सोच रहे हैं और विपक्ष दलीय आग्रह से ऊपर उठने को तैयार नहीं है। मोदी की नजर में विपक्ष कोई चुनौती नहीं है। हां, इन बुरी प्रवृत्तियों को दूर करने में बाधक जरूर है। मोदी के सोच में 2024 का लोकसभा चुनाव एक लंबे सफर में छोटा सा पड़ाव है, जहां बहुत देर तक रुकने की जरूरत नहीं है। विपक्ष के लिए यह पड़ाव नहीं लक्ष्य है। यह है दोनों के सोच का अंतर। एक देश से कम कुछ सोचने को तैयार नहीं है और दूसरे दलगत हित से ऊपर उठने को तैयार नहीं हैं। प्रधानमंत्री देश में दो करोड़ महिला लखपति बनाने का लक्ष्य जल्द से जल्द हासिल करना चाहते हैं और उनके विरोधी सीटों के तालमेल की समस्या में उलझे हुए हैं। मोदी 2047 में भारत को विकसित देश की श्रेणी में देखना चाहते हैं और अगले पांच साल में देश को विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने की गारंटी दे रहे हैं। विपक्ष कह रहा है कि वह तो अपने आप हो जाएगा। उसका सपना तो मोदी को सत्ता से हटाना है। प्रधानमंत्री को इस बात की प्रसन्नता और संतोष है कि पिछले पांच साल में साढ़े तेरह करोड़ देशवासी गरीबी से निकलकर नव मध्यवर्ग में शामिल हो गए। विपक्ष गदगद है कि कर्नाटक में भाजपा को हरा दिया। जनतांत्रिक व्यवस्था में नेता का कद तय करने वाले तत्वों में एक महत्वपूर्ण तत्व होता है उसकी दृष्टि, उसके सपने देखने और उन्हें साकार करने की क्षमता। विपक्ष के सबसे बड़े नेता राहुल गांधी हैं, क्योंकि उनकी पार्टी विपक्ष की सबसे बड़ी पार्टी है। संसद में अविश्वास प्रस्ताव पर राहुल गांधी का भाषण और प्रधानमंत्री मोदी का भाषण बताता है कि दोनों के बीच के अंतर को पाटने के लिए 2047 तक का समय भी बहुत कम है। मणिपुर के मुद्दे पर विपक्ष ने संसद का सत्र नहीं चलने दिया, लेकिन इसी मुद्दे पर गृहमंत्री अमित शाह की तथ्यात्मक और तार्किक बातों का जवाब देने का साहस भी किसी विपक्षी नेता में नहीं हुआ। सत्तारूढ़ दल और आज के विपक्ष में सबसे बड़ा अंतर यही है कि एक सकारात्मक सोच से आगे बढ़ रहा है और दूसरा नकारात्मकता में जकड़ा हुआ है। विपक्ष अभी तक भविष्य के भारत की अपनी दृष्टि को देशवासियों के समक्ष रखने में असफल रहा है। एक पूरे देश को अपना परिवार मानता है और दूसरा परिवार को ही देश मानता है। पहले को लगता है कि देश बढ़ेगा तो देश भर के परिवार बढ़ेंगे, क्योंकि देश ही उसका परिवार है। दूसरे को लगता है कि उसके परिवार के विकास पर ही देश का विकास निर्भर है। एक की नजर में सामाजिक न्याय का अर्थ है सबको समानता की दृष्टि से देखना और समान अवसर देना। दूसरे को लगता है कि एक वर्ग के तुष्टीकरण से वोट मिलता है तो कोई बुराई नहीं है। एक की नजर में भ्रष्टाचार वह दीमक है जो देश के विकास को खोखला कर देता है। दूसरे को लगता है कि भ्रष्टाचार के खिलाफ कुछ कहना करना सीधा उस पर हमला है। ऐसे में रहीम दास जी याद आते हैं। जो लिख गए कि-कहु रहीम कैसे निभै बेर केर को संग, वे डोलत रस आपने उनके फाटत अंग। दोनों पक्षों में बुनियादी अंतर यही है कि मोदी जिन बुराइयों से लड़ने की बात करते हैं, विपक्ष को उन बुराइयों में कोई बुराई दिखती ही नहीं। शायद यह भी एक बड़ी वजह है कि सत्तारूढ़ दल और विपक्ष के बीच संवादहीनता है। संवाद के लिए सबसे आवश्यक शर्त है कि दोनों पक्षों में कुछ मुद्दों पर सहमति हो। इससे पहले कभी ऐसा नहीं रहा। देश के प्रधानमंत्री के लिए विपक्ष के बड़े नेता जिस तरह की भाषा का उपयोग करते हैं वह किसी तरह के संवाद की संभावना ही खत्म कर देती है। हालांकि, विपक्षी दलों की सबसे बड़ी समस्या संवादहीनता नहीं कुछ और है। विपक्षी दलों की सबसे बड़ी समस्या यह है कि उन्हें प्रधानमंत्री मोदी में कोई अच्छाई दिखती नहीं और देश का मतदाता मोदी की कोई बुराई देखने को तैयार नहीं है। इसकी काट विपक्ष को खोजे नहीं मिल रही। इसलिए विपक्षी नेता आपको हर समय खीझे हुए दिखाई देंगे। वे प्रधानमंत्री और उनकी सरकार की आलोचना कम और उनके विरुद्ध बोलने के लिए अपशब्द खोजने में ज्यादा समय लगाते हैं। इसलिए संसद नहीं चलने देते कि सत्तारूढ़ दल को बोलने का मौका मिलेगा। इस चक्कर में अपना कितना मौका गंवा देते हैं, इसका आकलन भी नहीं करते। संसद के सत्र दर सत्र विपक्ष की एक ही रणनीति है कि संसद को ठप कर दो।

# विकसित भारत के मार्ग की चुनौतियां

भारत आजादी के अमृतकाल में प्रवेश कर गया है। वर्ष 2047 तक के इस कालखंड में देश हर क्षेत्र के लिए नए लक्ष्य निर्धारित कर रहा है और उन्हें प्राप्त करने के लिए योजनाएं बना रहा है। भारत का सपना है कि इस दौरान वह विकसित देश बने। इस अवसर पर भारतीय अर्थव्यवस्था के अब तक के सफर पर एक नजर डालना उचित होगा। 15 अगस्त, 1947 को भारत के एक स्वतंत्र राष्ट्र बनने के साथ इसकी अर्थव्यवस्था के पुनर्निर्माण की शुरूआत भी हुई थी। अंग्रेज अपने पीछे आर्थिक रूप से कमजोर एवं अस्थिर भारत छोड़ गए थे। वर्ष 1947 में भारत की जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) या कुल आय 2.7 लाख करोड़ रुपये और जनसंख्या 34 करोड़ थी। कैंब्रिज के इतिहासकार एंगस मैडिसन के अनुसार वैश्विक आय में भारत की हिस्सेदारी वर्ष 1700 में 22.6 प्रतिशत (यूरोप के 23.3 प्रतिशत के बराबर) से घटकर 1952 में मात्र 3.8 प्रतिशत रह गई थी। इसे देखते हुए कई विदेशी विशेषज्ञ एकजुट रहने की भारत की क्षमता पर संदेह जताने लगे थे। तब भारतीय नेता भी चिंतित थे कि कहीं व्यापार और निवेश के माध्यम से विदेशी शासन आर्थिक नियंत्रण के बहाने वापसी न कर ले। ऐसी स्थिति को रोकने के लिए पिछले 76 वर्षों में भारत ने आर्थिक स्वतंत्रता को अपनाया और निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए पंचवर्षीय योजनाओं को तैयार करने के साथ-साथ आर्थिक आत्मनिर्भरता की दिशा में काम किया। आज देश की जीडीपी लगभग 375 लाख करोड़ रुपये हो गई है। वर्ष 1951 में शुरू की गई पहली पंचवर्षीय योजना कृषि उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए कृषि एवं सिंचाई पर केंद्रित थी। 1956 में शुरू की गई दूसरी पंचवर्षीय योजना ने भारत की दीर्घकालिक विकास आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए आर्थिक आधुनिकीकरण की नींव रखी। पं. नेहरू के बाद प्रधानमंत्री बने लालबहादुर शास्त्री ने हरित क्रांति और श्वेत क्रांति को प्रोत्साहन दिया। सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) की सुविधा के उद्देश्य से 1965 में भारतीय खाद्य निगम (एफसीआइ) की स्थापना की गई। हरित क्रांति के परिणामस्वरूप वित्त वर्ष 1978-79 में 13.1 करोड़ टन का रिकार्ड अनाज उत्पादन हुआ। इसने भारत को दुनिया के सबसे बड़े कृषि उत्पादकों में से एक के रूप में स्थापित किया। पिछली सदी का सातवां दशक भारत के लिए विभिन्न आर्थिक चुनौतियां भी लेकर आया था। रुपये के अवमूल्यन ने विभिन्न उपभोक्ता वस्तुओं की कीमतें बढ़ा दी थीं। 19 जुलाई, 1969 को तत्कालीन प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री इंदिरा गांधी ने देश के 14 बड़े बैंकों का राष्ट्रीयकरण करने का फैसला किया, जिसका मुख्य उद्देश्य अकेले बड़े व्यवसायों के विपरीत बैंकों द्वारा कृषि क्षेत्र को दिए गए ऋण को बढ़ाना था। वित्त वर्ष 1985-86 के आम बजट में प्रत्यक्ष करों को कम करने जैसे कुछ सुधार किए गए। देश में सूचना प्रौद्योगिकी और दूरसंचार क्रांति लाने के लिए पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को व्यापक रूप से श्रेय दिया जाता है। जब पीवी नरसिंह राव ने 1991 में प्रधानमंत्री के रूप में पदभार संभाला तब उन्होंने एक नई औद्योगिक नीति की घोषणा की, जिसने उदारीकरण, निजीकरण और वैश्वीकरण पर जोर दिया। इससे भारत की विकास दर, प्रत्यक्ष विदेशी निवेश और प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि हुई। अटल बिहारी वाजपेयी ने देश की आधारभूत संरचना पर ध्यान दिया। उनकी स्वर्णिम चतुर्भुज योजना ने चेन्नई, कोलकाता, दिल्ली और मुंबई को हाईवे नेटवर्क से जोड़ा। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से शहर एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत किया। मनमोहन सिंह के कार्यकाल में राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम एवं खाद्य सुरक्षा अधिनियम अस्तित्व में आए जिन्होंने ग्रामीण रोजगार एवं गरीबों को मजबूती दी। आर्थिक प्रगति के एक नए युग की शुरूआत करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने योजना आयोग की जगह नीति आयोग का गठन किया।

## Social Media Corner

**सच के हक में...**



'विकसित भारत' के संकल्प को आगे ले जाने में हमारी पंचायतों की भूमिका अहम है। इन्हें और ज्यादा सशक्त करने के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। इसी दिशा में आज सुबह 10.30 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए 'क्षेत्रीय पंचायती राज परिषद' के कार्यक्रम में शामिल होने का सौभाग्य मिलेगा।

**(प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ट्विटर अकाउंट से)**



राज्य में विधि-व्यवस्था की स्थिति को लेकर आज वरीय पुलिस अधिकरियों के साथ बैठक में स्पष्ट निर्देश दिया कि पुलिस को जब मैंने काम करने की पूरी छूट दे रखी है तो अपराध नियंत्रण में कोई कोताही बर्दाश्त नहीं होगी। पुलिस प्रशासन के पदाधिकारी अपनी कार्यशैली में सुधार लाए अन्यथा कार्रवाई के लिए तैयार रहे।

**(मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के ट्विटर अकाउंट से)**



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी कब क्या कहते हैं लगता उन्हें भी इसका ध्यान नहीं रहता। मॉब लिंचिंग पर दिया गया मुख्यमंत्री जी का यह गैर जिम्मेदाराना बयान उनकी जानकारी और समझ पर प्रश्नचिन्ह खड़ा करता है।

**(पूर्व सीएम रघुवर दास के ट्विटर अकाउंट से)**

## I WANT TO SAY...

THE PHOTON NEWS



देश में मधुमेह, हृदय रोग, कैंसर, उच्च रक्तचाप, किडनी एवं अल्जाइमर जैसे गैर संचारी घातक रोगों का प्रसार पिछले कुछ वर्षों में काफी तेजी से हुआ है। इन सभी बीमारियों को एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में संचारित नहीं होने की वजह से इन्हें गैर संक्रामक रोग कहा जाता है। इन रोगों के प्रसार का मुख्य कारण तेजी से बदलती जीवनशैली, आहार, व्यवहार एवं आधुनिक तकनीकी पर निर्भरता है। यदि समय रहते लोग सचेत नहीं हुए तो इसके घातक परिणाम का व्यापक असर होगा। शारीरिक क्रियाकलाप के लिए जरूरी उर्जा के लिए आहार एवं पेय पदार्थ आवश्यक है। अस्वस्थकारी, दूषित आहार एवं पेय पदार्थ रोगों का कारण बनता है। शुद्ध आहार पर्याप्त मात्रा में सेवन करके गैर संचारी रोगों से बचा जा सकता है। गैर संचारी रोगों से ग्रसित होने की स्थिति में आहार संबंधी चिकित्सीय परामर्श का पालन करना चाहिए। प्रत्येक व्यक्ति को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना चाहिए और वजन, लंबाई, बीएमआई, उम्र, दैनिक आहार आदि पर लगातार नजर रखनी चाहिए। स्वस्थ रहने के लिए पहली प्राथमिकता तो खुद जागरूक रहना है। जागरूक रहेंगे तो उस हिसाब से जीवन शैली भी हो जाएगी। कहा भी जाता है कि जागरूकता ही सबसे बड़ा बचाव है। इससे बेहतर और क्या हो सकता है कि किसी रोग को होने ही न दिया जाए। लक्षण दिखाई देते ही रोकथाम कर ली जाए। सरकार के स्तर से भी लोगों को जागरूक किया जाना चाहिए। हालांकि कई सरकारी कार्यक्रमों का संचालन किया भी जा रहा है। इसे और अधिक परिणामोन्मुख बनाने की जरूरत है।

**मोहम्मद गुफरान, उप मुखिया इचापीड़ी**

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, Jharkhand-835222, and Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. Editor- Fahim Akhtar. E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

# पिछले तीन साल में 22 युवा खिलाड़ियों को अवसर मिले

## –ईशान, सैमसन और सूर्यकुमार को छोड़कर बाकि विफल रहे

**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय टीम अक्टूबर से एकदिवसीय विश्वकप खेलेगी। इसको देखते हुए पिछले तीन साल में 22 युवा खिलाड़ियों को अवसर दिये गये हैं पर उनमें से अधिकतर विफल रहे। केवल तीन खिलाड़ी ही कुछ हद तक उम्मीद के अनुसार प्रदर्शन कर पाये। साल 2020 से 22 युवा खिलाड़ियों ने एकदिवसीय में पदार्पण किया था पर इनमें से अधितकर विफल रहे। इनमें से केवल तीन खिलाड़ी ईशान किशन, संजू सैमसन और सूर्यकुमार यादव ही विश्वकप की दौड़ में बने हुए हैं। इन खिलाड़ियों में ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या के बड़े भाई क्रुणाल पंड्या भी शामिल हैं। कुणाल ने अपने पहले ही एकदिवसीय में इंग्लैंड के खिलाफ अर्धशतक लगाया था पर वह उस प्रदर्शन को बनाये नहीं रख पाये। क्रुणाल पंड्या को पिछले 3 साल में 5 एकदिवसीय में अवसर मिला। इसमें उन्होंने एक अर्धशतक के सहारे 130 रन बनाए और बतौर बाएं हाथ के स्पिनर केवल 2 ही विकेट ले पाये। वहीं मयंक अग्रवाल ने 5 मैच में 86, दीपक हुडा ने 10 मैच में 153, पृथ्वी शॉ ने 6 मैच में 189, ऋतुराज गायकवाड़ ने 2 मैच में 27, नितीश राणा ने एक मैच में 7 और वेंकटेश अय्यर ने 2 मैच में 24 रन बनाए। इस प्रकार ये सभी बल्लेबाज विफल रहे।

वहीं गेंदबाजों में प्रसिद्ध कृष्णा को 14 एकदिवसीय खेलने का अवसर मिला। इसमें उन्होंने 25 विकेट लिए पर वह चोट के चलते लंबे समय के लिए बाहर हो गए थे। उनका भी विश्वकप में खेलना असंभव है। इसके अलावा शार्दुल ठाकुर भी दौड़ में बने हुए हैं। लेग स्पिनर राहुल चाहर ने एक मैच में 3 विकेट, तेज गेंदबाज आवेश खान ने 5 मैच में 3, लेग स्पिनर रवि बिश्नोई ने एक मैच में एक, कृष्णप्पा गौतम ने एक मैच में एक, कुलदीप सेन ने एक मैच में 2, बाएं हाथ के तेज गेंदबाज चेतक सकारिया ने एक मैच में जबकि अर्शदीप सिंह को 3 मैच में एक भी विकेट नहीं मिला।

वही अन्य खिलाड़ियों की बात करें तो युवा मुकेश कुमार ने हाल में हुए वेस्टइंडीज दौरे पर अच्छा प्रदर्शन किया पर अभी उन्हें अनुभव की कमी के कारण विश्कप के लिए शामिल नहीं किया जा सकता।




# वर्ल्ड चैंपियनशिप में भारतीय निशानेबाजों का कमाल, मिश्रित टीम एयर पिस्टल में गोल्ड मेडल जीता



**बाकू (अजरबेजान) (एजेंसी)।** निशानेबाज ईशा सिंह और शिवा नरवाल ने शुक्रवार को यहां आईएसएसएफ विश्व चैम्पियनशिप की 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीतकर भारतीय खेमे को खुश कर दिया। इस भारतीय जोड़ी ने स्पर्धा के फाइनल में तुर्की की इलायडा तरहान और यूसुफ डिकेच की जोड़ी को 16-10 से पराजित कर देश के पदकों की संख्या दो कर दी।

वहीं भारत इस समय एक स्वर्ण और एक कांस्य पदक जीतकर तालिका में दूसरे स्थान पर चल रहा है। जबकि चीन पांच स्वर्ण और दो कांस्य पदक से शीर्ष पर काबिज है। भारतीयों ने क्वालीफिकेशन दौर में शानदार प्रदर्शन किया। जिसमें ईशा ने 290 और नरवाल ने 293 अंक जुटाये। उनका कुल स्कोर 583 रहा जिससे उन्हें क्वालीफिकेशन दौर में शीर्ष पर रहने में मदद मिली और तुर्की की जोड़ी 581 के कुल स्कोर से दूसरे स्थान पर रही।

इसके साथ ही चीन और ईरान ने समान 580 अंक जुटाये लेकिन 'इनर 10' की बदौलत चीन तीसरे स्थान से फाइनल के लिए क्वालीफाई हुआ। पर भारत के राइफल निशानेबाजों ने 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में निराशाजनक प्रदर्शन किया और वे क्वालीफिकेशन चरण की बाधा भी पार नहीं कर सके। मेहुली घोष (316.0) और ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर (314.2) की जोड़ी ने कुल630.2 का स्कोर बनाया और क्वालीफिकेशन दौर में नौवें स्थान पर रहे। वहीं रमिता (313.7) और दिव्यांश सिंह पंवार (314.6) की दूसरी भारतीय जोड़ी कुल 628.3 का स्कोर बनाकर 77 टीमों में 17वें स्थान पर रही। प्रतियोगिता में शीर्ष चार टीमें ही फाइनल्स के लिए क्वालीफाई कर सकती हैं।

चीन के हुआंग युटिंग और शेंग लिहाओ की जोड़ी ने 632.7 अंक से क्वालीफिकेशन में शीर्ष स्थान हासिल क्वालीफाई किया। चीन की इस जोड़ी ने ईरान को 16-2 से हराकर स्वर्ण पदक जीता जबकि फ्रांस ने इस्राइल को 17-9 से पराजित कर कांस्य पदक हासिल किया। इससे चीन के पांच स्वर्ण पदक हो गये। महिलाओं की स्कीट स्पर्धा में परिनाज धालीवाल (118), गनेमत सेखों (118) और दर्शा राठौड़ (115) की टीम 351 अंक बनाकर कांस्य पदक जीतने वाली स्लोवाकिया (359) के बाद चौथे स्थान पर रही।

अमेरिका ने इस स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर खाता खोला जबकि इटली ने रजत पदक हासिल किया। भारत ने गुरुवार को पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में टीम कांस्य पदक जीता था।

# ऑस्ट्रेलिया को झटका, स्मिथ और स्टार्क दक्षिण अफ्रीका दौरे से बाहर हुए




**सिडनी (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम को दक्षिण अफ्रीका दौरे से पहले ही करारा झटका लगा है। उसके प्रमुख बल्लेबाज स्टीव स्मिथ और तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क घायल हो गये हैं। ऑस्ट्रेलियाई टीम को दक्षिण अफ्रीका दौरे में एकदिवसीय और टी20 सीरीज खेलनी हैं। आगामी विश्वकप को देखते हुए ये दौरा अहम माना जा रहा है। स्मिथ कलाई की चोट के कारण टी20 और एकदिवसीय दोनों ही सीरीज नहीं खेलेंगे। ऐसे में उनकी जगह एस्टन टर्नर को टी20 टीम में शामिल किया गया है जबकि मार्नस लैबुशेन को एकदिवसीय टीम में जगह मिली है। कप्तान पैट कमिंस पहले से ही घायल हैं जिससे टीम की मुश्किलें और बढ़ गयी हैं।

स्टार्क एशेज सीरीज के दौरान कमर में दर्द से परेशान थे। उनकी जगह पर बाएं हाथ के गैर अनुभवी तेज गेंदबाज स्पेंसर जॉनसन को टी20 और एकदिवसीय सीरीज के लिए भी टीम में शामिली किया गया है। वहीं ऑलराउंडर मिचेल मार्श को दक्षिण अफ्रीका दौरे में टी20 के साथ ही एकदिवसीय टीम का भी कप्तान बनाया गया है क्योंकि एकदिवसीय के नियमित कप्तान पैट कमिंस अभी फिट नहीं हुए हैं। उन्हें भी एशेज सीरीज के दौरान ही चोट लगी थी। वहीं क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के मुख्य चयनकर्ता चीफ सेलेक्टर जॉर्ज बेली ने कहा कि लंबी एशेज सीरीज और विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के फाइनल के कारण खिलाड़ियों पर काम का बोझ बढ़ गया था। ऐसे में विश्वकप को देखते हुए स्मिथ और स्टार्क को दक्षिण अफ्रीका दौरे से पहले फिट होने के लिए समय दिया गया है।

# विराट ने माना भारत-पाक मैच में होता है दबाव

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली आजकल एशिया कप की तैयारियों में लगे हैं। इस टूर्नामेंट में भारत-पाकिस्तान के बीच होने वाले मुकाबले को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह है। दोनो ही टीमें राजनीतिक तनाव के कारण द्विपक्षीय मुकाबले नहीं खेलतीं। इस कारण केवल आईसीसी मुकाबलों में ही आमने-सामने आती हैं। उसी को देखते हुए विराट ने कहा कि ने कहा है कि इस मुकाबले में जो रोमांच और दबाव का माहौल रहता है वह किसी और मुकाबले में नहीं मिल सकता है। एशिया कप में भारत-पाक के बीच तीन बार टक्कर हो सकती है। इसमें पहला मुकाबला 2 सितंबर को होगा। इन मुकाबलों में विराट का बल्ला जमकर चला है। इस



बल्लेबाज ने पाक के खिलाफ कई मैच विजेता पारियां खेली हैं। गत वर्ष हुए टी विश्व कप में इस खिलाड़ी ने पाक के खिलाफ जबरदस्त बल्लेबाजी की थी।

विराट ने एक कार्यक्रम के दौरान अपनी उसी को लेकर कहा कि किस प्रकार माहौल अलग हो जाता है। विराट ने कहा कि मैं इस तथ्य से दूर नहीं सकता कि बाहर का माहौल अन्य खेलों से बहुत अलग है। इसे आप नजरअंदाज नहीं कर सकते। साथ ही कहा कि एक खिलाड़ी के रूप में जब आप मैदान पर कदम रखते हैं तो यह बहुत अलग होता है। इसमें बाहर का तनावपूर्ण वातावरण आपको प्रभावित करता है। यह आपके लिए आनंद लेने और उत्साहित होने के लिए है। फिर यह सामान्य बात है।

वहीं भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली के अनुसार हाल के दिना में दोनो ही टीमों की प्रतिद्वंद्विता का स्तर कम हुआ है। गांगुली ने कहा कि मैदान के बाहर का माहौल पहले की तरह ही है पर दोनो टीमें के मुकाबले में पहले जैसी गुणवत्ता नहीं रही है।

# नेमार को सऊदी क्लब अरब अल हिलाल ने दी लक्जरी सुविधाएं

## –निजी यात्राओं के लिए मिलेगा विमान

**रियाद (एजेंसी)।** ब्राजील के स्टार फुटबॉलर नेमार को सऊदी अरब के क्लब अल हिलाल ने भारी भरकम वेतन के साथ ही कई लक्जरी सुविधाएं भी दी हैं। नेमार के साथ क्लब ने 8.10 अरब रुपए का अनुबंध किया है। इसके साथ ही उन्हें रहने के लिए भव्य घर के साथ ही तीन कारें और अन्य सभी सुविधाओं के साथ ही विमान भी मिलेंगे। हाल के दिनों में सउदी लीग के एक क्लब अल नासर ने पुर्तगाल के स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो को जोड़ा था।

नेमार को 100 मिलियन यूरो हर साल मिलेंगे। इसके साथ ही रहने के लिए 25 बैडरूम वाला घर होगा। जिसमें स्वीमिंग पूल के साथ ही अन्य सभी सुविधाएं रहेंगी। घर में काम करने के लिए हर समय 5 नौकर रहेंगे। उन्हें आने-जाने के लिए बेंटले कॉन्टिनेंटल , एस्टन मार्टिन डीबीएक्स और



लेम्बोर्गिनी हुराकैन जैसे कारें मिलेंगी। इस दौरान पूरे समय के लिए

ड्राइवर भी रहेंगे। वहीं छुट्टी के दिनों में वह किसी भी होटल, रेस्तरां और विभिन्न सेवाओं का मुफ्त में उपयोग कर सकेंगे। इसके साथ ही निजी यात्रा के लिए उन्हें हर समय विमान की सुविधा मिलेगी। इसके अलावा सऊदी अरब को बढ़ावा देने वाले प्रत्येक सोशल मीडिया पोस्ट के लिए भी उन्हें 500,000 यूरो दिए जाएंगे।

नेमार भी क्लब से जुड़ने के बाद से ही बेहद उत्साहित हैं। उन्होंने इसे रोमांचक बताया है। साथ ही कहा कि उन्हें यहां कई बेहतरीन खिलाड़ियों के साथ खेलने को मिलेगा। अन्य टीमों के शीर्ष गुणवत्ता वाले खिलाड़ियों से मिलना आपको रोमांचित करता है और आपको और भी बेहतर खेलने के लिए प्रेरित करता है। और जब आप रोनाल्डो, बेंजेमा, (रॉबर्टो) फिरमिनो का सामना करते हैं तो यह निश्चित है कि उत्साह और भी अधिक होता है। मुझे लगता है टीम में गुणवत्ता होना बहुत महत्वपूर्ण है। जाहिर है, यह आपके करियर के दौरान लिए गए कुछ निर्णयों में मदद करता है। यह निश्चित रूप से मेरे लिए था। मैं क्लब और अपने टीम साथियों के साथ सभी उद्देश्यों का पीछा करते हुए एक नई कहानी लिखने के लिए बहुत उत्साहित हूं। मैं यहां अधिक से अधिक खिताब जीतना चाहता हूं ताकि क्लब की महत्वाकांक्षा पूरी हो।

# बीसीसीआई से आने वाले पैसे से मिलता है पाक खिलाड़ियों को वेतन : शोएब अख्तर




लाहौर । पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर शोएब अख्तर ने एक अहम खुलासा करते हुए कहा है कि भारत से आने वाले पैसे से ही हमारे खिलाड़ी पलते हैं। शोएब के अनुसार भारतीय बोर्ड (बीसीसीआई) जो पैसा अंतरराष्ट्रीय बोर्ड (आईसीसी) को देता है। वहीं पैसा आईसीसी के राज्स्व बंटवारे के तहत पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को मिलता है। उसी पैसे से पीसीबी अपने घरेलू क्रिकेटरों को मैच फीस देती है। इस क्रिकेटर ने साथ ही कहा , इस बार विश्वकप सबसे अलग और रोमांचक होगा। इसका कारण है कि अब 50 ओवर क्रिकेट का भविष्य खतरे में दिख रहा है। मैं चाहता हूं कि भारत को इस विश्व कप से खूब पैसे मिले जिससे हमें भी अधिक हिस्सेदारी मिलेगी। इस पूर्व तेज गेंदबाज ने कहा कि कई लोग इस बात को खुलकर नहीं कहेंगे पर मुझे इसमें कोई हिचक नहीं है। मैं जानता हूं कि भारत से जो राजस्व आईसीसी को मिलता है उसी के अनुसार ये पाक को भी मिलता है। इस प्रकार देखा जाये तो भारतीय पैसे से ही हमारे क्रिकेटर पल रहे हैं। वहीं एशिया कप में भारत–पाक मैच को लेकर उन्होंने कहा, एक बार फिर भारतीय टीम पर दबाव होगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए भारतीय मीडिया जिम्मेदार है। वह मैच की हाइप पैदा कर टीम पर दबाव बना देता है। कई बार भारत की हार का कारण खिलाड़ियों में प्रतिभा की कमी नहीं बल्कि मीडिया का पड़ने वाला दबाव रहता है। गत वर्ष भी मीडिया ने भारतीय टीम पर जबरदस्त दबाव बनाया था। तब पूरे स्टेडियम को नीले रंग में रंग दिया गया था और कहा गया था कि भारतीय टीम आसानी से जीत जाएगी। इससे भारतीय खिलाड़ी दबाव में आ गये।

# विश्व चैंपियनशिप में दूसरे खिताब से एक जीत दूर अंतिम पंघाल, दो अन्य खिलाड़ी भी फाइनल में

**डसेलडोर्फ (एजेंसी)।** उदीयमान पहलवान अंतिम पंघाल सहित भारत के तीन खिलाड़ियों ने गुरुवार को यहां विश्व जूनियर कुश्ती चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बनाई जबकि हर्षिता कांस्य पदक के मैच में खेलेगी। एशियाई खेलों के ट्रायल्स के लिए विनेश फोगाट को चुनौती देने वाली गत चैंपियन पंघाल ने अभी तक के अपने तीनों मुकाबले आसानी से जीते।

पहली बार भारत की चार महिला पहलवान विश्व चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंची हैं। पंघाल के अलावा गुरुवार को सविता (62 किग्रा) और अंतिम कुंडू (65 किग्रा) ने भी अपने वजन वर्गों में फाइनल में जगह बनाई। प्रिया ने बुधवार को 76 किग्रा भार वर्ग के फाइनल में प्रवेश किया था। भारत की एक अन्य पहलवान हर्षिता सेमीफाइनल में हारने के कारण अब 72 किग्रा भार वर्ग में कांस्य पदक के लिए खेलेगी।

पंघाल ने फाइनल तक पहुंचने में केवल दो अंक गंवाए। उन्होंने पहले दौर में पोलैंड की निकोला मोनिका



विस्निवस्का को केवल 68 सेकंड में शिकस्त दी। इसके बाद उन्होंने चीन की जुएजिंग लियांग पर तकनीकी श्रेष्ठता के साथ जीत हासिल की। हिसार की इस पहलवान ने सेमीफाइनल में रूस की पोलिना लुकिना को पराजित किया। पंघाल अगर शुक्रवार को फाइनल में जीत दर्ज करती हैं तो वह दो विश्व खिताब जीतने वाली पहली महिला पहलवान बन जाएंगी।

अंतिम कुंडू ने 65 किग्रा भार वर्ग में दबदबा दिखाया। उन्होंने सेमीफाइनल में रूस की एकटेरिना कोशकिना को 7-5 से हराया। इससे पहले उन्होंने रोमानिया की मारिया मैग्डेलेना पेंटिरू को 7-2 से हराया और पोलैंड की एलिजा नोवोसैड को चित किया। अंडर 17 विश्व चैंपियन सविता ने 62 किग्रा भार वर्ग के क्वार्टर फाइनल में जापान की अनुभवी खिलाड़ी सुजु सासाकी को हराया। उन्होंने सर्बिया की डुंजा लुकिक पर आसान जीत के साथ शुरुआत की थी। सेमीफाइनल में उन्होंने फ्रांस की आइरिस मैथिल्डे थीबाक्स को हराया।

हर्षिता 72 किग्रा के सेमीफाइनल में तुर्की की बुकरेनाज सर्त से हार गई और अब वह कांस्य पदक के लिए खेलेगी। भारतीय खिलाड़ियों में केवल रीना 57 किग्रा भार वर्ग के शुरुआती दौर में हार गई। उनको हराने वाली यूक्रेन की अलीना फ़िलिपोविच ने फाइनल में जगह बना ली है और इस तरह से भारतीय खिलाड़ी के पास रेपशेज के जरिए पदक दौर में पहुंचने का मौका होगा।

# लतीफ ने इमरान की फुटेज हटाने के मामले में पीसीबी की जमकर आलोचना की

**कराची (एजेंसी)।** पाकिस्तान के पूर्व कप्तान राशिद लतीफ ने क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) की जमकर आलोचना की है। लतीफ ने कहा कि जिस प्रकार से पीसीबी ने इतिहास को दिखाने में पूर्व कप्तान इमरान खान की फुटेज को हटाया और वसीम अकरम की फुटेज को कम किया वह गलत है। इसके बाद पीसीबी ने जो तर्क दिये वह और भी दुखद हैं। पीसीबी ने शुरुआत में इमरान की पूरी फुटेज गायब कर दी थी पर बाद में अकरम के विरोध करने के बाद वापस डाली। पीसीबी ने इसके बाद अपनी ओर से जो तर्क दिये वह भी समझ से परे थे। उसने कहा कि वीडियो की अवधि को लेकर कुछ परेशानियां थीं जिसके कारण कुछ अहम क्लिप वीडियो में शामिल नहीं की गई थी। हालांकि पीसीबी ने जो बाद में वीडियो डाली गई थी। उसकी और बाद वाली वीडियो की अवधि तकरीबन सामान है। इसके अलावा वीडियो की अवधि को लेकर जो पीसीबी ने तर्क दिए थे वह सही नहीं निकले।

इसी को लेकर लतीफ ने कहा कि पीसीबी के जवाब को स्वीकार नहीं किया जा सकता है क्योंकि वीडियो को तकरीबन 48 घंटे के बाद संशोधित किया गया है। लतीफ ने कहा कि सोशल मीडिया और मीडिया में आलोचना होने के बाद ही ये सुधार किये गये जिससे पता चलता है कि पीसीबी ने ऐसा जानबूझकर किया। उन्होंने इसके साथ ही कहा कि पीसीबी का जो अकाउंट है उसके तहत वह यूट्यूब पर कितनी भी लंबी अवधि का वीडियो डाल सकता है। लतीफ



ने कहा, इसलिए पीसीबी के लिए अवधि को लेकर कोई परेशानी नहीं थी। इस प्रकार उसने अपनी गलती छुपाने के लिए गलत बयानबाजी की है।

# प्रतिबंध के खिलाफ अपील करेंगी दुती चंद

नई दिल्ली । एथलीट दुती चंद ने राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) के लगाये चार साल के प्रतिबंध के खिलाफ अपील करने का फैसला किया है। दुती पर ये प्रतिबंध नाडा की प्रतिबंधित पदार्थ की डोप जांच में विफल के बाद लगाया गया था। नाडा की रिपोर्ट के अनुसार इस एथलीट के पिछले साल दिसंबर में लिए गए दो नमूनों में



'अन्य एनाबोलिक एजेंट एसएआरएमएस' मौजूद थे, ये वाडा की 2023 प्रतिबंधित पदार्थों की सूची में शामिल हैं। ये नमूने पांच और 26 दिसंबर को लिए गए थे और दोनों ही एक समान पदार्थ के पॉजिटिव पाए गए थे। गौरतलब है कि 'एसएआरएमएस' (सलेक्टिव एंड्रोजन रिसेप्टर मोड्यूलेटर) ऐसे 'नॉन स्टेराइड' पदार्थ हैं, जिन्हें आमतौर पर आस्टियोपोरोसिस (हड्डी संबंधित बीमारी), एनीमिया (खून की कमी) और मरीजों में जख्मों से उबरने के लिए किया जाता है। दुती पर लगा प्रतिबंध इस साल 3 जनवरी से प्रभावी रहेगा और 5 दिसंबर 2022 को लिए गए पहले नमूने की इस तारीख से उनके सभी प्रतिस्पर्धी परिणामों को अलग कर दिया जाएगा। वहीं प्रतिबंध के खिलाफ अपील करने वाले दुती के वकील पार्थ गोस्वामी ने कहा कि यह खिलाड़ी अपने पूरे पेशेवर करियर में हमेंशा ही डोपिंग से दूर रही है और यह मामला इस पदार्थ के 'अनजाने में सेवन' करने का था। गोस्वामी ने कहा, 'यह मामला स्पष्ट तौर पर अनजाने में प्रतिबंधित पदार्थ के सेवन का है। हम इस पदार्थ का स्रोत भी स्पष्ट रूप से जान गये हैं।इस पदार्थ का इस्तेमाल कभी भी खेल में फायदा उठाने के लिए नहीं किया गया था।' उन्होंने कहा, 'हम अपील दायर करने की प्रक्रिया में हैं और हमें उम्मीद है कि हम अपीलीय पैनल को यह बात समझाने में सफल रहेंगे।' दुती और उनके वकील ने नाडा के डोपिंग रोधी अनुशासनात्म पैनल दुती से यह भी कहा कि यह खिलाड़ी 'हाइपरएंड्रोजनिक' से पीड़ित थी, जिसके कारण उनके 'पेट में काफी तेज दर्द' था जिसके लिए उन्होंने दवा ली थी। उसी दौरान प्रतिबंध प्रदार्थ दवा के जरिये उनके शरीर में आ गया।

# अमेरिकी ओपन में पुरुष और महिला खिलाड़ियों के लिए होगी एक समान गेंद



न्यूयॉर्क। अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में इस साल पुरुष और महिला खिलाड़ियों के लिए एक समान गेंद का उपयोग किया जाएगा जो उन महिला खिलाड़ियों के लिए अच्छी खबर है जिन्होंने पिछले साल उपयोग में लाई गई गेंद को घटिया करार दिया था। विश्व में नंबर एक खिलाड़ी और पिछले साल की चैंपियन इगा स्वियातेक उन महिला खिलाड़ियों में शामिल थी जिन्होंने महिला वर्ग में उपयोग लाई जा रही गेंद को पुरुष वर्ग की गेंद की तुलना में हल्का करार दिया था। अमेरिकी ओपन चारों ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में अकेला टूर्नामेंट है जिसमें पुरुष और महिला वर्ग के लिए अलग–अलग गेंदों का उपयोग किया जाता रहा है। अमेरिकी ओपन की टूर्नामेंट निदेशक स्टेसी एलास्टर ने पिछले साल कुछ खिलाड़ियों से उनकी राय जानी थी। इन खिलाड़ियों ने हल्की गेंद के बजाय भारी गेंद का समर्थन किया था। वर्ष का यह आखिरी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट फ्लशिंग मीडोज में हार्ड कोर्ट पर खेला जाता है और टेनिस की गेंद बनाने वाले विल्सन के अनुसार इस तरह के कोर्ट के लिए भारी गेंद आदर्श होती है। एलास्टर ने कहा, 'अगर डब्ल्यूटीए गेंद में बदलाव चाहता है तो फिर हमें कोई परेशानी नहीं है। विल्सन महिलाओं के लिए भी वैसी गेंद तैयार करेगा जैसा डब्ल्यूटीए चाहता है। इसमें कोई अतिरिक्त लागत नहीं लगेगी।'

# 90 मीटर की दूरी पार करने के करीब हूं, विश्व चैम्पियनशिप से पहले बोले नीरज चोपड़ा

## –नीरज चोपड़ा की विश्व चैम्पियनशिप में गोल्ड मेडल जीतने पर निगाहें


**बुडापेस्ट(एजेंसी)।** भारत के भाला फेंक के स्टार खिलाड़ी और ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा पिछले कुछ समय से 90 मीटर की दूरी पार करने का प्रयास कर रहे हैं और उन्होंने कहा कि वह यह लक्ष्य हासिल करने के करीब हैं और उन्हें इसके लिए केवल अनुकूल परिस्थितियों की जरूरत है। तोक्यो ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता चोपड़ा पिछले साल 90 मीटर की दूरी तक भाला फेंकने के बेहद करीब पहुंच गए थे। तब उन्होंने स्टॉकहोम में डायमंड लीग प्रतियोगिता में 89.94 मीटर भाला फेंका था।

चोपड़ा ने कहा, 'निश्चित तौर पर मैं इस लक्ष्य के करीब हूं। मुझे बस एक अच्छे दिन की जरूरत है जिसमें मौसम की परिस्थितियां अनुकूल हों। मुझे विश्वास है कि मैं यह लक्ष्य हासिल करने में सफल रहूंगा।' यह स्टार खिलाड़ी यहां विश्व चैंपियनशिप में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेगा। उन्होंने कहा कि वह उनसे लगाई जा रही उम्मीदों से निपटने के आदी हो चुके हैं। चोपड़ा ने कहा, 'मैं दबाव झेलने का आदी हो चुका हूं। हालांकि जब मैं हर दो या चार साल में होने वाली प्रतियोगिताओं (जैसे विश्व चैंपियनशिप और ओलंपिक) भाग लेता हूं तो निश्चित तौर पर जिम्मेदारी का बोध रहता है।'

उन्होंने कहा, 'लेकिन मैं हमेशा अपना शत-प्रतिशत देता हूं और अपने प्रदर्शन पर पूरा ध्यान लगाता हूं। पहले कुछ चीजें मुझ पर हावी हो जाती थी लेकिन धीरे-धीरे मुझे इनकी आदत पड़ गई।' चोपड़ा ने 30 जून को 87.66 मीटर भाला फेंक कर लगातार दूसरी बार प्रतिष्ठित डायमंड लीग का खिताब जीता था लेकिन वह अभी तक 90 मीटर की दूरी तक नहीं पहुंच पाए हैं।

उन्होंने कहा, 'प्रतियोगिताओं में भाग लेना और दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के सामने शीर्ष स्तर पर प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखना चुनौतीपूर्ण है। इस साल के शुरू में मैं बहुत अच्छी तरह से तैयार था लेकिन इसके बाद मैं चोटिल हो गया जिसके कारण मुझे कुछ प्रतियोगिताओं से हटना पड़ा।' चोटिल होने के कारण एक महीने तक बाहर रहने वाले चोपड़ा ने कहा, 'इसके बाद मैंने लुसाने डायमंड लीग में वापसी की जहां मेरा प्रदर्शन अच्छा रहा। इसके बाद से सब कुछ अच्छा हो रहा है तथा मैं अपने प्रदर्शन और अभ्यास से खुश हूं।'

उन्होंने कहा, 'मेरे लिए सबसे महत्वपूर्ण चुनौतियों के लिए मानसिक रूप से तैयार होना है क्योंकि विश्व चैंपियनशिप करीब है और मैं उसमें अच्छा प्रदर्शन करना चाहता हूं।' चोपड़ा ने कहा, 'मैं अपने दिमाग में किसी खास दूरी या पदक को लक्ष्य लेकर नहीं जा रहा हूं। मैं नहीं चाहता कि जब मैं वहां प्रतिस्पर्धा में भाग लूं तो मेरे दिमाग में चोट का डर या कोई अन्य चीज रहे। मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहता हूं और अगर ऐसा होता है तो मैं पहले से बेहतर प्रदर्शन के साथ वापस लौटूंगा।'






# बॉक्स ऑफिस पर लगातार धूम मचा रही गदर

सनी देओल अभिनीत और अनिल शर्मा निर्देशित गदर-2 को लेकर यह तो तय नजर आ रहा था कि यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सफल होगी लेकिन यह अनिल शर्मा और सनी देओल के करियर की सबसे बड़ी फिल्म बन जाएगी इसकी उम्मीद कुछ कम थी। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर लगातार धूम मचा रही है। एक अरसे बाद सिनेमाघरों के बाहर हाउसफुल के बोर्ड नजर आ रहे हैं। दर्शक इस फिल्म को जबरदस्त एंजॉय कर रहे हैं। बीते 11 अगस्त को प्रदर्शित हुई गदर-2 स्वतंत्रता दिवस सप्ताह में बॉक्स ऑफिस पर नया इतिहास रच दिया है। कल 15 अगस्त के दिन गदर-2 ने बॉक्स आफिस पर 60 करोड़ का कारोबार करते हुए पांचवें दिन के कारोबार का एक नया बैंच मार्क स्थापित किया है।


थिएटर्स में सनी देओल (तारा सिंह) के संवाद और एक्शन सीन लोगों को सीटियां बजाने पर मजबूर कर रहे हैं।गदर-2 की सफलता ने देश के उन सिनेमाघरों में फिर से रौनक लौटाने में सफलता प्राप्त की है जिन्हें सिंगल स्क्रीन के तौर पर जाना जाता है। इन मास एंटरटेनर फिल्मों ने छोटे शहरों के दर्शकों को सिंगल स्क्रीन थिएटर तक खींचकर लाने का काम किया है।

गदर 2 सिंगल स्क्रीन समेत एग्जीबिशन सेक्टर को ऑक्सीजन देने वाली फिल्म साबित हुई है। यह एक मास बेस्ड फिल्म है, जो एक अरसे बाद बनी है, वहीं पिछले कुछ सालों से कंटेंट ड्रिवेन सिनेमा बना रहा है। मास फिल्में ही ऑडिएंस को घर से निकाल सिनेमाघर लाती हैं। वो आ नहीं रही थीं तो ऑडिएंस भी सिनेमाघरों में नहीं आ रहीं थी। ऐसे में जब केजीएफ, केजीएफ-2, पुष्पा और पठान जैसी फिल्में आईं तो फिर से ऑडियंस ने सिनेमाघरों का रुख किया था।

इन एक्शन फिल्मों के अलावा जब तू झूठी मैं मक्कार' और रॉकी रानी की प्रेम कहानी' को मास ऑडिएंस के मद्देनजर बनाया और रिलीज किया गया तो हमें 100 करोड़ क्लब वाली फिल्में मिलीं। बहरहाल हम बात करते हैं फिल्म की 5वें दिन की कमाई की। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार मंगलवार को 'गदर 2' ने देशभर में लगभग 60 करोड़ रुपए का कारोबार किया है। हालांकि अभी तक इसके आधिकारिक आंकड़े जारी नहीं किए गए हैं।

इसके साथ ही फिल्म ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर अभी तक 234 करोड़ रुपए का बिजनेस कर लिया है। फिल्म ने 11 अगस्त को रिलीज के पहले दिन 40 करोड़, दूसरे दिन 43 करोड़, तीसरे दिन 52 करोड़ तथा चौथे दिन 39 करोड़ का कलेक्शन किया।सनी 66 साल की उम्र में भी वही जोश-खरोश दिखाने में सफल रहे जो उन्हें 22 साल पहले 'गदर' में दिखाया था। अमीषा पटेल, उत्कर्ष शर्मा, सिमरत कौर, मनीष वाधवा सहित अन्य कलाकार भी अपने किरदार के साथ न्याय करने में कामयाब हुए।

# वरुण धवन के साथ एटली की फिल्म में नजर आयेंगी वामिका



बालीवुड अभिनेत्री वामिका गब्बी फिल्म निर्माता एटली की अपकमिंग हिंदी प्रोडक्शन में नजर आएंगी, जिसमें वरुण धवन भी हैं। वर्तमान में अपकमिंग प्रोजेक्ट का टाइटल तय नहीं हो पाया है। फिलहाल, इसे हैशटैग वीडी18 के नाम से जाना जाता है और यह 31 मई, 2024 को रिलीज होने वाली है।

एक्ट्रेस ने कहा, मैं इस प्रोजेक्ट का हिस्सा बनकर रोमांचित और आभारी हूं। वरुण और कीर्ति सुरेश के साथ काम करने का अवसर निश्चित रूप से कुछ ऐसा है जिसका मैं इंतजार कर रही थी। मैं फुल कर्मिशियल हिंदी प्रोजेक्ट की तलाश में थी और यह बस इतना ही है। मैं मुराद सर और एटली के साथ काम करने और सहयोग करने के लिए वास्तव में उत्साहित हूं। ग्रहण, माई और हाल ही में रिलीज हुई जुबली में शानदार परफॉर्मेंस के साथ इंडस्ट्री में अपनी योग्यता साबित करने के बाद, वामिका इस प्रोजेक्ट के लिए पूरी तरह तैयार हैं। समीक्षकों द्वारा प्रशंसित फिल्म की के लिए फेमस टैलेंटेड स्क्रीनराइटर कलीज द्वारा लिखित, यह फिल्म एक रोमांचक सिनेमाई एक्सपीरियंस देने का वादा करती है। शानदार कलाकारों और सम्मोहक कहानी के ऐसे पावर-पैक कॉम्बिनेशन के साथ, हैशटैग वीडी18 साल 2024 की सबसे सफल फिल्मों में से एक होने की उम्मीद है। इसके अलावा, वामिका वर्तमान में बुडापेस्ट की अगली फिल्म की शूटिंग में बिजी हैं, और वह विशाल भारद्वाज की पहली ओटीटी सीरीज चार्ली चोपड़ा एंड द मिस्ट्री ऑफ सोलंग वैली और नेटफ्लिक्स के साथ विशाल भारद्वाज द्वारा निर्देशित फिल्म खुफिया में तब्बू सह-कलाकार हैं, का इंतजार है। उन्होंने हिंदी फिल्म जब वी मेट में एक छोटी सी भूमिका के साथ स्क्रीन पर अपनी शुरुआत की। लेकिन उन्हें बड़ी सफलता यो यो हनी सिंह और अमरिंदर गिल के साथ फिल्म तू मेरा 22 मैं तेरा 22 (2013) से मिली। फिर उन्होंने इश्क ब्रांडी (2014), निक्का जैलदार 2 (2017), परहुना (2018), दिल दियां गल्लां (2019) और निक्का जैलदार 3 (2019) जैसी कई पंजाबी फिल्मों में अभिनय किया।वामिका ने पंजाबी, हिंदी, तमिल, मलयालम और तेलुगु फिल्मों में काम किया है।

# आखिरकार अर्जुन कपूर ने दे ही दिया मलायका अरोड़ा से ब्रेकअप होने का हिंट!



अर्जुन कपूर और मलायका अरोड़ा काफी लंबे समय से रिलेशनशिप में है लेकिन अभी तक दोनों ने शादी नहीं की। शादी के बारे में कई बार दोनों से सवाल किया गया लेकिन अर्जुन ने अपने निजी जीवन के बारे में सवाल पूछने से इंकार कर दिया और मलाइका ने प्यार का डीप अर्थ शादी नहीं होता है, ये समझा दिया। 2017 में मलाइका अरोड़ा का अरबाज खान से तलाक हो गया था। दोनों के तलाक के कई कारण थे लेकिन एक कारण मलाइका और अर्जुन कपूर की नजदीकियां भी था। दोनों ने अपने प्यार का इजहार भले ही 2019 में इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर करके किया हो लेकिन 19 साल की मलाइका की शादी के टूटने के पीछे ये रिश्ता भी कारण था। अब लग रहा है कि 6 साल के इस रिश्ते को भी किसी की नजर लग गयी है। सोशल मीडिया पर अर्जुन कपूर की ताजा तस्वीरों ने इस अफवाह को बल दे दिया है कि दोनों का ब्रेकअप हो गया है।

अभिनेता द्वारा अपनी एकल छुट्टियों की तस्वीरें साझा करने के बाद अर्जुन कपूर और मलायका अरोड़ा के अलगाव की खबरें एक बार फिर सुर्खियां बटोर रही हैं, और ऐसी जोरदार चर्चा है कि अर्जुन कपूर ने अपनी प्रेमिका से नाता तोड़ लिया है। ऐसे कई लोग हैं जो सोच रहे हैं कि क्या अर्जुन और मलायका ने अपने रिश्ते को खत्म करने का फैसला किया है। इन अफवाहों के जोर पकड़ने के बाद सोशल मीडिया का एक दूसरा वर्ग बोला कि जरुरी नहीं है कि सोलो तस्वीर शेयर करने का मतलब ब्रेकअप हो जाना नहीं होता है क्योंकि अभिनेता एक स्वतंत्र जीवन भी जीते हैं और उन्हें अकेले यात्रा करने की भी आजादी है।अर्जुन और मलायका के ब्रेकअप की अफवाहें इंटरनेट पर जंगल की आग की तरह फैल रही हैं, एक अंदरूनी सूत्र ने बॉलीवुडलाइफ को विशेष रूप से बताया, 卐अर्जुन और मलायका इन लगातार अफवाहों पर खूब हंस रहे हैं, और वह नहीं जानते कि इस पर कैसे प्रतिक्रिया दें।卐 अटकलें लगाई जा रही हैं क्योंकि लोग बहुत जल्दी निष्कर्ष पर पहुंच जाते हैं और अपना फैसला सुना देते हैं, और इसलिए उन दोनों ने अपने रिश्ते के आसपास अनावश्यक बकबक पर ध्यान नहीं देने का फैसला किया है।'

अर्जुन कपूर को अक्सर सोशल मीडिया पर मलायका अरोड़ा के साथ स्नेह भरी तस्वीरें पोस्ट करते हुए देखा जाता है। हालाँकि, उन्होंने हाल ही में अकेले छुट्टियों पर जाकर हलचल मचा दी। Reddit पर पोस्ट करते हुए, एक उपयोगकर्ता ने इस बात पर प्रकाश डाला कि अभिनेता अकेले ही सप्ताहांत पर एकांतवास पर निकले हैं। उसी समय, मलायका मुंबई में अपनी फिल्मांकन प्रतिबद्धताओं में व्यस्त थीं। कैरोसेल की शुरुआती स्लाइड में अर्जुन कपूर अपने हाथों में एक कटोरा पकड़े हुए लैपटॉप को देखने में तल्लीन हैं। तस्वीरों में से एक में अर्जुन को स्विमिंग पूल में आनंद लेते हुए कैद किया गया है। अंतिम स्लाइड में जिम जैसे इनडोर सेटअप में वर्कआउट के दौरान पसीना बहाते हुए अर्जुन के समर्पण को दर्शाया गया है। वर्कफ्रंट की बात करें तो अर्जुन कपूर आखिरी बार फिल्म कुत्ते में नजर आए थे। वह भूमि पेडनेकर के साथ द लेडी किलर में नजर आएंगे। वह भूमि पेडनेकर और रकुल प्रीत सिंह के साथ एक अन्य अनाम परियोजना में भी दिखाई देंगे।

# फिल्म ड्रीम में पहली बार एक साथ नजर आयेंगे आयुष्मान और अनन्या

बालीवुड एक्टर आयुष्मान खुराना और अनन्या पांडे की फिल्म ड्रीम गर्ल-2 25 अगस्त को रिलीज होने वाली है। लोग इसकी रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। आयुष्मान खुराना ने अपनी फिल्म का नया पोस्टर शेयर करते हुए लोगों का एक्साइटमेंट बढ़ा दिया है। ड्रीम गर्ल 2 के नए पोस्टर में आयुष्मान खुराना के पूजा वाले अवतार में नजर आ रहे हैं। बताते चलें कि फिल्म ड्रीम गर्ल 2 में पहली बार आयुष्मान खुराना और अनन्या पांडे काम करने जा रहे हैं।फिल्म के ट्रेलर से आयुष्मान खुराना ने नया पोस्टर शेयर किया जो लोगों को ध्यान खींच रहा है। फिल्म ड्रीम गर्ल 2 के नए पोस्टर में आप देख सकते हैं कि आयुष्मान खुराना पूजा के अवतार में कार के बोनट पर खड़े नजर आ रहे हैं और फिल्म की बाकी स्टारकास्ट उन्हें नीचे से निहार रही है। आयुष्मान खुराना ने फिल्म के नए पोस्टर के साथ लिखा है, ट्रैफिक जाम होने वाला है, क्योंकि पूजा आने वाली है।

ड्रीम गर्ल 2 ड्रीम गर्ल 2 सिनेमाघरों में 25 अगस्त को रिलीज होगी। आयुष्मान खुराना की फिल्म ड्रीम गर्ल साल 2019 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और इसने लोगों को जमकर एंटरटेन किया था। फिल्म ड्रीम गर्ल का डायरेक्शन राज शांडिल्य ने किया था और इस फिल्म का निर्देशन भी राज शांडिल्य ने किया है। अब फिल्म ड्रीम गर्ल 2 सिनेमाघरों में 25 अगस्त को रिलीज होने वाली है।





# 24 नवंबर को होगी रिलीज होगी डेविल- द ब्रिटिश सीक्रेट एजेंट

दक्षिण के लोकप्रिय अभिनेता नंदामुरी कल्याण राम ने अपनी आगामी फिल्म डेविल- द ब्रिटिश सीक्रेट एजेंट की रिलीज डेट की घोषणा कर दी है। अथानोक्कडे, हरे राम 118 और बिम्बिसार जैसी अन्य फिल्मों से पहचान बनाने वाले इस अभिनेता की यह फिल?म 24 नवंबर को रिलीज होगी।

बताया जा रहा है कि नवीन मेडाराम द्वारा निर्देशित यह फिल्म भारत की स्वतंत्रता से पहले की कहानी पर आधारित है। जब 1945 में द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान ब्रिटिश राज अंत के करीब था। यह फिल्म उस क्षेत्र पर आधारित है जिसे उस समय मद्रास प्रेसीडेंसी के नाम से जाना जाता था। इस फिल?म में नंदमूरि कल्याण राम एक ब्रिटिश जासूस की भूमिका निभा रहे हैं। फिल्म के अधिकांश विवरण पूरी तरह से गुप्त रखे गए हैं, निर्माताओं की ओर से कुछ विवरण सामने आए हैं, जिसमें कहा गया है कि फिल्म अतीत के धागों को वर्तमान से जोड़ेगी। डेविल-द ब्रिटिश सीक्रेट एजेंट को तमिल, हिंदी, कन्नड़ और मलयालम जैसी अन्य भाषाओं में भी रिलीज किया जाएगा।

यह फिल्म आने वाले बड़े बजट के तेलुगू एक्शन फीचर की श्रृंखला में एक और इजाफा है, जिसमें प्रभास का सलार पार्ट 1 भी शामिल है।जुलाई में फिल्म का टीजर जारी किया था, जिसमें फिल्म की एक बहुत ही दिलचस्प झलक दिखाई गई थी, लेकिन कहानी के बारे में कुछ भी नहीं बताया गया था। इससे केवल यह पता चला कि कल्याण राम के चरित्र का कोडनेम डेविल है और वह अनिवार्य रूप से एक सुपर जासूस है, जिसका उपयोग ब्रिटिश राज सरकार केवल सबसे बड़े मामलों के लिए करती है। फिल्म में अभिनेत्री संयुक्ता मेनन मुख्य भूमिका निभाएंगी।